रांची का तापमान
| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 24.0° | अधिक. 26.0° |
| न्यून. 17.0° | न्यून. 19.0° |

रांची, शनिवार
22 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 49, पृष्ठ-12

चैत्र कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 12

₹ 81500 10 ग्राम

₹ 102000 01 किलो


| संसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,905.51 | 85.972 |
| +557.45 | -0.348 |

माह-ए-रमजान

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 6:03 | 4:31 |
| 22 मार्च | 23 मार्च |

# आईपीएल 2025 का भव्य आगाज आज से

1. नया सीजन नए रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार
2. आगाज 22 मार्च और इसका समापन 25 मई को होगा
3. पहले दिन का मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होगा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आगाज 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले के साथ होने जा रहा है। इस सीजन से पहले हुए मेगा ऑक्शन के बाद कई टीमों का संयोजन और कप्तान बदल चुके हैं और सभी टीमें एक बार फिर से दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित टी20 लीग की ट्रॉफी जीतने के लिए दमखम दिखाएंगी। आईपीएल 2025 को भारत में टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखा जा सकता है। यह मुकाबले हिंदी और इंग्लिश के अलावा स्टार स्पोर्ट्स चैनल पर कई क्षेत्रीय भाषाओं में देखे जा सकते हैं। डिजिटल स्ट्रीमिंग की बात करें तो जियोहॉटस्टार पर इन मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग देखी जा सकती है।

आईपीएल 2025 के मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू हो जाएंगे। टॉस का समय शाम 7 बजे होगा। वहीं, डबल हेडर पर होने वाले मैचों में दिन के मुकाबलों का समय दोपहर 3 बजकर 30 मिनट और टॉस का समय दोपहर 3 बजे होगा। आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च, 2023 को होगा और इसका समापन 25 मई, 2025 को होगा। सीजन में 10 टीमों के बीच भारत में 13 जगहों पर कुल 74 मैच खेले जाएंगे।

शेष पेज 11 पर

## एमएस धोनी के नाम है कुछ खास रिकॉर्ड्स

इससे पहले 2008 में बैंडन मैकुलम ने 73 गेंदों पर नाबाद 158 रन बनाए थे, जो अब लीग के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो 2020 के सीजन में केएल राहुल ने 69 गेंदों पर 132 रनों की नाबाद पारी खेली थी, जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर है। गेंदबाजी की बात करें तो आईपीएल 2025 में तीन दिग्गजों की उपस्थिति देखने को मिलेगी जो 200 विकेटों के क्लब में शामिल हो सकते हैं। अब तक युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में सर्वाधिक 205 विकेट लिए हैं। आईपीएल 2025 में भुवनेश्वर कुमार (181 विकेट), सुनील नरेन (180 विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (180 विकेट) के पास 200 विकेटों के खास क्लब में शामिल होने का अच्छा मौका है। वहीं, सर्वाधिक मैचों की बात करें तो भारत के तीन दिग्गजों के नाम यह रिकॉर्ड है। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 264 मैच खेले हैं।

## एक नजर

### आदिवासी संगठनों का रांची बंद आज

**रांची।** रांची के सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप विवाद को लेकर आदिवासी संगठनों ने 22 मार्च को रांची बंद का अह्वान किया है। इस दिन संगठन के सदस्य सुबह से ही सड़क पर उतरकर चक्का जाम करके राजधानी को बंद करवायेंगे। हालांकि आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों, अस्पताल संचालकों, दवा दुकान के कर्मियों, एबुलेंस चालकों और मरीजों को इस बंद से मुक्त रखा गया है। बंद का समर्थन करने वाले लोगों ने भी इसे सफल बनाने के लिए राजधानीवासियों से सहयोग की अपील की है। आदिवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरना स्थल के पास से रैंप नहीं हटाया गया तो कोर्ट में जाने की बात कही है।

### छड़ लदे ट्रैक्टर पलटने दो मजदूरों की हुई मौत

**सरैयाहाट (दुमका)।** दुमका जिले के सरैयाहाट गादीझोपा मुख्य सड़क पर चंपागढ़ के पास छड़ लदा ट्रैक्टर पलटने से दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे की है. गादीझोपा गांव के हीरा चौधरी के ट्रैक्टर पर छड़ लोड कर ये लोग सरैयाहाट जा रहे थे। इसी क्रम में चंपागढ़ के समीप अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर एक गहरी खाई में पलट गया. इस घटना में ट्रैक्टर पर बैठे दो युवक गिर गये और नीचे दब गई। इससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी. घटना के बाद चालक (ड्राइवर) फरार हो गया। ट्रैक्टर पलटने की जोरदार आवाज सुन कर आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों व वहां से

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

# राज्य की स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी बेहतर : मुख्यमंत्री




- बीमारियों की पहचान और उसके समुचित इलाज के लिए पूरे राज्य का हेल्थ रि पोर्ट कार्ड बनाने की है जरूरत

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** जीवन शैली में बदलाव, रहन-सहन, खान -पान, पर्यावरण और जेनेटिक कारणों से आज डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। हर घर में कमोबेश ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही है। अगर हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क नहीं हुए, तो ऐसी बीमारियां हमारी जिंदगी के लिए खतरा बन सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ की ओर से आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिसीज थ्रू हेल्दी डाइट्स पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

शेष पेज 11 पर

### राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग बीमारियां व्याप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई ऐसे हिस्से हैं, जहां लोगों में विशेष तरह की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती है। सिमडेगा जैसे जिलों में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम है, तो साहिबगंज और संथाल के हिस्सों में कालाजार का प्रभाव ज्यादा है। ऐसी और भी कई बीमारियां हैं, जो क्षेत्र विशेष में विशेष रूप से लोगों को हो रही है। ऐसे में क्षेत्र विशेष तथा वहां व्याप्त बीमारियों को चिन्हित कर उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है, ताकि उन इलाकों में रहने वाले लोगों और उनकी आने वाली पीढ़ियां को ऐसी बीमारियों से बचाया जा सके।

### जीवन शैली में बदलाव की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जिंदगी के लिए खतरनाक बनती जा रही कैंसर और हृदय रोग जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाने के साथ खान- पान में हेल्दी डायट्स के इस्तेमाल एवं ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियों (फिजिकल एक्टिविटीज) पर फोकस करने की जरूरत है। अगर हम लापरवाही बरतते हैं तो आगे चलकर ऐसी बीमारियों के इलाज में काफी खर्च करना पड़ सकता है, वहीं पूर्ण स्वस्थ होने की गारंटी भी नहीं दी जा सकती है।

### हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तरह-तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही है। ये बीमारियां कैसे और किन लोगों को अपनी चपेट ले रही है, इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर विशेष जोर है, ताकि बीमारी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है, ताकि लोगों को होने वाली बीमारी की पहचान के साथ उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

### खान-पान में मिलेट्स का करें उपयोग, जंक फूड्स से रहें दूर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई-नई बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इसके पीछे कहीं ना कहीं सबसे बड़ी वजह हमारा खान-पान है। आज ज्यादा से ज्यादा जंक फूडस का इस्तेमाल बच्चों को बीमार बना रहा है और आगे चलकर उन्हें कई गंभीर बीमारियां भी हो रही है। अगर हमें अपने को स्वस्थ रखना है, तो अपने खान-पान में लोकल इंडिजिनस फूड्स ( मिलेट्स) लेना होगा। बच्चों को जंक फूड्स की बजाय हेल्दी डाइट्स दें। आज हमें अपने फूड हैबिट्स में बदलाव लाना बेहद जरूरी है।

## चतरा में जुड़वा बच्चों के साथ आग में जिंदा जली महिला

**चतरा।** जिले में जुड़वा बच्चों के साथ एक महिला आग में जिंदा जल गई। हादसे का कारण पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी है। मृतका हादसे के वक्त घर पर अकेली थी। उसका पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। इस हादसे से गांव में शोक की लहर है। चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र की घोड़दौड़ पंचायत के करिहारा गांव में शुक्रवार को एक महिला की अपने तीन माह के जुड़वे बच्चों के साथ जलकर मौत हो गई। महिला करिहारा गांव की दिलीप यादव की पत्नी शिवी देवी (22 वर्ष) थी। घटना की खबर सुनकर गांववाले मृतका के घर पहुंचे। इस हादसे से माहौल गमगीन हो गया था। हादसे की वजह का पता नहीं लग सका है। आग में जलकर तीन लोगों की मौत की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली

शेष पेज 11 पर

## झारखंड विधानसभा में आपस में इरफान और सुदिव्य उलझे

- टोकने पर इरफान अंसारी ने कहा- हर बात में फुदकते रहते हैं

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान शुक्रवार को उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति बन गई, जब सत्तापक्ष के ही दो सदस्य आपस में उलझ गए और बहस करने लगे। यह घटना उस वक्त हुई जब स्वास्थ्य मंत्री एक कांग्रेस विधायक द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, इसी दौरान संसदीय कार्यमंत्री ने बीच में खड़े होकर उन्हें ठीक से जवाब देने की सलाह दी तो स्वास्थ्य मंत्री को बुरा लग गया और उन्होंने कहा कि वे हर बात में फुदकने लगते हैं। यह मामला झारखंड सरकार के दो मंत्रियों स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और संसदीय कार्यमंत्री व नगर विकास विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के बीच का है, जो कि आपस में बहस करने लगे। इस बीच सदन का माहौल पूरी तरह से गरमा गया। दरअसल कार्यवाही के दौरान कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रदीप यादव ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से सवाल पूछा था। इसके बाद जब अंसारी जवाब दे रहे थे तो नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू अचानक बीच में खड़े हो गए और कुछ कह दिया।

इसी बात पर अंसारी नाराज हो गए और उन्होंने उन पर कटाक्ष करते हुए कहा- 'यह मेरा और प्रदीप जी का मामला था

शेष पेज 11 पर

## मंत्री राधाकृष्ण किशोर बेहतर इलाज के लिए गए दिल्ली, सीएम ने किया विदा

### ऑर्किड अस्पताल में थे भर्ती, खांसी की थी शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार को विशेष विमान से नई दिल्ली ले जाया गया। इससे पहले रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के स्टेट हैंगर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। बुधवार की रात वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की तबीयत अचानक खराब हो गयी थी। खांसी की शिकायत के बाद उन्हें ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया था,



जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। इसके बाद उन्हें नयी दिल्ली ले जाया गया।

शेष पेज 11 पर

### छाती रोग विशेषज्ञ की निगरानी में थे मंत्री

रांची के ऑर्किड अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ओपीडी के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ निशीथ कुमार की निगरानी में थे। अस्पताल में एडमिट कराने के बाद उनकी छाती का सीटी स्कैन किया गया था। इसमें हल्का इंफेक्शन पाया गया था। उन्हें पल्मोनोलॉजी विभाग में रखा गया था। इसके बाद आज शुक्रवार को मंत्री विशेष विमान से बेहतर इलाज के लिए नयी दिल्ली रवाना हुए।

## इंडिया: पारिवारिक शांति के लिए सेवानिवृति की प्लानिंग जरूरी


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक समय था जब सेवानिवृत्ति पेंशन व परिवार, विशेषकर बच्चों से देखभाल की उम्मीद पर लोग टिके रहते थे कि सब ठीक ठीक होगा पर इधर नौकरी और पेंशन के नियम बदले हैं और साथ ही शहरों में रहने वाले लोग बढ़े हुए खर्च के कारण कई बार मां बाप की चाहकर भी सही देखभाल नहीं कर पाते । आज के दौर में सेवानिवृत्ति एक ऐसा लक्ष्य है जिस पर हम सभी की तैयारी और जानकारी जरूरी है। कामकाजी जीवन में बदलावों को देखते हुए, यह जानना कि कब सेवानिवृत्त होना है, थोड़ी भ्रमित करने वाली बात बन जाती है। रिटायर होने की उम्र तब होती है जब कोई 60 साल का हो जाए। लेकिन ऐसे कई संगठन हैं जो आपको 55 या 58 साल की उम्र में रिटायर कर देते हैं। भविष्य के लिए और आत्मनिर्भर बने रहने के लिए सिद्धांत है कि यदि 65 वर्ष की आयु तक आपके पास वार्षिक वेतन की कम से कम 10 गुना रकम हो, तो यह सहज सेवानिवृत्त के लिए पर्याप्त है। फिर ऐसे लोग भी हैं जो मानते हैं कि बचत और निवेश से चार फीसदी की निकासी से 25-30 वर्षों तक बचत पर जीवन जीना आरामदायक होगा। ये दोनों सामान्य नियम नहीं हैं। लेकिन आपको सोचने पर मजबूर करने के लिए एक अच्छा संकेतक है। चार फीसदी निकासी वाला फंडा इस तथ्य पर आधारित है कि यदि आप केवल उतना ही निकालते हैं जितना अपनी बचत से हर साल कमाते हैं तो आपका धन लंबे समय तक टिका रहेगा। हां, इस गणना में महंगाई पर विचार नहीं किया जा रहा है। लेकिन, आपको एक आइडिया मिलता है कि सेवानिवृत्त फंड से 7-8 फीसदी निकासी पर विचार करना चाहिए। नियमित खर्चों के लिए सेवानिवृत्त फंड से आपात खर्चों को अलग रखें। इसलिए, सेवानिवृत्त में अपने सभी खर्चों और वित्तीय जरूरतों को एक ही टोकरी में डालने के बजाय आपात स्थिति के लिए पैसा अलग



रखना चाहिए। सेवानिवृत्त में सभी प्रकार की स्थितियों से निपटने के लिए इस आपात खाते में आपके वार्षिक खर्चों के कम से कम 2-3 वर्षों के लिए पैसा अलग रखा जाना चाहिए। यदि रिटायर होने पर आपका वार्षिक खर्च पांच लाख रुपये है तो आपात स्थिति से निपटने के लिए 15 लाख रुपये अलग रखें। इनमें चिकित्सा शामिल नहीं है, जिसे बीमा से पूरा किया जाएगा।सेवानिवृत्त फंड को बचत और निवेश में लगाएं। जिस धन की सेवानिवृत्त के बाद 7-10 वर्षों में जरूरत होगी, वह इक्विटी म्यूचुअल फंड और शेयरों में होना चाहिए, ताकि धन अर्जित करने का लाभ मिल सके। इक्विटी में पैसे लगाने का कारण समय के साथ उसके मूल्य को बनाए रखना है। याद रखें, इक्विटी में भी ऐसे विकल्प हैं जिनमें कम जोखिम होता है। जैसे लार्ज कैप और ब्लू चिप स्टॉक। यह उनके लिए महत्वपूर्ण है जो पेंशन पर सेवानिवृत्त होते हैं। इसमें पेंशन आय का एक स्रोत है न कि एकमात्र स्रोत। ब्याज दरें अक्सर कम होने के कारण सेवानिवृत्त के लिए की गई बचत पर्याप्त नहीं हो सकती है। इसलिए, सेवानिवृत्त में अतिक्ति आय के लिए तैयार रहें और केवल पेंशन पर निर्भर न रहें। आप सेवानिवृत्त में आय के कई साधन बना सकते हैं। पेंशन की रकम को नियमित खर्चों के लिए निवेश कर सकते हैं। इस फॉर्मूले से महंगाई को मात देने वाले साधन से लाभ उठाने के लिए इक्विटी में निवेश की जाने वाली अतिरिक्त रकम का उपयोग कर सकते हैं। यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके पास धन उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त जगह है, जो महंगाई को मात देती है। सेवानिवृत्ति में जितना संभव हो सके, उतने वर्षों तक केवल पेंशन पर निर्भर रहने का प्रयास करें। रिटायरमेंट में हेल्थ केयर की लागत तेजी से बढ़ती है। लोग अपनी कंपनी से स्वास्थ्य बीमा प्राप्त करते हैं, लेकिन यह तब तक ही है, जब तक आप कार्यरत हैं। रिटायर होने से पहले खुद का स्वास्थ्य बीमा लें। सुनिश्चित करें कि इसमें आपकी उम्र 80 वर्ष और उसके बाद तक कवर हो। यदि आप कई वर्षों तक जीवित रहते हैं, तो संभावना है कि आप रिटायरमेंट बचत को अपनी योजना से अधिक वर्षों तक समाप्त कर देंगे। अगर आपने रिटायरमेंट में खर्च की उपरोक्त पांच बातों को ध्यान में रखा है तो संभावना है कि आप अपने रिटायरमेंट संबंधी खर्चों को आराम से प्रबंधन करने में सक्षम होंगे। कई लोग रिटायरमेंट के बाद भी आसानी से उसे स्वीकार नहीं कर पाते और न अपने खर्चों पर रोक लगाते हैं जिससे उन्हें परेशानी होती है । हमें इस बदलाव को मानसिक रूप से स्वीकार करना चाहिए और मान कर चलना चाहिए कि यह जीवन का एक अंग है जिसका स्वागत करना है ।

## झारखंड बना शिमला, ओले की सफेद चादर से ढक गए कई इलाके

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लगातार बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। कई इलाकों में ओले के साथ बारिश हो रही है। ऐसे में कई इलाकों में ओलावृष्टि के कारण सड़कों पर सफेद चादर सी ढक गई हैं। झारखंड की सड़कें शिमला की सड़कों पर पड़ी बर्फ जैसी ढक गई हैं। मौसम विभाग ने अपडेट देते हुए बताया कि झारखंड के 10 जिलों में ओलावृष्टि और बारिश का दौर जारी है। ऐसे में बढ़ते तापमान के कारण पड़ने वाली गर्मी से लोगों को राहत मिली है, लेकिन ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

बारिश और ओलावृष्टि के कारण झारखंड के कई जिले के लोगों को परेशानी का सामना करना


सड़कों पर जमा बर्फ

पड़ रहा है। यहां के गांवों और शहरों में एस्बेस्टस से बने टिन शेड्स को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इन घरों की छतों पर भारी-भारी ओले गिरने से छेद हो गए हैं। शेष पेज 11 पर

### विस में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का बजट पास, सदन में बोले हेमलाल

# गलत पार्टी भाजपा के चक्कर में पड़े हैं बाबूलाल, इसलिए हम जल्दी भागे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का बजट 47 अरब 10 करोड़ 2 लाख 56 हजार पास हो गया है। इसमें स्थापना व्यय 21002. 56 लाख, राज्य योजनाओं में 340000 लाख और केंद्रीय योजनाओं में 110000 लाख रूपए हैं। स्थापना बजट में शहरी जलापूर्त्ति योजनाओं में 485850000 रूपए, ग्रामीण जलापूर्त्ति योजनाओं में 1475095000 रूपए, पेयलज एवं स्वच्छता विभाग में 119311000 रूपए और विभागीय भवन में 20000000 रूपए का बजट है। वहीं राज्य योजनाओं में निमार्णाधीन योजनाओं के लिए 8500 लाख रूपए, ग्रामीण जलापूर्त्ति योजनाओं की मरम्मति में 4000 लाख रूपए, नलकूपों में विशेष मरम्मति में 4700 लाख रूपए,बड़े शहरों में जलापूर्त्ति योजनाओं के मरम्मति एवं संपोषण में 14500 लाख रूपए है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं में जल जीवन मिशन में 89600 लाख रूपए, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में केंद्रांश 20000 लाख रूपए एवं राज्यांश 5000 लाख रूपए हैं।

बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बाबूलाल मरांडी गलत पार्टी के चक्कर में पड़े हैं, इसलिए हम पहले ही भाग गए। धोखा देकर 12 बजे रात में बाबूलाल का शपथ ग्रहण कराया, यहीं पर गड़बड़ हो गया। जब 1932 का मामला आया तो बाबूलाल को रास्ता दिखा दिया गया। हम तो झटक गये थे, इसलिए इधर सटक गए। विपक्ष हर बात पर खोरचा लगाते रहेंगे, पीआईएल दाखिल होते रहेंगे।

### हेमंत सोरेन पूरे देश के ऑइकॉन मुख्यमंत्री

रघुवर दास पर निशाना साधते हुए हेमलाल मुर्मू ने कहा कि तत्कालीन सीएम ने लिट्टीपाड़ा में पेयजल आपूर्ति के लिए 217 करोड़ की योजना स्वीकृत की, इसका 70 फीसदी राशि खर्च हो गया है पर एक बूंद पानी किसी को नहीं मिला। ये जांच का विषय है। ये लोग सेंटीमेंटल उत्पीड़न देने का काम करते हैं। बाहर से फायर ब्रांड नेता को बुलाते हैं, जो अपने ढंग से चलाने का काम करते हैं। इन सब का मंसूबा खत्म हो गया है। हेमलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन पूरे देश के ऑइकॉन हैं। हम 1932 के पक्षधर हैं, इसे लागू करेंगे। हेमंत को रिपलेश करने की संभावना दूर-दूर तक नहीं है।



### सरकार गिराने में हेमलाल की भी रही भूमिका : बाबूलाल



बाबूलाल मरांडी ने पलटवार करते हुए कहा कि हेमलाल मुर्मू ने मेरा काफी नाम लिया है, हमलोग साथ काम किए हैं, इसलिए बताना चाहूंगा कि उस समय के सरकार गिराने में हेमलाल मुर्मू की भी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में सड़कों पर दुकान लगाना, नमाज पढ़ना, दुर्गा पूजा में पंडाल सड़क पर लगना बंद हो गए थे, हमारी 28 महीने की सरकार में कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हुई थी। आज राज्य के हालात बदतर है।

### जो कहूंगा सच कहूंगा, सच के सिवा कुछ भी नहीं कहूंगा : सीपी सिंह



विधायक सीपी सिंह ने कहा कि जो कहूंगा, सच कहूंगा सच के सिवाय कुछ नहीं कहूंगा। उन्होंने कहा कि रमजान के मौके पर मेन रोड में सड़क के बीचो-बीच दुकानें लगी है, पुलिस पुरूषार्थ क्यों नहीं दिखाती। एक इलाके में अतिक्रमण चलाती है वहीं दूसरे पक्ष के इलाके में अतिक्रमण क्यों नहीं चलाती। लोक आस्था का पर्व छठ पूजा के अवसर पर दुकानों के सामान सड़क पर आ जाए तो पुलिस कारवाई करती है। उन्होंने कहा कि सरकार क्या रातू रोड में एक पक्ष को पूजा-पाठ के अवसर पर रातू रोड में दुकान लगाने की अनुमति देगी। यह भी कहा कि गृह विभाग का बजट कागज का खेल नहीं है।

### अवैध खुदाई कर पानी का व्यापार करने वालों पर होगी सख्त कारवाई : योगेंद्र प्रसाद



पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा है कि अब शहर तो छोड़ए गांव में भी लोग अवैध पानी की खुदाई कर पानी निकाल रहे हैं और बोतलों में बंद कर उसे बेच रहे हैं। पानी की गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान लगे रहते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि शहर या गांव अवैध पानी की खुदाई कर व्यापार करने वालों पर सख्त कारवाई की जाएगी। वहीं मंत्री ने कहा कि पानी का राजस्व नगर विकास विभाग वसूलती है और योजनाओं के मद की राशि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग देती है इसलिए 19 योजनाओं को नगर विकास विभाग को दिया जा रहा है।

# संसद घेरने जा रहे सूरज मंडल सहित कई हुए गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/ नयी दिल्ली।** पूर्व सांसद और भाजपा नेता डॉ सूरज मंडल को अखिल भारतीय सम्पूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह एवं अन्य लगभग 100 आंदोलनकारियों के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में जंतर-मंतर से संसद कूच करने के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना देने के बाद जेपी सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानी के समकक्ष दर्जा एवं अन्य सुविधाएं देने की अपनी मांगों के समर्थन में संसद घेराव के लिए जाते आंदोलनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और बस में भर कर कापसखेड़ा पुलिस थाना में ले गई। इन आंदोलनकारियों में पूर्व सांसद श्री मंडल, मानेश्वर सिंह, कुशेश्वर लाल, सिद्धनाथ पाण्डेय, सुरेंद्र प्रसाद, मुकेश सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल हैं।

संसद कूच और धरना कार्यक्रम में बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र व दिल्ली के इमरजेंसी के क्रांतिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इससे पहले जंतर-मंतर पर आयोजित धरना को संबोधित करते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि यदि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सम्पूर्ण क्रांति न होती तो भारतीय लोकतंत्र पर छाये खतरे के बाद स्वतंत्रता आंदोलन में देखे गये सारे सपने समाप्त हो जाते। डॉ. मंडल ने कहा कि जेपी आंदोलन की भावनाओं को जिन्दा रखना ही संपूर्ण क्रान्ति राष्ट्रीय मंच का सबसे प्रमुख मुद्दा है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये मंच निरंतर आगे बढ़ता रहेगा एवं अपनी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार पर दबाव डालता रहेगा।

# जन भावनाओं को समझते हुए काम करे प्रशासन : संजय सेठ

*जहां जलापूर्ति होनी है उसी क्षेत्र में हो जलमीनार का निर्माण*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हरमू कॉलोनी में जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। नागरिकों का विरोध भी तर्कसंगत है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने इस मुद्दे पर प्रशासन को भी जन भावनाओं का ख्याल रखने की सलाह दी है। श्री सेठ ने कहा कि हरमू कॉलोनी के लोग चाहते हैं कि यहां जलमिनर का निर्माण ना होकर, अन्य स्थान पर किया जाए। इसलिए जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस निर्माण को तुरंत रोका जाए' उन्होंने कहा कि हरमू स्थित लाल बहादुर शास्त्री मार्ग में यह एक मात्र मैदान है, जहां बच्चे खेलते हैं। शादी विवाह व अन्य सामाजिक आयोजन होते हैं। वैसे भी वहां पहले से हेल्थ सब सेंटर बनाने का प्रस्ताव है। जलमीनार का निर्माण हिंदपीढ़ी के लोगों को पानी देने के लिए निर्माण किया जा रहा है। पानी की सप्लाई हिंदपीढ़ी में होनी है तो फिर इसका निर्माण भी हिंदपीडी में ही किया जाना चाहिए। हरमू में प्रशासन जबरन काम कर रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। इस कार्य का विरोध करने पर प्रशासन वहां के बुजुर्ग, महिलाएं वहां के स्थानीय लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर रही है। जनभावनाओं को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची के उपायुक्त से बात कर जल मीनार के काम को रोकने, स्थानीय लोगों को परेशान नहीं करने को कहा है।

### शहीद रघुनाथ महतो जयंती पर आजसू प्रमुख व अन्य नेताओं ने की श्रद्धांजलि अर्पित, कहा

# रघुनाथ महतो के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड के वीर सपूत एवं महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो ने मानभूम से लेकर धालभूम नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई का नेतृत्व किया था। जब झारखंड के नायकों की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की चर्चा होती है, तो इस सूची में 1769 का शहीद रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुआड़ विद्रोह का नाम सबसे पहले आता है। 'अपना गांव-अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज' नारे का उद्घोष करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत शहीद रघुनाथ महतो के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय शहीद रघुनाथ महतो को माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। ज्ञात हो कि 1765 में बंगाल, बिहार एवं ओड़िशा की दीवानी हासिल करते ही अंग्रेज मनमाने ढंग से कृषि राजस्व, जबरन कर वसूलने तथा मालगुजारी बढ़ाने लगे। शोषण एवं जुल्म के खिलाफ शहीद रघुनाथ महतो ने किसानों, ग्रामीणों एवं आम जनमानस को संगठित किया तथा विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष का नया अध्याय लिखा। सुदेश महतो ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के काले कानूनों के खिलाफ जनमानस को संगठित कर चुआड़ विद्रोह का शंखनाद करनेवाले प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद शहीद रघुनाथ महतो को इतिहास के पन्नों में संक्षिप्त परिचय दिया गया। हम इस परिचय को बड़ा करने हेतु प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी है।

मौके पर युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य मिलना ही पर्याप्त नहीं, अपने लोगों के हितों के लिए हमें लड़ते रहना होगा। झारखंडियों को आगे ले जाना ही हमारी पहली और आखिरी कोशिश होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, संजय मेहता, हरीश कुमार, ओम वर्मा, चेतन कुमार, अजीत कुमार, अमित यादव आदि ने भी शहीद रघुनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज बॉक्स

### अपर पुलिस महानिदेशक ने की कांडों की समीक्षा, जल्द कार्रवाई का निर्देश



**रांची।** पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशि. एवं आधु. सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक की गई। बैठक में पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू क्षेत्र वाईएस रमेश, धनंजय कुमार सिंह पुलिस उप-महानिरीक्षक, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट एवं पुलिस अधीक्षक, लातेहार ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में सुमन गुप्ता ने 08 वर्षीय बालक की हत्या के आलोक में दर्ज नेतरहाट थाना काण्ड सं0- 05/2025 के अनुसंधान के प्रगति व गुणवत्ता की समीक्षा की गई। उक्त काण्ड की गुणवत्ता के मद्देनजर बीएनएसएस के संबंधित धारा के तहत डिजिटल तकनीकि साक्ष्य संकलन व फोरेंसिक जाँच पर विशेष बल दिया गया, ताकि दोषी को ससमय सजा दिलाई जा सके, साथ ही उक्त काण्ड के मद्देनजर विगत 10 वर्षों में नेतरहाट युनिट में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त एवं आस-पास के वैसे पुलिस पदाधिकारी/कर्मी जिनके विरूद्ध पूर्व में काण्ड दर्ज हो अथवा विभागीय कार्यवाही की गई है, उसमें अनुसंधान पूर्ण करने व विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर फलाफल से अवगत कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षोपरान्त एवं निर्देशोंपरांत बैठक समाप्त की गई।

### सीयूजे के सम्मेलन में शामिल हुए पद्मश्री अशोक भगत



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में भाषा और स्वदेशी आवाज की राजनीति, विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पद्मश्री अशोक भगत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में प्रज्ञा प्रवाह के वरिष्ठ अधिकारी रामाशीष, केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति क्षिति भूषण दास, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, भूतपूर्व राजनयिक अशोक सज्जनहार, डॉ मुकेश मिश्रा सहित अनेक प्रोफेसर, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### श्री राधा- कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन और सत्संग 23 मार्च को



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे रविवार 23 मार्च को अपराह्न- 12 बजे से संजीवनी सखी ग्रुप की 100 से भी अधिक महिला सदस्यों के द्वारा भव्य भजन- कीर्तन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अपराह्न 1 बजे से श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में 199 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मंदिर में होने वाले भजन- कीर्तन सत्संग कार्यक्रम मे भाग ले, तथा अन्नपूर्णा महाप्रसाद ग्रहण करें।

### सिल्ली में अवैध बालू लदे हाइवा जब्त चालक पर प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला खनन टास्क फोर्स ने छापेमारी अभियान चलाया। इसी दौरान सिल्ली के श्याम नगर, झाबरी पेट्रोल टंकी के पास जांच के लिए रोके गए एक हाईवा वाहन (संख्या जेएच01- डीएन 0894) का चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर वाहन को पकड़ा और उसमें अवैध रूप से बालू लदे होने की पुष्टि की और चालक के खिलाफ सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जानकारी के अनुसार उपायुक्त को लगातार अवैध बालू उठाव की शिकायतें मिल रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी सदर, उत्कर्ष कुमार को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन के नेतृत्व में रात्रि में छापेमारी अभियान चलाया गया।

### हुटुप गौशाला धाम में श्रीराम कथा के पांचवे दिन श्रीराम सीता विवाह का मार्मिक वर्णन

# श्री राम सीता का विवाह धर्म आदर्श व संस्कारों का प्रतीक था : किशोरी जी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हुटुप गौशाला धाम में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के पांचवे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक संगीता किशोरी ने श्री सीताराम विवाह पर बेहद सुंदर और विस्तृत कथा का वाचन किया। संगीता किशोरी जी ने श्रीराम और सीता के विवाह के महत्व को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने सबसे पहले विवाह से पहले के घटनाक्रम को विस्तार से समझाया, जिसमें श्रीराम के पिता महाराज दशरथ द्वारा श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास देना और फिर सीता के स्वयंवर में श्रीराम का भाग्य और पराक्रम उजागर होना शामिल था। कथा में बताया गया कि जब भगवान श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ा और सीता जी को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया, तब यह संयोग देवताओं द्वारा निर्धारित किया गया था।

उन्होंने कहा कि श्रीराम और सीता का विवाह केवल एक पारंपरिक विवाह नहीं था, बल्कि यह धर्म, आदर्श, और संस्कारों का प्रतीक था। इस विवाह के माध्यम से भगवान श्रीराम ने यह संदेश दिया कि सच्चे प्रेम और संबंधों में ईश्वर का होना अनिवार्य है।

### आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सुदेश महतो बरी

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची की अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े सात साल पुराने मामले में आरोपी आजसू सुप्रीमो सह पूर्व मंत्री सुदेश महतो को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। 21 मार्च शुक्रवार को एमपी/एलएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने मामले में सुदेश महतो को बरी किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता भरत चंद्र महतो ने बताया कि मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। लेकिन घटना को साबित नहीं किया जा सका। जिसका लाभ उन्हें मिला है। यह मामला बिना सबूत के आधार पर दर्ज किया गया था। मामले को लेकर 7 मई 2018 को कोतवाली थाने में सुदेश महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# शंकराचार्य का लघु उद्योग भारती ने किया अभिनंदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** द्वारका शारदापीठाधीश्वेर शंकराचार्य जगतगुरू स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज का लघु उद्योग भारती ने अभिनंदन किया। शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के तत्वावधान में मारवाड़ी भवन में आयोजित समारोह में उनका अभिवादन प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया, प्रांतीय सचिव सत्य प्रकाश पांडेय, रांची जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता आदि ने किया। इन्होंने श्री सदानंद सरस्वती का गुलदस्ता भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सदानंद सरस्वती महाराज को लघु उद्योग भारती की पत्रिका भी भेंट की। इस दौरान झारखंड में लघु उद्योग भारती की ओर से राज्य में उद्योग हित और राष्ट्र हित पर किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी, प्रमोद शाश्वत, बेनी बाबू अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# रांची नगर निगम ने स्वास्थ्य सुविधाओं व सफाई पर दिया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के सभागार में नगर स्तरिय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक प्रशासक मुकेश कुमार ने की। बैठक में शहर की सफाई, जलापूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में डॉ अर्जित कुमार ने कहा कि कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय जरूरी है। नगर निगम ने स्वच्छ स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र योजना के तहत 10 और 16 डिजिटलीकृत स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना पर सहमति दी। इसके अलावा उर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण पर चर्चा हुई। इन केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, नगर प्रबंधक, ठवल्ट के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, महिला पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शहर में सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति को और बेहतर बनाने पर भी विचार-विमर्श किया।

### डालसा सचिव की अध्यक्षता में पीएलवी की हुई मासिक बैठक

# ग्रामीणों को पीएलवी नालसा व झालसा स्कीम की समुचित जानकारी दें : कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झालसा कैलेंडर के अनुसार शुक्रवार को डालसा हॉल, रांची में कार्यरत पीएलवी के साथ डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने बैठक की। बैठक में उपस्थित पीएलवी के किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं कई दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव ने सभी पीएलवी से कहा कि गांव में ग्रामीणों के बीच नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। नशा से होने वाले शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक हानि के बारे में लोगों को बताए। जहरीले पेय पदार्थों को भी उपयोग में लाया जा रहा है, जिसके कारण हमारे समाज में कम उम्र के बच्चे नशे के गिरफ्त में आ रहे है, अगर इसे अभी से ही नहीं रोका गया तो ये आगे चल कर विकराल रूप धारण कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब को जागरूक होना होगा और गली गली मोहल्ले-मोहल्ले नशापान के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाना होगा ताकि लोग नशा करने का दुष्परिणाम को ग्रामीण, बच्चे जाने और अपने परिवार तथा बच्चों को किसी भी प्रकार के नशा से दूर रखें। डालसा सचिव ने कहा कि लिगल-एड-क्लिनिक में जुड़े पीएलवी झालसा कैलेण्डर के अनुसार काम करेंगे और लाभुकों को यथा संभव लाभ पहुचायेंगे। पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा प्रदान करने में लाभुकों का मदद करें। मौके डालसा सचिव, कमलेश बेहरा, एलएडीसी डिपुटी चीफ, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी विक्की चौधरी समेत सभी कार्यरत पीएलवी उपस्थित थे।

मंईयां सम्मान योजना को लेकर डीसी ने की ऑनलाइन बैठक, कहा

# योजना के लाभुक अपना भौतिक सत्यापन अवश्य कराएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रांची उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी ने लाभुकों से अपील की है कि जल्द से जल्द अपना भौतिक सत्यापन करवा लें। डीसी ने लाभुकों को आगाह करते हुए कहा है कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी तरह से निशुल्क है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि अगर सत्यापन के नाम पर किसी से पैसे मांगे जाते हैं, तो संबंधित अधिकारी और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक अहम बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा), जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं सीडीपीओ शामिल हुए।

**● सत्यापन के लिए पैसे मांगने पर करें शिकायत**

उपायुक्त ने दोहराया कि भौतिक सत्यापन प्रक्रिया पूरी तरह से निःशुल्क है। लाभुकों को आंगनवाड़ी सेविका से संपर्क कर सत्यापन प्रपत्र लेना होगा।

यदि किसी भी स्तर पर सत्यापन के लिए पैसे मांगे जाते हैं, तो अबुआ साथी हेल्पलाइन नंबर (943032880) पर इसकी शिकायत दर्ज कराये। इस मामले में दोषी पाये जाने वाले एलएस, सीडीपीओ और अन्य अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**● लोगों को सही जानकारी देने का निर्देश**

इस बैठक में योजना से जुड़ी कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गयी और अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे लाभुकों को सही जानकारी दें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने दें।

कई लाभुक प्रखंड और अंचल कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि लाभुकों में सकारात्मकता बनाए रखने के लिए उन्हें स्पष्ट और उचित जानकारी दें।

# रांची बंद को लेकर आदिवासी संगठनों ने निकाला मशाल जुलूस




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिरमटोली सरना स्थल बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने 22 मार्च को संपूर्ण रांची बंद के समर्थन में विशाल मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक पर संपन्न हुआ। आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों और सरना समितियों ने कहा कि 22 मार्च का रांची बंद ऐतिहासिक होगा। आदिवासी समाज के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सरना झंडा और तख्तियों के साथ अपनी मांगों को लेकर चौक-चौराहों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे।

**● रांची बंद शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक होगा**

संगठनों ने कहा कि बंदी पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक होगी तथा कोई भी गिरफ्तारी स्वेच्छा से नहीं दी जाएगी। साथ ही प्रशासन को आगाह किया गया है कि वे आंदोलनकारियों को उकसाने का प्रयास न करें। आदिवासी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने दुकानदार संघों, बस-ट्रक, टेम्पो-रिक्शा, टुक-टुक चालक संघों से अपील की है कि वे बंद का समर्थन करें। आम जनता से भी अनुरोध किया गया है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। स्कूल और कॉलेज प्रशासन से भी एक दिन के लिए संस्थानों को बंद रखने की अपील की गई है।

**● सिरमटोली फ्लाइओवर के सामने बन रहे रैंप को हटाने की मांग**

मालूम हो कि आदिवासी समाज लंबे समय से अपने केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए आंदोलनरत है। समुदाय की मांग है कि फ्लाईओवर के रैंप को सरना स्थल के मुख्य द्वार से हटाया जाए, लेकिन सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। सरहुल शोभायात्रा आयोजित होगी, इसमें तीन लाख से सरना धर्मावलंबी अपने पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्रों के साथ शामिल होंगे। वे अपने गांवों से निकलकर सिरम टोली स्थित केन्द्रीय सरना स्थल पर मां सरना को जल अर्पित करेंगे ,माथा टेकेंगे और धरती व सिंगबोंगा की अराधना करेंगे।

### ये संगठन थे शामिल

अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, आदिवासी जन परिषद, जय आदिवासी केन्द्रीय परिषद, केन्द्रीय सरना समिति, आदिवासी मूलवासी मंच झारखंड, आदिवासी सेना, आदिवासी छात्र संघ, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ समेत अन्य 40 बड़े संगठन और 200 से अधिक सरना समिति उपस्थित थी।

रांची बंद और चक्का जाम को लेकर जिला प्रशासन की सख्त चेतावनी

## कानून तोड़ा तो होगी सख्त कार्रवाई

**रांची।** सीरमटोली फ्लाईओवर को लेकर सरना समिति के कुछ सदस्यों द्वारा 22 मार्च 2025 को रांची बंद और चक्का जाम का आह्वान किया गया है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सख्त चेतावनी जारी की है कि किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि, उपद्रव, तोड़फोड़ या बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रशासन को गुप्त सूत्रों से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उपद्रव और तोड़फोड़ की साजिश की सूचना मिली है। इसे देखते हुए प्रशासन ने बंद समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन ने विशेष रूप से यह भी कहा है कि बंद के दौरान विधानसभा सत्र और विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हो रही परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की बाधा न डाली जाए। किसी भी व्यक्ति, छात्र, शिक्षण संस्थान के सदस्य या आम नागरिक को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रशासन ने सभी व्यापारियों और वाहन चालकों को आश्वस्त किया है कि अगर किसी ने जबरन दुकानें बंद करवाने या यातायात बाधित करने की कोशिश की, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील**

जिला प्रशासन ने बंद का आह्वान करने वाले सभी संगठनों और व्यक्तियों से अपील की है कि अगर वे प्रदर्शन करना चाहते हैं, तो सभी गतिविधियां विधिसम्मत और शांतिपूर्ण तरीके से करें।

## रांची बंद को आजसू पार्टी का समर्थन

**रांची।** आजसू पार्टी ने केंद्रीय सरना समिति समेत विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा 22 मार्च को आहूत रांची बंद को समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि हेमंत सरकार विकास के नाम पर आदिवासियों की आस्था और विश्वास को कुचलने का कार्य कर रही है। रांची की जनता काफी पहले से राज्य सरकार से आग्रह कर रही थी कि फ्लाई ओवर के रैंप को थोड़ा परिवर्तित कर दिया जाए, ताकि सिरम टोली सरना स्थल का मार्ग बाधित न हो क्योंकि इसके बन जाने पर सरहुल शोभायात्रा में लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। डॉ भगत ने कहा कि झारखंड आंदोलन में सरहुल शोभायात्रा को भव्य बनाने की पहल आजसू द्वारा ही की गई थी, ताकि आदिवासी संस्कृति और अस्मिता को संरक्षित किया जा सके। लेकिन जनभावना को नजरअंदाज कर हेमंत सरकार ने संवेदनहीनता का परिचय दिया है, इसलिए आजसू पार्टी सरकार से मांग करती है कि यथाशीघ्र उक्त मामले का समाधान किया जाए।

### सीएमपीडीआई में उमंग मेला-सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ

**रांची।** फोरम ऑफ वोमेन इन पब्लिक सेक्टर, सीएमपीडीआई शाखा एवं कस्तूरी महिला सभा, कांके रोड, रांची के तत्वावधान में संस्थान के रबीन्द्र भवन में तीन-दिवसीय उमंग मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी रूपाली गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। श्री कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के महिलाओं को सशक्त बनाना तथा छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बिक्री के लिए एक मंच प्रदान करना है।

## दिव्यांग, दृष्टिबाधित, निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह कल, तैयारियां पूरी



**रांची।** लायन्स क्लब ऑफ रांची द्वारा विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग के सहयोग से रविवार को 41 जोड़ियों का पाणिग्रहण संस्कार हेतु आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन सुबह- 9 बजे से अपराह्न- 3 बजे तक श्री राणी सती मंदिर के प्रांगण स्थित हनुमान बक्श पोद्दार सत्संग भवन में होगा।

लायंस क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एवं विवाह समारोह के संयोजक राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि 23 मार्च को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की तैयारीयां पूरी कर ली गई है। सभी कन्याओं का विवाह सनातन वैदिक रीति से पंडित श्याम सुन्दर भारद्वाज द्वारा संपन्न कराया जाएगा। संथाल परगना से आने वाले 150 से अधिक दृष्टिबाधित और दिव्यांग दुल्हा-दुल्हन और बारातियों की आवासीय एवं भोजन की व्यवस्था एक दिन पूर्व 22 मार्च शनिवार को सुबह से की गई है।

विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह-सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस वर्ष के आदर्श सामूहिक विवाह समारोह में पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, दुमका, रांची और खूंटी जिले के 17 दिव्यांग जोड़ियों का विवाह 24 अन्य जोड़ियों के साथ कराया जा रहा है,नौ जोड़ियां दृष्टिबाधित हैं, और आठ जोड़ियां शारीरिक दिव्यांगों की हैं।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु लायंस क्लब के प्रो. हरबीन्दर बीर सिंह, डा. देवेन्द्र सिंह, दिलीप बंका, बीना बंका, सुनीता चौधरी, शुभ्रा मजूमदार, निशि अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, सिद्धार्थ मजूमदार, राजेश मोर, निर्मल मानपुरिया, मनीष गाड़ोदिया, डा. प्रदीप कुमार, विनोद गढ्वायन, विश्व हिन्दू परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश कुमार केशरी, राजेश अग्रवाल, रतन केसरी, अनिल तिवारी, मनोज मुंडा, जितेन्द्र महतो, मनीष चौधरी, गुंजन गुप्ता अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं।

**आज / कल**




## आजीविका को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 19 से 21 मार्च तक रांची में तीन दिवसीयअनलॉकिंग झारखण्ड लाइवलीहुड पोटेंशियल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में सफल आजीविका मॉडल और उत्कृष्ट योजनाओं पर चर्चा करना तथा कृषि, गैर-कृषि क्षेत्र, कौशल विकास और डिजिटल नवाचार के माध्यम से सतत आजीविका मॉडल को बढ़ावा देने हेतु सहयोग और क्रियान्वयन रणनीतियों का विकास करना था। कार्यशाला का उद्घाटन सीईओजेएसएलपीएस कंचन सिंह, तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर दीपक उपाध्याय, एसपीएम (मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन), ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस इकाई का मुख्य उद्देश्य भारत में किए जा रहे नवीन कार्यों का संकलन और क्रियान्वयन करना है।

जेएसएलपीएस ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण और आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यशाला नवाचारों और सर्वोत्तम आजीविका मॉडल को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सीयूजे में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

## 2025-2056 भारत का स्वर्णिम युग : प्रो. भीमराया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग प्रबंधन विज्ञान संकाय द्वारा 'विकसित भारत 2047 की ओर भारत की यात्राः एक टिकाऊ और लचीले भविष्य के लिए सामाजिक समानता, आर्थिक विकास और वैश्विक अंतर्निर्भरता के बीच तालमेल की खोज" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन शैक्षणिक भवन- सभागार में किया गया।

मौके पर डॉ. बटेश्वर सिंह, संयोजक एवं डीन, प्रबंधन विज्ञान संकाय, ने सम्मेलन का परिचय देते हुए कहा कि यह केवल जीडीपी वृद्धि का विषय नहीं है, बल्कि नवाचार को बढ़ावा देने, वैश्विक सहयोग को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को विकसित करने का अवसर भी है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रबंधन संस्थान और विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों से 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

मुख्य अतिथि, प्रो. भीमराया मेट्री ने अपने मुख्य वक्तव्य में भारत की आर्थिक विकास यात्रा पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था हर साल 1 ट्रिलियन जोड़ेगी और 2047 तक 30-35 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगी, जिससे भारत एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने 2025-2056 को भारत का 'स्वर्णिम युग' बताते हुए जनसांख्यिकीय लाभांश को भारत की सबसे बड़ी ताकत करार दिया। जापान (1965) और चीन (2000-कोविड काल) के युवा राष्ट्र बनने की तुलना में, भारत अब विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि इससे भारत वैश्विक अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल परिवर्तन का केंद्र बनेगा। उन्होंने डिजिटल इंडिया को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में सहायक बताते हुए भारत को वढक और डिजिटल लेन-देन में विश्व अग्रणी बताया। प्रो. मुनीम बराई (ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, रित्सुमेकन एशिया पैसिफिक यूनिवर्सिटी, जापान) ने भारत के वैश्विक उभार पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## बारिश-ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद, मुआवजा देने का निर्देश



**रांची।** राजधानी में गुरुवार शाम से हो रही बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसको गंभीरता से लेते हुए जिला दंडाधिकारी सह डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं।

डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्रों का सर्वेक्षण करके फसलों के नुकसान का आकलन करने को कहा है। साथ ही आवश्यक कार्रवाई कर समय पर मुआवजा देने का आदेश दिया है।

गौरतलब है कि रांची समेत झारखंड के कई जिलों में दो दिनों से बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हो गयी है। फंसले बर्बाद होने से किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। इस परिस्थिति से उबारने के लिए जिला प्रशासन ने यह पहल की है।

**अंचल कार्यालय जाकर दर्ज कराएं नुकसान की जानकारी**

जिला प्रशासन लगातार मौसम की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर आगे की रणनीति पर भी काम किया जाएगा। किसानों से अपील की गयी है कि वे अपने क्षेत्रों के अंचल कार्यालयों में जाकर नुकसान की जानकारी दर्ज कराएं, ताकि उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके।

मयंक के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

# मौत के 17 दिन हो गए अब तक पुलिस के हाथ खाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**● आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी पर लगाए कई आरोप**




**रांची।** राजधानी के पुंदाग स्थित आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग छात्र मयंक मणि ने 4 मार्च को आत्महत्या कर ली थी। हॉस्टल छात्रों के अनुसार मयंक मणि का रूम पार्टनर रूम से बाहर था उसी वक्त मयंक ने पंखा में गमछे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मयंक बिहार के समस्तीपुर स्थित पूसा का निवासी था। मयंक के परिजन घटना के अगले दिन ही समस्तीपुर से रांची पहुंच गए थे। परिजनों के आने के बाद ही शव को हॉस्टल के कमरे से हटाया गया था। हालांकि शव को पंखे से परिजन और पुलिस के आने से पहले ही उतार दिया गया था। छात्रों के मुताबिक उन्हें लगा था कि मयंक की सांसे चल रही है इसलिए उसे छात्रों ने ही आनन फानन में उतार दिया था।

मयंक के मौत के बाद पुन्दाग ओपी में परिजनों ने 5 मार्च को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। प्राथमिकी में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। वहीं, प्राथमिकी दर्ज किये करीबन 17 दिन हो चुकें हैं लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली है। वहीं यूनिवर्सिटी प्रबंधन के पास भी इसका कोई जवाब नहीं है। परिजनों ने यूनिवर्सिटी पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं, परिजनों का कहना है आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी बच्चों के पढ़ने लायक जगह नहीं है। उन्होंने मयंक के मौत पर हत्या की आशंका जाहिर की है हालांकि यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की मामला क्या है। वहीं, मयंक के परिजन गुरुवार को पुंदाग ओपी पहुंचे जहां उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। अब तक मयंक के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी नहीं आया है। परिजनों ने बताया की हत्या की आशंका जताने के बाद भी कार्रवाई की गति धीमी है।

**आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी संचालन में नहीं हो रहा नियमों का पालन**

मयंक के आत्महत्या मामला प्रकाश में आने के बाद आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी की कई बाते सामने आई जिसमे सबसे अहम मुद्दा है की आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी अवैध तरीके से यूनिवर्सिटी का संचालन कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा की स्थिति पर अक्सर आवाज उठाने वाले अश्विनी सिंह का कहना है कि- आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी की राजधानी में स्थापना के बाद 2 वर्षों में उन्हें सारी प्रक्रिया पूरी कर यूनिवर्सिटी का संचालन करना था लेकिन आज तक आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी ने प्रक्रिया पूरी नहीं की है। उन्होंने कहा की एक विश्वविद्यालय चलने के लिए 25 एक्कड़ जमीन का होना अनिवार्य है इसके अलावा कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं है आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी द्वारा पूरा नहीं किया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा की राजधानी में संचालित कई निजी विश्वविद्यालयों का अवैध तरीके से संचालन किया जा रहा है।

वहीं, प्रबंधन का कहना है मामले की जांच पुलिस कर रही है इस विषय पर आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी कुछ नहीं कह सकती है। हालांकि प्रबंधन के द्वारा यह भी कहा किमन की बात हम नहीं जान सकते हैं विद्यार्थी किस परेशानी से गुजर रहा था क्यों उसने एसा कदम उठाया ये पुलिस जांच का विषय है।



## एक नजर

### स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**खूंटी।** तोरपा स्थित बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का दूसरा वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य सुशांति कोंगाड़ी और विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंचायत समिति सदस्य जयमंगल गुड़िया ने दीप प्रज्वलित कर और स्व बालकृष्ण कुमार बड़ाईक के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वर्ष 2024- 2025 में बेस्ट स्टूडेंट का पुरस्कार मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के हाथों कीर्ति बड़ाईक और बिरसा आईंद को दिया गया। बच्चों ने एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। लघु नाटक जैसी करनी वैसी भरनी को सबों ने सराहा। तमिल नृत्य चूड़ामले, बच्चों के लुंगी डांस, गांव कर गोरी, छलके गगरिया सहित अन्य संगीत का दर्शकों ने खूब आनंद लिया।

### ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, दो की मौत

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चंपागढ़ में शुक्रवार को सरिया(छड़) लेकर जा रहे ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। मृत मजदूरों की पहचान सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जीतलाल टुडू (16) और महेश हांसदा (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर गादीझोपा निवासी धीरू चौधरी (हीरा चौधरी) के दुकान से सरिया(छड़) लेकर चंपागढ़ के रास्ते सरैयाहाट जा रहा था। इसी दौरान अचानक चंपागढ़ के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया। ट्रैक्टर के अचानक पलटने की वजह से दोनों मजदूर दब गए। हो हल्ला होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंच कर दोनों को बाहर निकाला लेकिन तबतक दबने की वजह से दोनों ने दम तोड़ दिया था।

### निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करें अधिकारी: उपायुक्त

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करें। उपायुक्त समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित बैठक में बोल रहे थे। मौके पर उन्होंने राजस्व संग्रहण, दाखिल खारिज, भूमि सीमांकन, ई-रेवेन्यू कोर्ट, सक्सेशन म्यूटेशन पार्टीशन म्यूटेशन, सर्टिफिकेट केस सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न अंचलों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन रिपोर्ट की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया। दस्तावेजों की गहन जांच के बाद निर्णय लेने का निर्देश दिया गया।

ओलावृष्टि ने चारों ओर मचाई भारी तबाही

# किसानों के हजारों एकड़ खेतों में लगी फसल बर्बाद



## मुआवजा नहीं मिली तो खुदकुशी करने के लिए विवश हो जाएंगे किसान,बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
प्रखंड के बेड़ो बांध गढ़हा, जरिया, मासु, मुडामु, तुको, करांजी, पुरियो, फादिलमर्चा, पाकलमेडी. जमनी पंडरा जहानाबाज, घाघरा, कादोजोरा, हाठु सहित दर्जनों गांवों के हजारों किसानों की फसलों को शुक्रवार की सुबह हुई भयंकर ओलावृष्टि की कहर ने बर्बाद कर दिया। जरिया के युवा किसान एवं किसान मित्र ब्रजेश कुमार महतो ने बताया कि उनकी सारी जमा पूंजी ओलावृष्टि ने बर्बाद कर दिया। ऋण लेकर उन्होंने खेती की थी। ओलावृष्टि ने उनके अरमान पर पानी फेर दिया। उन्होंने फ्रेंचबीन, बंधागोभी, टमाटर, खीरा, मूली करेला की खेती की थी लेकिन ओलावृष्टि ने उन्हें आर्थिक रूप से पूरी तरह बर्बाद कर दिया। वहीं बेडो. बांध गढ़हा के युवा किसान चेड़ेया उरांव अपनी मेहनत और मशक्कत से 10 एकड़ में फ्रेंचबीन, खीरा, हरा मिर्च, टमाटर, मटर लहसुन प्याज कद्दू की खेती की थी। खेती के लिए उसने कर्ज भी लिया था। लाखों रुपया खर्च कर उन्होंने खेती किया था लेकिन ओलावृष्टि ने सब बर्बाद कर दिया। यहीं के बासु उरांव ने बताया कि उन्होंने कई प्रकार की फसल लगाई थी सब की सब बर्बाद हो गई। उनका सारा जमा पूंजी पानी और ओलावृष्टि में घुल गया। वहीं मासु निवासी किसान और समाजसेवी संजय उरांव खून के आंसू रोने के लिए विवश हैं। उन्होंने बताया कि अपनी मेहनत और मशक्कत से पूंजी लगाकर इसलिए खेती की थी कि उनका जीवन संवर सके। लेकिन प्रकृति की मार ने सिर्फ उन्हें ही नहीं बल्कि सैकड़ो किसानों के सपनो को रौंद डाला। कई किसान खुदकुशी करने के लिए भी सोच रहे हैं। किसानों का कहना है कि सब कुछ उनका खेती बाड़ी से ही चलता है लेकिन उनकी कमर टूट गई। आर्थिक रूप से किसान कंगाल हो गए। जरिया पुरनाडीह के सुरेश महतो, राजेन्द्र महतो, अरविंद महतो, पवन कुमार महतो, बानेश्वर महतो, सुरेश महतो सहित कई किसानों ने सैकड़ो एकड़ में तरबुज, मक्का, फूलगोभी, बंधागोभी, टमाटर, फ्रेंचबीन, खीरा, मूली, करेला, हरी मिर्च जैसी पूंजी लगने वाली फसलों की खेती की थी। लेकिन एक ही झटके में सब बर्बाद हो गया।

### जाति, आय और आवासीय प्रमाणपत्रों का त्वरित निष्पादन करें अंचलाधिकारी: डीडीसी

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त( डीडीसी श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारसेवा, मोबाइल टावर, भारत नेट, झारनेट आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि झारसेवा पोर्टल से संबंधित जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र से जुड़े सभी लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ अंचल निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारियों को अपने लॉगिन से आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दें। इसके अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पंचायत भवनों में लगे भारत नेट कनेक्शन को सक्रिय और सुचारु बनाए रखने के लिए उनका समय पर रिचार्ज सुनिश्चित करें।

## न्यूज | बॉक्स

### मनरेगा के 43 वेंडर का रद्द होगा लाइसेंस डीडीसी ने जारी की नोटिस

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में मनरेगा के वेंडर द्वारा बरती गई लापरवाही अब भारी पड़ने वाली है। 43 ऐसे वेंडर हैं जिनके लाइसेंस रद्द होंगे। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने शुक्रवार को उन सभी वेंडर को नोटिस जारी कर दिया है। डीडीसी ने बताया कि मनरेगा सामग्री आपूर्तिकर्ता के रूप में बरती गई अनियमितता के कारण यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मनरेगा के वेंडर के दुकानों और प्रतिष्ठानों का जब निरीक्षण किया गया तो वहां विभिन्न मापदंडों को देखा गया। 43 ऐसे वेंडर थे जिन्होंने मापदंडों को पूरा नहीं किया। उनके जरिये अनियमितता बरती गई और मनरेगा योजनाओं में सामग्री की आपूर्ति एवं भुगतान के दिशा निर्देश का उल्लंघन किया गया है। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने दुलमी प्रखंड के मेसर्स कमलदीप इंटरप्राइजेज, आर्सी इंटरप्राइजेज, मेसर्स रजरप्पा स्टोन, रजरप्पा स्टोन, चितरपुर प्रखंड के विशेश्वर कुमार, डोपी राम, ओम प्रकाश कुमार, अनिकेत इंटरप्राइजेज, अंबे सप्लायर्स, गोला प्रखंड के विभा देवी, विष्णु कुमार महतो, मेसर्स रामलखन इंटरप्राइजेज, दिनेश्वर महतो, मांडू प्रखंड के सरिता देवी, मेसर्स पूर्णेन्दु कुमार बख्शी, मेसर्स गिरिजा सिंह, मो नफीस आलम, मेसर्स मोहम्मद कमालुद्दीन, मेसर्स पवन कुमार गुप्ता, मेसर्स मनोहर कुमार गुप्ता, ऋद्धि सिद्धि इंटरप्राइजेज, मेसर्स धर्मेंद्र सिंह, मेसर्स जय माता दी कंस्ट्रक्शन, पवन कुमार, मेसर्स मंगलम इंटरप्राइजेज, मेसर्स रणधीर कुमार, आरएस इंटरप्राइजेज, पतरातू प्रखंड के मेसर्स नायक कंस्ट्रक्शन, मेसर्स विकास इंटरप्राइजेज, मेसर्स यूथ इंटरप्राइजेज, मां काली कंस्ट्रक्शन, मेसर्स भवानी गोप, मेसर्स बिरसा कंस्ट्रक्शन, राजीव कुमार मेहता को नोटिस जारी किया है।

### इमली के पेड़ गिरने से बड़काकुरा में गाय की मौत, एक बच्चा घायल



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के कई इलाकों में शुक्रवार की सुबह एक बार फिर भयंकर आंधी के साथ ओलावृष्टि की बौछार ने किसानों की आर्थिक कमर तोड़ दी। जबकि गुरुवार की देर रात अकमरोमा गांव में जंगली हाथियों ने मित्रा पाहन गोप के खेतों में लगी फसलों को रौंद डाला और हस्ती पाइप को बुरी तरह तोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर लगातार हो रही ओलावृष्टि और आंधी के साथ बारिश से किसान खून के आंसू रोने को विवश हैं। लापुंग प्रखंड के अकमरोमा, नावाटोली, बड़काकुरा, माडी. मंगराटोली, दरमी टोली, दरन्दा, तिगरा, देवगांव सहित दर्जनों गांवों में शुक्रवार को भी भारी बर्फबारी ने किसानों के खेतों में खूब कहर बरपाया। लगातार दूसरे दिन आंधी और ओलावृष्टि से लोग कर रहे त्राहिमाम कर रहे हैं। तेज आंधी से बड़काकुरा में एक विशालकाय इमली का पेड़ गिर गया जिसकी चपेट में आकर सिलास बरला के एक गाय की मौत हो गई वहीं इसी घटना में मनोज बरला का 11 वर्षीय पुत्र प्रेम बरला घायल हो गया। जबकि भीषण ओलावृष्टि से अकमरोमा के गंगा साहु के 15 एकड़ खेतों में लगी तरबुज की फसल बर्बाद हो गई। वहीं कृष्णा साहु के दो एकड़, सूरज साहु के दो एकड़, तपेश्वर गोप के दो एकड़, छात्रेश्वर गोप के दो एकड़ में लगी तरबुज की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई। वहीं भोला गोप, कलेश गोप, आनंद साहु, परसु गोप, सुनील साहु, निरंजन गोप, पवन गोप मनोज गोप के खेतों में लगी खड़ी फसलों को ओलावृष्टि के कहर ने बुरी तरह बर्बाद कर दिया।

### शहीद स्थल लोटा में शहीद रघुनाथ महतो की जयंती मनाई गई



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी चूआड विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो जयंती पर सिल्ली प्रखंड के लोटा गढ़तेतर में वीर शहीद रघुनाथ महतो की जयंती मनाया गया। शहीद स्थल पर माल्यार्पण किया गया एवं साथ ही साथ उपस्थित वक्ताओं के द्वारा वीर शहीद रघुनाथ महतो के जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया एवं वीर शहीद के नारों से पूरा शहीद स्थल गूंज उठा। मौके पर वीर शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति लोटा सिल्ली के सदस्य गण एवं समाज के बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर परमानंद महतो, विकास महतो, मिथुन चंद्र महतो, टेटेमिक कुडमी/कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष रघुनाथ महतो, केंद्रीय सदस्य घनश्याम महतो, कार्तिक चंद्र महतो,शंकर महतो,उपेंद्र महतो,ललित रजक, मानिक, अजय, कृष्णा, शशि रंजन महतो, नंदलाल महतो, जितेंद्र नाथ महतो, रंजीत महतो समेत अन्य कई लोग शामिल हुए।

## 70 वर्षों से शरणार्थी का जीवन जी रहे भूमिहीन, केंद्र ले उनकी समस्याओं पर संज्ञान : चंद्र प्रकाश



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने पिछले 70 वर्षों से भूमिहीन होकर शरणार्थी की तरह जीवन जी रहे विस्थापितों का मामला संसद में उठाया। उन्होंने 377 नियम के अधीन सूचना के तहत केंद्र सरकार और विद्युत मंत्रालय से ऐसे विस्थापितों की समस्याओं पर संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे विस्थापितों को कहने को तो पुनर्वासित कर दिया गया है। आलम यह है कि इन लोगों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ तो मिलना दूर अब राज्य सरकार भी इन लोगों को विस्थापित नहीं मानती है। उन्होंने ऐसे लोगों को आवंटित भूमि को अपने नाम पर तत्काल म्यूटेशन करने, प्रत्येक पुनर्वासित परिवारों को प्रमाण पत्र जारी करने, विस्थापितों को प्राथमिकता पर स्थायी रोजगार देने का प्रावधान करने, विस्थापित गांवों में बिजली, पेयजल व अन्य बुनियादी ढांचे के विकास की सुविधा सहित आय बढ़ानेवाली योजनाओं का लाभ देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि डीवीसी ने 1950-51 में बोकारो थर्मल, मैथन बांध और कोनार बांध परियोजना के निर्माण के लिए ग्रामीणों को विस्थापित कर नई बस्ती, नवाटांड, लुआडीह, भुरसा, कैसरकरल गांव में बसा दिया। डीवीसी ने उजाड़े गए लोगों को विभिन्न मौजों में ऐसे दस्तावेजों के साथ बसाया है जिन्हें राज्य सरकार ने पिछले भूमि सर्वेक्षण के दौरान स्वीकार नहीं किया। इसलिए पुनर्वासित लोग ऐसी भूमि पर रह रहे हैं जो दूसरों, वन, डीवीसी आदि के नाम पर दर्ज है और मालिकाना हक नहीं मिलने के कारण कोई केंद्रीय योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। पुनर्वासित लोगों ने डीवीसी जैसी केंद्र सरकार की सार्वजनिक परियोजना के निर्माण के कारण अपनी पैतृक संपत्ति खो दी और भूमिहीन हो गए और पिछले 70 वर्षों से शरणार्थी की तरह रह रहे हैं। ऐसे लोगों का संज्ञान लेना आवश्यक है।

## पंचायत के दौरान भिड़े दो पक्ष, रणक्षेत्र में तब्दील हुआ बाजार, पुलिस ने कराया शांत



**गावां।** गावां बाजार में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब एक पंचायत के दौरान दो पक्ष आपस में भीड़ गए। देखते-देखते हो-हंगामा और धक्का-मुक्की होने लगा। इस दौरान हाथापाई हुई। दरअसल आरागारो और हरला के दो पक्ष गावां काली मंडा में पंचायत के लिए आए हुए थे। पंचायत शुरू हुई तो, इस दौरान किसी बात लेकर दोनों पक्ष आपस में उलझ गए। इस दौरान दोनों पक्ष काली मंडा से बाहर निकलते हुए बाजार में धक्का-मुक्की करने लगे। इस दौरान बाजार में कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गया। साथ ही भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो हो गई। वहीं पंचायत में शामिल कुछ लोग इधर-उधर भागते हुए भी नजर आए। सूचना पर गावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। वहीं मौके पर उपस्थित कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाना ले गई। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने कहा कि पंचायत के दौरान दो पक्ष आपस में उलझ गए थे। जिसे शांत कराते हुए दोनों पक्ष को घर भेज दिया गया है। फिलहाल इस संबंध में कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर विधि समस्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोकपाल की टीम ने किया प्रखंड का दौरा

# क्षेत्र भ्रमण कर टीम ने ली योजनाओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
शर्ड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे झारखंड राज्य के लोकपालों की टीम ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड का दौरा कर प्रशिक्षण से संबंधित कई जानकारियां प्राप्त की। यहां शामिल लोकपाल की टीम ने बेड़ो प्रखंड की ईटा पंचायत का भ्रमण कर पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया साथ ही लाभुकों और जनप्रतिनिधियों से मिलकर कई अहम जानकारियां प्राप्त की। पंचायत में स्थित मनरेगा पार्क के अवलोकन के दौरान टीम के सदस्यों ने 42 लाभुकों के द्वारा लगाए गए आम बागबानी योजना के अतिरिक्त सिंचाई कुप निर्माण योजना, डोभा निर्माण योजना, कच्ची नाली निर्माण योजना, टीसीबी निर्माण योजना, नडेफ कंपोस्ट निर्माण योजना के साथ-साथ निर्माण अधिनियम बुआ आवास योजना का अवलोकन कर लाभुकों से विभिन्न जानकारियां लिए। इसके उपरांत पंचायत कार्यालय में एक प्रशिक्षण सभा का आयोजन किया गया है जहां पंचायत में चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं से संबंधित अभिलेख दिखाकर अभिलेख से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां पंचायत के कर्मी एवं प्रखंड के पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। साथ ही मौके पर 7 रजिस्टर के अधतन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां टीम में शामिल लोकपाल ने प्राप्त किए। इसके उपरांत लोकपाल की टीम ने प्रखंड कार्यालय आकर मनरेगा कार्यों के तहत एन आई सी और इंटरनेट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त किए। मौके पर प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित अनुपम भारती उपनिदेशक मनरेगा कोसांग, निहार रंजन महाराणा राज्य समन्वयक प्लानिंग सेल राज्य मनरेगा कोषांग तथा दीपक कुमार मनरेगा कोषांग ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

झारखंड कृषि निर्यात कार्यशाला का आयोजन

# कृषि आधारित उद्योगों के विकास से रोजगार का सृजन संभव : परेश गट्टानी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एपीडा के सौजन्य से फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की अहारी उप समिति द्वारा चैंबर भवन में झारखंड कृषि निर्यात कार्यशाला का आयोजन किया गया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों के विकास से हजारों लोगों के लिए रोजगार का सृजन संभव है और इसके माध्यम से राज्य की ग्रामीण स्थिति काफी मजबूत होगी। चैंबर का प्रयास है कि कृषि एवं कृषि उद्योग से संबंधित केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का लाभ राज्य के कृषकों, उद्यमियों, ग्रामीण बेरोजगार युवाओं, सेल्फ हेल्प ग्रुप एवं फॉमर्स प्रोड्यूसर तक सुगमता से दिलाया जा सके ताकि झारखंड में कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग का विकास हो सके और यहां से पलायन एवं गरीबी का समाधान हो सके। मौके पर कार्यशाला में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, कृषि निदेशक डॉ ताराचंद, एयरपोर्ट डायरेक्टर आरआर मौर्या, एपीडा के रिजनल हेड एसके मंडल, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति सुनिलचंद्र दुबे, डीजीएफटी के विष्णुकांत, वेजफेड के एमडी अभिनव मिश्रा, कृषि विभाग के स्पेशल सचिव प्रदीप हजारे, एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन एजेंसी के डिप्टी डायरेक्टरपपी ख्वास के अलावा एचडीएफसी, केनरा और जेआरजी बैंक के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में प्रदेश के लगभग सभी जिलों के उद्यमी, ग्रामीण बेरोजगार, स्वयंसेवी संस्थान एवं कृषि उद्योग से संबंधित उद्यमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला दो सेशन में आयोजित की गई थी।

एनके एरिया में कोलफील्ड मजदूर यूनियन का दो दिवसीय अधिवेशन शुरू

# निजीकरण की ओर बढ़ रही है कोल इंडिया : गिरिनाथ सिंह

## यूनियनों की एकजुटता से बच पाएगा कोयला उद्योग व श्रमिकों का अस्तित्व : हरभजन

*वर्तमान परिस्थिति में कोल इंडिया प्रबंधन और केंद्र सरकार की नीति एक जैसी हो गई है*



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
एचएमएस से संबद्ध कोलफील्ड मजदूर यूनियन का दो दिवसीय अधिवेशन एनके एरिया के डकरा वीआईपी सभागार में शुरू किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि एचएमएस के महामंत्री हरभजनसिंह सिद्धू व राज्य के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह शामिल हुए। कोयला मजदूरों व यूनियन के पदाधिकारियों ने दोनों श्रमिक नेताओं का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हरभजनसिंह सिद्धू ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में कोल इंडिया प्रबंधन और केंद्र सरकार की नीति एक जैसी हो गई है। पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) लाया गया है। इन श्रम संहिताओं से ट्रेड यूनियनों के अधिकारों और श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे ट्रेड यूनियन के समक्ष चुनौती बढ़ गई है। इसलिए संगठित असंगठित क्षेत्रों के विभिन्न यूनियनों को एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है, तभी कोयला उद्योग और श्रमिकों का अस्तित्व बच पाएगा। वहीं गिरिनाथ सिंह ने कहा कि कोल इंडिया निजीकरण की ओर से बढ़ रही है। केंद्र सरकार की मंशा कोल इंडिया का निजीकरण कर एमडीओ मोड में ले जाने की है। सरकार की ऐसी मंशा को किसी भी हाल में सफल होने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए सभी श्रमिक संगठनों को एक मंच पर आकर संघर्ष करने जरूरत है। अधिवेशन में यूनियन के महामंत्री राघव रघुनंदन, रणजीत पांडेय, खुशीलाल महतो ने भी अपने विचार रखे।

# एप्टीट्यूड टेस्ट व पेरेंट्स इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दिल्ली पब्लिक स्कूल ने ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को एप्टीट्यूड टेस्ट (सत्र 2025 - 26) आयोजित किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस परीक्षा में देशभर से 1000 से अधिक आवेदक इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। इससे पहले, आवेदकों को स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा पैटर्न, परीक्षा की समय अवधि, विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी संकाय की परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम के बारे में सभी जानकारी मिल गई थी। एप्टीट्यूड टेस्ट के साथ, डीपीएस ने विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए एक सूचनात्मक और संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया। यह सत्र विवेकानंद सभागार में आयोजित हुआ और इसमें विद्यालय के प्राचार्य, डॉ. आरके झा और करियर काउंसलर, वकास कुमार ने अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम को श्री आलोक कुमार पाठक (हेडमास्टर) एवं संतोष कुमार (हेडमास्टर) ने भी संबोधित किया। मौके पर प्राचार्य डॉ आरके झा ने कहा कि, ह्यडीपीएस के विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है।

आरबीआई ने बैंकिंग और केंद्रीय बैंकिंग पर की पैनल परिचर्चा

# युवा वित्तीय शासन में शिक्षित हों : प्रेम रंजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय रिजर्व बैंक ने 21 मार्च को राँची स्थित होटल बीएनआर चाणक्य में अगले दशक में बैंकिंग और केंद्रीय बैंकिंग विषय पर पैनल परिचर्चा का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय बैंक की पूर्व उप गवर्नर श्यामला गोपीनाथ थी। इस चर्चा का संचालन भारतीय रिजर्व बैंक रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने किया। मौके सर्वश्री गोविंद सिंह (प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक), के.वी. बंगारराजू (मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक), राकेश श्रीवास्तव (मुख्य महाप्रबंधक, आरबीआई चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय) सहित आरबीआई और बैंकिंग समुदाय के अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल हुए । साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व कार्यपालक निदेशक अनिल कुमार शर्मा, पश्चिम बंगाल के क्षेत्रीय निदेशक रामचंद्रन केशवन तथा विदेशी मुद्रा विभाग के प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक आदित्य गैहा आभासी माध्यम से चर्चा से जुड़े। अपने उद्घाटन संबोधन में प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने विशिष्ट अतिथियों और पैनलिस्टों का स्वागत करते हुए इस चर्चा को पूरे प्रदेश के बैंकिंग और अर्थ जगत के लिए महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय बताया। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में उत्तरोत्तर सुदृढ़ता, डिजिटल क्रांति, प्रगामी वित्तीय साक्षरता और संसाधन अनुकूलन की उपलब्धियों को रेखांकित किया, जिन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। उन्होंने युवाओं को वित्तीय शासन में शिक्षित करने और वित्तीय जागरूकता बढ़ाने की सफल पहलों का भी उल्लेख किया। पैनल के सभी सदस्यों ने विषय पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किये, जिसके उपयोग कार्यक्रम की अध्यक्षा ने अपने व्यापक अनुभवों एवं अंतर्दृष्टि को साझा किया। कार्यक्रम के अगले सत्र में उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय की एक और अभिनव पहल के अंतर्गत विश्व भर में समादृत देश के केंद्रीय बैंक की अब तक की यात्रा के नौवें दशक अर्थात 2015 से 2024 तक की चुनौतियों और उपलब्धियों पर अत्यंत सुविचारित प्रस्तुति दी । चर्चा और प्रस्तुति ने भारतीय रिजर्व बैंक और बैंकिंग जगत के कामकाज पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसे उपस्थित अधिकारियों और बैंकिंग समुदाय ने दिल खोल कर सराहा और इसे न केवल प्रदेश बल्कि परे देश के लिए एक महत्वपूर्ण पहल और यादगार कार्यक्रम बताया ।

## एक नजर

### भुरकुंडा का रिवर साईड बना मोरों का नया ठिकाना

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा का रिवर साईड इलाका इन दिनों मोरों का नया ठिकाना बन गया है, जो स्थानीय लोगों के लिए बहुत ही रोमांचक दृश्य प्रस्तुत करता है। खास कर सुहावने मौसम में दर्जनों मोर सीसीएल कॉलोनियों, जैसे शिवमंदिर कॉलोनी, गिद्दी मोड़ कॉलोनी, आकाशदीप और चीफ हाउस इलाके में विचरण करते हुए नजर आते हैं। यह विचित्र घटना पिछले दो वर्षों से हो रही है। अब यहां सवाल यह उठ रहा है कि ये मोर आते कहां से हैं और फिर जाते कहां हैं। कुछ स्थानीय लोग मानते हैं कि ये मोर भदानीनगर के दूरदराज ग्रामीण इलाकों से आते हैं, लेकिन इसके बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। मोरों का यह आगमन स्थानीय पर्यावरण के लिए एक नया पहलू लेकर आया है और क्षेत्रीय लोगों के लिए भी यह एक आकर्षक अनुभव बन गया है।

### श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चों ने सुनीता विलियम्स की वापसी का किया स्वागत

**रामगढ़।** कुल 286 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने के बाद अंतरिक्ष यात्री भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स के सुरक्षित पृथ्वी पर वापस आने को लेकर श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चों ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सुनीता विलियम्स के धैर्य, साहस एवं आत्मविश्वास के बदौलत पृथ्वी पर सकुशल वापसी पर उनका हार्दिक स्वागत करते हुए बधाई दी। साथ ही भारतीय मूल की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री होने के कारण गर्व महसूस किया। 19 मार्च 2025 को भारतीय समय अनुसार तड़के 3.27 पर चार अंतरिक्ष यात्रियों को लाने वाला कैप्सूल फ्लोरिडा के तट के पास समंदर में गिरा। ये चार अंतरिक्ष यात्री स्टारलाइनर अंतरिक्षयान में विफलता के कारण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए थे।

अबुआ आवास योजना के शिकायत पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान

# बीडीओ को पंचायत सचिव व मुखिया से राशि की वसूली का दिया निर्देश



रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बड़काचुंबा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं इंदिरा आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त कर चुके लोगों को पुनः अबुआ आवास योजना के तहत लाभ दिए जाने संबंधित शिकायत पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने संज्ञान लिया है जिसके उपरांत उन्होंने उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू को पत्र लिखकर मामले की स्थल जांच करने एवं बड़काचुम्बा पंचायत के पंचायत सचिव एवं मुखिया से स्पष्टीकरण पूछते हुए दो दिनों के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उप विकास आयुक्त ने जांच के उपरांत राशि की वसूली करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू को दिए हैं। गौरतालब है कि बड़काचुंबा पंचायत के पंचायत सचिव, लाभुक एवं पंचायत के मुखिया पर आरोप है कि उनकी मिली भगत से प्रधानमंत्री आवास एवं इंदिरा आवास प्राप्त व्यक्तियों से मोटी रकम लेकर पुनः अबुआ आवास दे दिया गया। जिस कारण वास्तविक व्यक्तियों को आवास नहीं मिल पा रहा है। पूर्व में प्रधानमंत्री आवास प्राप्त व्यक्तियों (1) दुखन प्रजापति पिता बैजनाथ प्रजापति जिसका आइडी नं-2465077 है। दुखन प्रजापति की पत्नी फुलकी देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है। जिसका आइडी न-1972092 है। (2) जगरनाथ प्रजापति पिता पारसनाथ प्रजापति जिसका आइडी न-2504833 है। जगरनाथ प्रजापति की पत्नी संगीता देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है जिसका आइडी न 2120977 है। (3) वागेश्वरी देवी पति भोला करमाली को पूर्व में इन्द्रा आवास मिला था तथा पुनः वागेश्वरी देवी पति भोला करमाली को ही अबुआ आवास दिया गया है जिसका आइडी न 2123159 है।

### डाड़ी प्रखंड जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का हुआ प्रशिक्षण

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं के कार्यप्रणली में वृद्धि के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सार्वजनिक वितरण प्रणाली विषय को लेकर विस्तार से जानकारी दिया। जिसमें ईपॉस मशीन, वेट मशीन के कार्यप्रणाली से उत्पन्न समस्या के हल के बारे में जानकारी दिया। साथ ही 21 मार्च से 27 मार्च तक ईकेजीसी सप्ताह में सभी डीलरों को वैसे कार्डधारियों जिनका केवाईसी अभी तक नहीं हुआ है, उसके कारण क्या हैं उसकी रिपोर्ट प्रतिदिन देने का निर्देश दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### चैनगड़ा को प्रखंड बनाने को लेकर ग्रामीणों ने जयराम महतो को सौंपा मांग पत्र

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सक्रिय सदस्य श्यामसुंदर महतो एवं जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो के नेतृत्व में रामगढ़ जिला के बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत चैनगड़ा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर लोगों ने पार्टी के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो को मांग पत्र सौंपा। जिसपर टाइगर जयराम महतो ने आश्वस्त किया कि इसको कार्मिक विभाग के संज्ञान में देने का कार्य करेंगे। कहा की राजयभर के सभी विधायकों को निर्देश मिला है कि अपने-अपने क्षेत्र से भौगोलिक स्थिति के तहत प्रखंड बनाने की अर्हता पूरी करता हो, वैसे क्षेत्र की लिस्ट उपलब्ध कराना है। श्याम सुंदर महतो ने कहा की चैनगडा को प्रखंड बनाए जाने के लिए सरकारी प्रावधानों की सभी अर्हता पूरी करता है। गांव से पतरातु की दूरी ज्यादा होने के कारण क्षेत्र के लोगों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में पतरातु प्रखंड 46 पंचायतो की बड़ी आबादी के साथ-साथ, बड़े क्षेत्रफल का प्रतिनिधित्व करता है। जिसके कारण बहुत से पंचायत ऐसे हैं, जिनकी प्रखंड कार्यालय से दूरी 45 किलोमीटर से अधिक होने के कारण आम जनमानस को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मांगपत्र में मुख्य रूप से श्यामसुंदर महतो, प्रदीप कुमार, फोचवा देवी, राजेश महतो दीपू गोप, पंचदेव करमाली, रविंद्र मुंडा दीपक कुमार, रवि पासवान, गिरी शंकर महतो, श्याम कुमार, संजीत शर्मा, विजय ठाकुर, अनिल मुंडा, बलराम कुमार, मनोज महतो, लालधारी महतो, साजिद, आदिल, शिवलाल महतो, तुलसी मुंडा, बैजनाथ मुंडा, गणेश मुंडा, बिट्टू कुमार महतो, नरेश आदि के हस्ताक्षर हैं।

### घर के ऊपर झूल रहे बिजली तार को जल्द नहीं हटाया गया तो होगा आंदोलन : मुखिया



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोनहारा खुर्द पंचायत के मेरमगड्डा मोड़ स्थित कई घरों के उपर झुल रहे विद्युत तार को हटाने की मांग मुखिया मुन्नी देवी ने विभाग से की है। मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा ने बताया कि मेरमगड्डा मोड़ स्थित बिजली का एलटी तार कई घरों के उपर झुल रहा है। जिससे लोगों पर हमेशा खतरा बना हुआ है। पोल और तार की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। वहीं पोल का इन्सुलेटर से तार टूटकर पास के पेड़ में सटा हुआ है। जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर लगातार छह महीने से विभाग के कनीय अभियंता समेत अन्य पदाधिकारी को अवगत कराया जा रहा है। लेकिन आजतक विभाग की ओर से कोई देखने तक नहीं आया है। वहीं मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया और कोई घटना घटित होती है तो उसकी जवाबदेही विभाग की होगी।साथ ही विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। विदित हो घंघरी फीडर का तार और पोल काफी जर्जर हो चुकी है जिसे बदलने की मांग लोग हमेशा से करते रहे हैं। विभाग के उदासीन रवैए से लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि विभाग की इस तरह की लापरवाही अच्छी नहीं है।

### रामनवमी के महासमिति के अध्यक्ष को सांसद व कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने दी बधाई



हजारीबाग। ऐतिहासिक रामनवमी- 2025 के अध्यक्ष हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड के ग्राम बांका निवासी बसंत यादव चुने गए। हजारीबाग के रामनवमी महासमिति- 2025 के नव निर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव को सांसद मनीष जायसवाल ने बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में 2025 का रामनवमी महोत्सव की गरिमा और भव्यता बढ़ें। साथ ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक संपन्न हो। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने उन्हें बधाई दी और महासमिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुन्ना सिंह ने कहा कि बसंत यादव की यह जीत महासमिति के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके नेतृत्व में समिति और अधिक प्रभावशाली तरीके से कार्य करेगी तथा हजारीबाग में रामनवमी उत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि वह सभी वर्गों को साथ लेकर महासमिति को और मजबूत करेंगे तथा सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देंगे। गौरतलब है कि इस चुनाव में कुल 240 मत डाले गए थे। बसंत यादव ने 116 वोट प्राप्त किए, जबकि विशाल बाल्मीकि को 61, दिलीप गोप को 30 और मीत यादव को 15 मत मिले।

राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जांच शिविर का हुआ आयोजन

# 20 बच्चों की जांच के बाद 14 में फ्लोरोसिस बीमारी की हुई पुष्टि

- शिविर में जांच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कूल के स्टाफ को दी गई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 21 मार्च को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ तूलिका रानी के नेतृत्व में पब्लिक स्कूल घुटवा, पतरातू में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। कुल मिलाकर 62 बच्चों की जांच डॉ पल्लवी कौशल, डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट एवं सीएचओ स्नेहा कुमारी, एएएम घुटूवा द्वारा की गई। कुल 20 बच्चों में जांच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार द्वारा जांच उपरान्त 14 बच्चों में इस बीमारी कि पुष्टि हुई। शिविर में जांच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कूल के स्टाफ को दी गई। डॉ पल्लवी कौशल, डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं । साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खट्टे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी। जिससे की शरीर में फ्लोराइड इक्टठा नही होता हैं। बताया कि सदर अस्पताल रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जाँच करवा सकता हैं। शिविर को सफल बनाने में क्षेत्र की सीएचओ, ड्रेसर, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## ममता देवी ने रात्रि प्रहरियों के लिए सम्मानजनक मानदेय की मांग उठाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी ने शून्यकाल के माध्यम से प्रखण्ड संसाधन केंद्रों में कार्यरत रात्रि प्रहरियों की समस्याओं को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ सहित झारखंड के अन्य जिलों में कई रात्रि प्रहरी बीते 15 से 20 वर्षों से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक सम्मानजनक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। विधायक ममता देवी ने सरकार से आग्रह किया कि इन रात्रि प्रहरियों की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनके मानदेय को उचित रूप से बढ़ाया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन प्राप्त हो सके। उन्होंने इस मामले में जल्द से जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की।

### सांसद खीरु महतो ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**रामगढ़।** राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि ग्राम बसंतपुर, पचंडा और कोतरे की भूमि में सीसीएल ने आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से कोयला खनन करना चाहती है। जिसकी अधिसूचना कोल वेरिंग एक्ट 1957 के तहत एसओ नं 981 (ई) 22 दिसंबर 1980 एवं एसओ नं 2082 30 जून 1981 तथा एसओ नं 1007 12 नवंबर 2020 से जमीन अधिग्रहित की गई है। लेकिन परियोजना के अधीनस्थ पड़ने वाले रैयती भूमि का मुआवजा भुगतान सीसीएल आज तक नहीं की है। वहीं बीच में टाटा स्टील कंपनी को 28 फरवरी 2008 को गोला निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री संख्या 869/2008 से 630.93 एकड़ भूमि 140734329.00 (चौदह करोड़ सात लाख चौतीस हजार तीन सौ उन्तीस रुपए) में किस अधिकार से बेचा उसकी जांच की जाए। जबकी रैयतों को जमीन का मुआवजा भी नहीं मिला है।

उपायुक्त ने की जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक

# आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिदार्थ शंकर चौधरी द्वारा उपायुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 61869 छात्र-छात्राओं ने ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया है, वहीं आईएनओ द्वारा 56466 छात्र-छात्राओं के आवेदनों को सत्यापित किया गया है। पूर्व में 41786 बच्चों को छात्रवृत्ति के लिए अनुमोदन दिया जा चुका है। वर्तमान में प्रीमैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 14680 विद्यार्थियों को अनुमोदन दिया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कोयला तस्करी रोकथाम को लेकर जीटी रोड में पुलिस की कड़ी कार्रवाई

# डीआईजी के निर्देश पर पुलिस ने दर्जनों ट्रक को पकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत गुरुवार को जीटी रोड़ स्थित सक्रेज ओर घंघरी में डीआईजी के निर्देश पर बरकट्ठा पुलिस ने कोयला तस्करी रोकथाम को लेकर ट्रकों की जांच अभियान चलाया। अभियान में बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता और डीआईजी के द्वारा टीम गठित कर कार्रवाई की गई। वहीं बरकट्ठा पुलिस ने जीटी रोड से गुजर रही ट्रकों की जांच करते हुए ओवर लोड कोयला लदे ट्रकों को पकड़ कर थाना लाई। पुलिस ने धनबाद जिले अंतर्गत विभिन्न जगहों के कोलियरी से कोयला लादकर बिहार और उत्तर प्रदेश जा रही ट्रकों को पकड़ा। जिसमें जेएच 12 सी 9201, बीआर 24 जीसी 9391, जेएच 10 सीटी 8238, जेएच 10 सीएन 6058, जेएच 10 बीएक्स 4888, यूपी 54 टी 5928 समेत कुल 16 ट्रक शामिल हैं। सभी ट्रकों पर क्षमता से अधिक कोयला लादकर ले जाया जा रहा था। मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 32/25 हैं। डीआईजी के द्वारा की गई विशेष छापामारी अभियान से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया।

### पुलिस ने अवैध कोयला लदे ट्रक चोरी करने के आरोप में चार को भेजा जेल




**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के घंघरी के पास डीआईजी के निर्देश पर टीम गठित कर 16 अवैध कोयला लदे ट्रक को पकड़कर गुरुवार शाम पांच बजे बरकट्ठा थाना के पास खड़ा किया गया था। जिसके बाद रात्रि 10:00 बजे अजय कुमार पिता महादेव यादव ,श्याम सुंदर यादव पिता लालधारी यादव दोनों ग्राम आल्हो थाना जयनगर, मनोज तुरी पिता देबु तुरी, फरकी पत्थर ,थाना कौआ कोल जिला नालंदा, सुधीर प्रसाद पिता चंद्रिका प्रसाद जेहालडीह थाना सिरदला जिला नवादा,को ट्रक चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।वहीं कांड संख्या 33/25 दर्ज करते हुए शुक्रवार दोपहर 3:00 बजे चारों चोर को न्यायिक हिरासत हजारीबाग भेज दिया गया।

ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन का 17 वां स्थापना दिवस मनाया गया

# किसी भी हाल में कर्मचारी यूपीएस को स्वीकार नहीं करेंगे : डा. कश्यप



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
20 मार्च को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कमर्चारी यूनियन का 17 वां स्थापना दिवस बरकाकाना शाखा द्वारा रेलवे रीक्रिएशन क्लब बरकाकाना में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप करमाली स्टेशन प्रबंधक हेहल ने और संचालन उदय महतो ने किया। इस अवसर पर राजहंस कुमार सिंह मंडल यातायात प्रबंधक बरकाकाना एवं डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप (एनएमओपी, झारोटेप झारखंड )के प्रांतीय उप महासचिव, लोकेश कुमार प्रदेश संयुक्त सचिव मुख्य रूप पर उपस्थित हुए। स्थापना दिवस का उद्घाटन अवधेश कुमार गुप्ता केंद्रीय उपाध्यक्ष ईसीआरईयू हाजीपुर ने किया। उद्घाटन करते हुए श्री गुप्ता ने बताया की ईसीआरईयू का जन्म एक लंबे संघर्ष की देन है। भारतीय रेल में तथाकथित सरकार परस्त यूनियन मौका परस्त यूनियन से मजदूरों का कल्याण नहीं हो पा रहा था इसलिए सन 2008 में लोगों के अथक प्रयास से इस यूनियन का जन्म हुआ। 2013 में इस यूनियन ने चुनाव में भागीदारी दी और फिर 2024 के चुनाव में रेलवे में अपने को स्थापित किया और एकमात्र एक यूनियन के रूप में विजय घोषित हुआ। डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि आज आपके कार्यक्रम में 45 विभाग के कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी होता रहेगा। डॉ कश्यप ने कहां कि किसी भी परिस्थिति में हमारे कर्मचारी यूपीएस को स्वीकार नहीं करेंगे। हर हाल में पूरे देश के कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार को पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करना होगा। अगर केंद्र सरकार इसे लागू नहीं करती है तो पूरे देश के कर्मचारी आंदोलन करने पर विवश होंगे।

सोंढ़ ठाकुर बाड़ी मंदिर से अष्टधातु की बनी 6 मूर्तियां हुई चोरी

# लोगों ने रजरप्पा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रजरप्पा थाना अंतर्गत चितरपुर के सोंढ़ स्थित ठाकुर बाड़ी मंदिर से गुरुवार की रात्रि अष्टधातु की बनी राधाकृष्ण सहित 6 मूर्तियों की अज्ञात चोरों दवाई चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है. इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है. आक्रोश लोगों ने मामले में रजरप्पा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. लोगों ने थाना में दिए आवेदन में बताया है कि सोंढ़ के ठाकुर बाड़ी मंदिर राधाकृष्ण कि अष्टधातु से बनी मूर्ति स्थापित थी. साथ ही अष्टधातु अन्य देवी देवताओं कि 5 और मूर्तियां वहां पर स्थापित थीं. आवेदन में लोगों ने बताया कि चोरी गई मूर्तियों की कीमत लाखों में थी. लोगों ने रजरप्पा थाना में दिए आवेदन में बताया

### लोगों में भारी आक्रोश

की मंदिर से मूर्तियों की चोरी होने से उन्हें काफी ठेस पहुंची है. लोगों द्वारा पुलिस से मामले में शामिल चोरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है. लोगों ने पुलिस से आग्रह किया है कि चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उस कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। आवेदन में सोंढ़ निवासी सुरेन्द्र सिंह, गोलू सिंह, मिथलेश तिवारी, कुलदीप सिंह और चंदन महतो के हस्ताक्षर हैं.

हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने बसंत यादव, कहा

# रामनवमी की परंपरा और भव्यता के लिए कार्य करूंगा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग की रामनवमी 2025 के संचालन को लेकर महासमिति अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें बसंत यादव विजयी हुए महासमिति अध्यक्ष पद के लिए चार रामभक्तों ने अपनी दावेदारी पेश की थी ,जिसमें बसंत यादव को 116 मत विशाल बाल्मीकि को 61 मत , दिलीप यादव को 30 मत एवं मीत यादव को 16 मत प्राप्त हुआ इस तरह बसंत यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 55 मतों से हराया ' चुनाव परिणाम आते ही रामभक्तों का उत्साह देखते बन रहा था। रामनवमी महासमिति अध्यक्ष पद पर विजयी बसंत यादव ने कहा कि यह जीत हजारीबाग के रामभक्तों की जीत है। मैं हजारीबाग के रामनवमी की परम्परा का निर्वहन करते हुए बेहतर से बेहतर संचालन के लिए प्रतिबद्ध हूं। हजारीबाग की रामनवमी हजारीबाग को अलग पहचान देता है,और इस पहचान और प्रतिष्ठा को कायम रखूंगा। वहीं रामनवमी संरक्षण समिति सह चुनाव संचालन समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने हजारीबाग रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव को बधाई व शुभकामना देते हुए। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की जिम्मेवारी जिस आशा और विश्वास के साथ हजारीबाग के लोगों ने दिया है। उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने कार्यों और कर्तव्यों के साथ महासमिति का सहयोग और मार्गदर्शन करेगी।

### सदर विधायक ने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष को दी बधाई



सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं? दीं। उन्होंने कहा कि श्री यादव का चयन समिति के प्रति उनके समर्पण, संगठनात्मक क्षमता और समाजसेवा के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाता है। उनके नेतृत्व में महासमिति रामनवमी महोत्सव को और अधिक भव्यता तथा अनुशासन के साथ आयोजित करने में सफल होगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा, हजारीबाग की रामनवमी पूरे देश तथा विदेश में अपनी भव्यता, अनुशासन और सांस्कृतिक एकता के लिए जानी जाती है।

# दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त ने पत्नी के साथ की रामरेखा धाम में पूजा

● रामरेखा धाम में व्याप्त समस्याओं को जल्द किया जाएगा दूर

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र रामरेखा धाम पहुंचे। वहां आयुक्त का रामरेखा धाम समिति के सदस्य एवं पाकरडांट प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद उन्होंने सपत्निक धाम के पवित्र गुफा में देवी देवताओं के विग्रहों का दर्शन पूजन कर क्षेत्र की जनता के सुख समृद्धि की भगवान से कामना की। पुरोहित के द्वारा विधि पूर्वक पूजन करवाया गया. उन्होंने जगह जगह प्रभु श्री राम के आगमन के प्रतिक चिन्हों का भी दर्शन किया और उन्होंने रामरेखा धाम आकर दर्शन पूजन को एक अद्भुत अनुभव बताया. उन्होंने श्री रामरेखा धाम की प्राकृतिक छटा की भी सराहना करते हुए एक विकसित धार्मिक पर्यटन के लिए प्रयास की बात कही। उन्होंने समितियों के सदस्य से वहां की विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर श्रीरामरेखा धाम के संरक्षक कौशलराज सिंहदेब ने उनको शॉल देकर सम्मानित किया. धाम की समस्याओं के चर्चा के दौरान संरक्षक जी ने विभिन्न मांगो के लिए आवेदन देकर ध्यान आकर्षित कराया जिसमें मुख्यतः लगभग तीन वर्षों से श्रीरामरेखा धाम और आस पास के गांव पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं एवं मोबाईल नेटवर्क की भी एक गंभीर समस्या है और धाम की घाटी सड़क संकरी होने से दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है. यात्रियों और श्रद्धालुओं को इन समस्याओं से यदा कदा जूझना पड़ता है. आयुक्त के द्वारा इन सभी समस्याओं को जल्द ही समाधान कराने का आश्वासन देते हुए सभी के सहयोग से, सभी मिलकर धाम के विकास के लिए प्रयासरत रहने की बात कहीं। इस अवसर पर रामरेखा धाम समिति के पदाधिकारी एवं अनुमण्डल अधिकारी, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी , प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर, सिमडेगा, पाकरटांड प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा कार्यालय में खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा का दिया गया विशेष प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** खाद्य सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण देकर शुक्रवार को व्यापारियों को फॉस्टैक के जरिए सुरक्षित खाद्य निर्माण और भंडारण की जानकारी दी। सिमडेगा में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत व्यापारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग में आयोजित इस कार्यक्रम में एफएसएसएआई टीम ने निःशुल्क फॉस्टैक प्रशिक्षण प्रदान किया | मास्टर ट्रेनर ने व्यापारियों को फॉस्टैक के जरिए सुरक्षित खाद्य निर्माण की दी जानकारी।अभिहित अधिकारी सह मुख्य चिकित्सा सिमडेगा डॉक्टर रामदेव पासवान ने बताया कि यह प्रशिक्षण आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर आयोजित किया गया।इसका उद्देश्य व्यापारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री के निर्माण, भंडारण, परिवहन और विक्रय की जानकारी देना था।मास्टर ट्रेनर मुकुल गुप्ता ने व्यापारियों को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की कार्यप्रणाली समझाई। उन्होंने लाइसेंस की महत्वपूर्ण जानकारी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपूर्वा मिंज के अनुसार, प्रशिक्षण में पैकेज्ड फूड से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में फर्स्ट इन फर्स्ट आउट नियम और उसके पालन का तरीका बताया गया। मिलावट की पहचान और उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की सावधानियों पर विशेष ध्यान दिया गया। फूड हैंडलिंग और स्वच्छता के नियमों की भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम में सिमडेगा जिला के खाद्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड वाटर डे के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा होगा कई कार्यक्रम

**सिमडेगा।** वर्ल्ड वाटर डे के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शुरुआत शनिवार की सुबह 9.30 बजे जागरूकता रैली निकालकर की जाएगी। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि विश्व जल दिवस के मौके शहर में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जल संरक्षण की दिशा में जागरूक किया जाएगा। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से शुरू होने वाले रैली में शामिल प्रतिभागी शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने की कोशिश करेंगे। साथ ही प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न लीगल लिटरेसी क्लब में शिविर आयोजित कर दिवस के महता और विशेषताओं के बारे जानकारी दी जाएगी।

प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय में आंतरिक वित्तीय संसाधन एवं विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

# एनएच पर बड़ी गाड़ी एवं भारी वाहनों का जांच करे : आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला अंतर्गत विभागवार आंतरिक वित्तीय संसाधन एवं विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम प्रमंडलीय आयुक्त ने आंतरिक संसाधन अंतर्गत राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व का जो लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है उसे हर हाल में प्राप्त किया जाए। समीक्षा में उत्पाद विभाग के शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। परिवहन विभाग का 86.85 प्रतिशत, मोटरयान निरीक्षक का 23.8प्रतिशत,वहीं निलाम पत्र की वसूली मात्र 18% रहा।उन्होंने कहा कि 18% काफी कम है।निलाम पत्र पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही परिवहन एवं मोटरयान निरीक्षक को शत् प्रतिशत राजस्व वसूली करने की बात कहीं। आयुक्त ने ग्राम गाड़ी की संचालन की भी जानकारी ली। उन्होंने कई मार्ग पर छोटी बसों का भी परिचालन सुनिश्चित करने की बात कही। जिले में ई- रिक्शा एवं ऑटो संचालन की परमिट की जानकारी ली। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 800 से अधिक ऑटो रजिस्टर्ड है जिसमें से 204 के पास परमिट है। आयुक्त ने सत प्रतिशत ऑटो का परमिट देने की बात कहीं। कोई भी ऑटो बिना परमिट के नहीं चलेगी इसे सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने एनएच पर बड़ी गाड़ी एवं भारी वाहनों का जांच करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान ओवरलोड पाए जाने वाली गाड़ियों पर कड़ी कार्रवाई करने बात कहीं। जिला मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा की। मत्स्य विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 84.56 % का वसूली की गई है। 38तालाबों में मात्र 35 हजार संग्रहण किया जाता है। जिसका पुनः एसेसमेंट करने की बात कहीं। नगर परिषद द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 96.72% राजस्व की वसूली की गई है। इस माह में शत् प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। बस स्टैंड, बाजार, ऑटो -सह-टैक्स स्टैंड एवं डेली मार्केट की शैरात वसूली हेतु यथाशीघ्र टेंडर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय वसूली नहीं इसे सुनिश्चित करें। वाणिज्य कर आयुक्त के द्वारा 68.99 प्रतिशत लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रह किया गया।खनन विभाग की समीक्षा की गई, वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप 81.48% की वसूली की गई है। जिले में अवैध खनन की जानकारी लेते हुए अवैध खनन न हो इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं जिले के सभी खनन पट्टा का जांच करने का निर्देश दिया की कहीं खनन क्षेत्र का एरिया वन क्षेत्र में तो नहीं आता है।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा के आचार्य-आचार्या ने चलाया विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाया वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा ने सिमडेगा प्रखंड के तामड़ा, भेलवाड़ीह, कामतारा आदि गांव में जाकर भैया-बहनों के द्वार में पहुंचकर बच्चों के विकास को लेकर अभिभावकों से चर्चा की । सामूहिक रूप से गांव के सभी टोले मोहल्ले में पहुंचकर छात्र हित में अभिभावकों से मिले । इस दौरान सभी आचार्य-आचार्या भैया-बहनों के पढ़ने का समय , घर में उनके द्वारा किये जा रहे क्रियाकलाप , खेलकूद और उनके अन्य गतिविधियों पर विस्तृत रूप से अभिभावकों से चर्चा की । इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य-आचार्या ने क्षेत्र के भ्रमण कर नवीन नामांकन के लिए भी अभिभावकों को जागरूक किया । इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विषय में भी लोगों को बताकर पढ़ाई के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया । इस अभियान में विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्याओं ने जोर-शोर से हिस्सा लिया ।

## नवनिर्मित आईटीआई में पढ़ाई हो शुरू : विधायक



**बानो।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने प्रखण्ड में बने नव निर्मित आई टी आई बानो में पढ़ाई आरम्भ करने की मांग सदन में उठाया।मालूम हो कि पूर्व विधायकों के प्रयास से बानो समड़ेगा में आई टी आई भवन व होस्टल बन कर तैयार हैं परन्तु प्रशिक्षण आरंभ नहीं होने से हाथी का दांत बन गया है।मालूम हो कि श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत वर्ष 2021 भवन का शिलान्यास तत्कालीन विधायक कोचे मुंडा के द्वारा किया गया था।परन्तु चार साल बीत जाने के बावजूद भी प्रशिक्षण केंद्र में पढ़ाई आरम्भ नहीं होने से लोगों में निराशा है। इधर ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक सुदीप गुड़िया को एक आवेदन देकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बानो को चालू करने की मांग रखा था। इस पर क्षेत्र जुझारू विधायक सुदीप गुड़िया ने बानो के आम जनता की मांग को देखते हुए गुरुवार को शून्य काल में सदन में बानो समड़ेगा का आई टी आई केंद्र में प्रशिक्षण आंरभ करने की मांग रखा ।

## अल्पसंख्यक वर्गों के स्कूल के लिए बनाई जाए नियमावली : विधायक नमन विक्सल

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोगाड़ी ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार के समक्ष अल्पसंख्यक वर्गों के स्कूल के संचालन हेतु नियमावली एवं अधिनियम बनाने को लेकर मांग रखी है।उन्होंने कहा अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षक आर्थिक, सामाजिक, सहयोग से यहां के छात्र छात्राओं का भविष्य बनाने का काम किया है।नतीजा अच्छे-अच्छे पदों पर इनके विद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके बच्चे उच्च पदों को सुशोभित कर रहे हैं या कर चुके हैं। अनुच्छेद 30 में अल्पसंख्यक संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार है।पर अल्पसंख्यक विद्यालयों को चलाने के लिए कोई अधिनियम या नियमावली नहीं होने के कारण शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं संचालन समितियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा।उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि उक्त संस्थान को चलाने के लिए अधिनियम एवं नियमावली बनाई जाए। जिससे अल्पसंख्यक संचालन समितियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## कोलेबिरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना परिसर में 22 मार्च दिन शनिवार शाम 04:00 बजे से रामनवमी,ईद और सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है।उक्त जानकारी देते हुए कोलेबिरा थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह ने थाना क्षेत्र के शांति समिति के सदस्यों,गण मान्य व्यक्तियों एवं ग्रामीणों को शांति समिति की बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## साइबर ठगी करने के तीन आरोपियों को सदर पुलिस ने सिमडेगा से किया गिरफ्तार

**सिमडेगा।** देवघर निवासी साइबर अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा है। सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार पासवान के नेतृत्व में सदर थाना की पुलिस ने सिमडेगा भट्टीटोली से देवघर निवासी रतन दास, बास्की दास और जितेंद्र दास नामक तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। देवघर में गिरफ्तारी के डर से वे लोग सिमडेगा में छिपकर रह रहे थे। इधर साइबर ठग के मंसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया है। साइबर ठग में किराए में रहकर सिमडेगा के लोगों को अपना शिकार बनाने का प्रयास कर रहे थे। एसडीपीओ बैजू उरांव और डीएसपी मुख्यालय रणवीर कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार ठगो का मोबाइल नंबर एवं अन्य जानकारी झारखंड पुलिस के प्रतिबिंब पोर्टल में जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस ने भी आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए तीनों ठगों को गिरफ्तार किया। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान सब इंस्पेक्टर रोहित रजक एवं अन्य उपस्थित थे।

## उल्लास कार्यक्रम के तहत शिक्षकों के बीच पंजीकरण फॉर्म का वितरण

स्कूलों में पेयजल समस्या को दूर करने पर मंथन



**जलडेगा।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों के बीच पंजीकरण फार्म का वितरण किया गया तथा दिनांक 23 मार्च 2025 को होने वाले मूल्यांकन परीक्षा पर चर्चा और दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी विद्यालयों को प्रश्न पत्र का वितरण किया गया। वर्तमान में सभी विद्यालयों में पेयजल की क्या व्यवस्था है इसका विद्यालय वार डेटा का संकलन किया गया। बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी ने कहा कि किसी भी विद्यालय में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए यदि किसी विद्यालय में पानी की समस्या है तो उसकी सूचना दें ताकि गर्मी से पहले ही समस्या को दूर किया जा सके। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के प्रधान और सहायक शिक्षक उपस्थित थे।

**क्या है उल्लास कार्यक्रम**

उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, जिसे न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी) के नाम से भी जाना जाता है, एक केंद्र प्रायोजित पहल है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के साथ संयोजित है। इसका उद्देश्य औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को समाज में समेकित करने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने हेतु अधिकार सम्पन्न बनाना है। इसके अंतर्गत पढ़ने, लिखने और संख्यात्मक कौशल सहित कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करने पर फोकस किया जाता है।

## लीड्स संस्था ने दस विद्यालयों में दिया स्कूल लर्निंग कॉर्नर किट

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र जलडेगा में लीड्स संस्था द्वारा लक्षित दस विद्यालयों के प्रधानों को स्कूल लर्निंग कॉर्नर किट का वितरण किया गया। किट का वितरण बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी द्वारा किया गया। किट में आवश्यक शिक्षण सामग्री शामिल थी, जैसे कि हिंदी शब्दकोश, इंग्लिश डिक्शनरी, सामान्य ज्ञान, झारखंड जीके, जनरल बुक्स (फ्रीडम फाइटर स्टोरीज), झारखंड का मानचित्र, भारत का मानचित्र, शिक्षाप्रद कहानी किताब सहित फ्लाइंग डीस, चेस, फुटबॉल, पजल, स्किपिंग रोप, ब्लॉक्स, बैडमिंटन, कार्क, लूडो शामिल है। लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्यवक आलोक कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को खेल के साथ - साथ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने, स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने, शून्य ड्रॉप आउट में मदद करना है। जिससे हर बच्चे के लिए एक अधिक सहज शैक्षिक अनुभव संभव हो सके। उन्होंने बताया कि लीड्स संस्था 23 विद्यालयों को मॉडल बनाने के लिए काम कर रही है। वहीं बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी ने प्रखंड में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने और स्कूलों को मॉडल बनाने के लिए काम कर रही लीड्स संस्था के कार्यों को सराहा और शिक्षा विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रखंड के स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। इस दौरान उच्च विद्यालय पैतानो, उच्च विद्यालय टीनगीना, मध्य विद्यालय हुटुबदा, प्राथमिक विद्यालय बाड़ीब्रिंगा, जीपीएस परबा लमडेगा, जीपीएस बनजोगा, मध्य विद्यालय सिलिंगा, मध्य विद्यालय मामाभगिना और जीपीएस कोनमेरला स्कूल के प्रधान व सहायक शिक्षक और बीआरसी के कर्मी उपस्थित थे।

## हॉकी खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए सरकार गंभीर: विधायक भूषण बाड़ा

राष्ट्रीय महिला प्रतियोगिता का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड के राजधानी रांची में राष्ट्रीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यत अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्या जोसिमा खाखा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। विधायक ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना दी। उन्होंने हॉकी खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए महागठबंधन सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। उन्हों ने हॉकी की नर्सरी सिमडेगा के हॉकी के इतिहास के बारे में भी खिलाड़ियों को जानकारी दी। उन्होंएने बताया कि सिमडेगा के खिलाड़ी कम संसाधन के बावजूद अपनी प्रतिभा को देश दुनिया में लोहा मनवाया है।

आप सभी खिलाड़ी भी संसाधन की कमी को अपनी प्रतिभा में बाधा न बनने दें। मौके पर हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। प्रतियोगिता मध्यप्रदेश एवं झारखंड बीच खेला गया।

## विधायक ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर सदन में उठाई मांग

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी अपने विधानसभा क्षेत्र सहित सम्पूर्ण सिमडेगा जिला में हो रहे अत्यधिक दुर्घटनाओं को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि आय दिन यहां कोई न कोई दुर्घटना होते रहती है। नतीजा बहुत से अपनी जानों को गंवा चुके है।बहुत से लोग अपाहिज हो गए।नतीजा अस्पताल में भाग दौड़ की स्थिति बन जाती है। लोग ईलाज के लिए एम्बुलेंस के लिए भागम भाग करते हैं। आपातकाल के स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आपातकालीन वार्डों में सुविधा चाहिए जो सिमडेगा अस्पताल में पूर्णरूपेण नहीं है। किसी के नियमित उन्होंने सरकार के समक्ष अपनी बातें रखी जहां पर उन्होंने सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा चिकित्सकों की कमी है, एम्बुलेंस 10 8तो है परन्तु अधिकतर एम्बुलेंस खराब स्थिति में है।सदर अस्पताल का दर्जा निश्चित रूप से सिमडेगा जिला को प्राप्त है किन्तु अधिकांश विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी है। जिस कारण मरीजों को बाहर रेफर कर दिया जाता है। जबकि झारखंड राज्य का सबसे गरीब जिला सिमडेगा है।ऐसी स्थिति में यहां बसने वाले लोग आर्थिक रूप से कमजोर है।ऐसी स्थिति में सिमडेगा जिला को सुविधा युक्त अस्पताल को हर मशीनरी, दवा,और चिकित्सक उपलब्ध कराई जाए।

## बानो को अनुमंडल एवं हुरदा को प्रखंड बनाने की मांग जोरों पर

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो को अनुमंडल एवं हुरदा को प्रखंड बनाने के लिए हुरदा बाजार टांड़ परिसर में बानो अनुमंडल बनाओ मंच के तत्वाधान में बैठक हुई ।बैठक में बानो को अनुमंडल बनने को लेकर लोगों ने अपने-अपने विचार रखें। भौगोलिक स्थिति संचार,परिवहन,रेल,सुविधा सहित कई अहर्ता बानो को अनुमंडल बनाने के लिए है वहीं हुरदा से बानो प्रखंड मुख्यालय की दूरी काफी है। जिससे की ग्रामीणों को बानो मुख्यालय जाकर काम कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।1 दिन में काम नहीं बनने पर फिर इतनी दूरी तय करके दोबारा जाना पड़ता है जिस कारण समय और पैसा दोनों लगता है। सड़क की स्थिति भी काफी खराब है जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है।पूरे सिमडेगा जिले में बानो प्रखंड सबसे बड़ा प्रखंड है यहां कुल 16 पंचायत हैं। प्रखंड क्षेत्र के अभी भी कई सुदरिवर्ती इलाके के विकास से कोसों दूर है।बैठक में बानो को अनुमंडल बनाने पर विशेष चर्चा की गई,जिसमें हस्ताक्षर अभियान चलाकर ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के माध्यम से बानो को अनुमंडल बनने की मुहिम को गांव के लोगों को जागृत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बानो अनुमंडल बनाओ मंच समिति के अध्यक्ष बिरजो कंडुलना,सलाहकार अजीत कंडुलना,गंगा जी, सचिव आनंद मसीह तोपनो,हुरदा के समिति के पदाधिकारी गण एवं बानो प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय समाजसेवी,बुद्धिजीवी वर्ग, प्रबुद्ध जन एवं गणमान्य लोग एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### विश्व कविता दिवस पर बीबीएमकेयू जनसंचार विभाग में कार्यक्रम आयोजित

# विभिन्न कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को मिलती है प्रेरणा




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में शुक्रवार को विश्व कविता दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर भिन्न - भिन्न कविता प्रस्तुत किये। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने कहा कि विश्व कविता दिवस का उद्देश्य न केवल कविता के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना है, बल्कि यह साहित्य प्रेमियों को एक साथ लाकर कविता के प्रभाव और उसके सामाजिक संदर्भ को भी उजागर करना है। आगे उन्होंने कहा कि जनसंचार विभाग हमेशा से छात्र छात्राओं में उत्साह लाने और कौशल को विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है जिससे विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है, साथ ही विभिन्न प्रकार के अभिव्यक्ति कौशल को निखारने का अवसर मिलता रहता है। कार्यकम में विभाग के शिक्षक डॉ विकास चंद्र ने बताया हमारी कोशिश छात्र छात्राओं को कविता, शायरी व साहित्यिक अभिव्यक्तियों से जोड़े रखने और कविता के प्रति जागरूकता फैलाने की हैं। धन्यवाद ज्ञापन के दौरान सहायक प्रोफेसर हर्षित कच्छप ने कविता की महत्ता पर चर्चा की।

कार्यक्रम में कविता पाठ में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं में विभाग की स्कॉलर अंजली व छात्र छात्राओं में बजरंग,लक्ष्मण, दुलाल, बहादुर, विजय, ईशा, विकास, शिवानी, रिशु, प्रीति, आरुही, प्रतीक, शौरभ, शबा, पूजा, राजकुमार सहित विभाग के विभिन्न छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# गोविंदपुर में बंद घर का ताला तोड़ नकग सहित लाखों के गहनों की चोरी

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गोसाईंडीह काली मंदिर के पीछे रहने वाले जीतेंद्र कुमार चौरसिया के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी सहित करीब 14 लाख रुपए की संपत्ति की चोरी कर ली. भुक्तभोगी जीतेंद्र चौरसिया की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की. पुलिस मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है. जीतेंद्र चौरसिया ने पुलिस इंस्पेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि 20 मार्च को व परिवार के साथ अपनी ससुराल चितरंजन गए थे. घर में ताला बंद था. शुक्रवार को जब घर लौटे, तो ताला टूटा हुआ था और अंदर कमरे के सामान बिखरे पड़े थे. उन्होंने बताया कि पत्नी की 60 ग्राम सोने की तीन चेन, 40 ग्राम का मंगलसूत्र, कान की बाली, नथिया, चांदी की पायल, सिक्का व बिस्किट समेत करीब डेढ़ किलो चांदी के जेवरात चोर ले गए हैं. इसके अलावा अलमारी में रखें 220000 रुपए भी गायब हैं. पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने दावा किया कि घटना का खुलासा जल्द कर लिया जाएगा.

## न्यूज | बॉक्स

### राज्यसभा सांसद ने घटना स्थल का दौरा कर लिया मामले का जायजा



**गिरिडीह।** होली के अवसर पर घोड़थंबा में घटी घटना को लेकर आज राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद घटना स्थल पर पहुंचे। उनके साथ धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी भी मौजूद थे । उन्होंने मौके का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से बातचीत कर पूरी घटना की जानकारी ली। डॉ. सरफराज अहमद ने पीड़ितों व स्थानीय निवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्रशासन से निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में न्याय दिलाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी बात कर स्थिति का जायजा लिया और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। सांसद ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### दो दिनों की बारिश से जनजीवन प्रभावित, बिरनी बाजार रहा फीका




**बिरनी।** बिरनी में लगातार हो रही बारिश से बिरनी प्रखंड और आसपास के इलाकों में जनजीवन प्रभावित हो गया है। बारिश और बादलों की गरज से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है।वहीं किसानों के लिए यह चिंता का विषय बन गया है। खेती के जानकारों का मानना है कि इस बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हो सकता है। बारिश का असर स्थानीय बाजारों पर भी पड़ा है। बरमसिया, पालोंजिया और बिरनी बाजार,भरकट्टा बाजार औ? द्वारपहरी में चहल-पहल कम हो गई है, क्योंकि लोग घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मौसम विभाग पहले ही बदलाव के संकेत दे चुका था, और अब इसका असर पूरे जिले में देखा जा रहा है। बारिश से ईद की खरीदारी पर भी असर पड़ा है। बाजारों में आम दिनों की तुलना में भीड़ कम देखी जा रही है। बरमसिया, पालोंजिया और बिरनी बाजार जैसे प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में रौनक फीकी पड़ गई है, जिससे दुकानदारों की बिक्री पर भी असर पड़ा है। बारिश के कारण लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं, जिससे कपड़े, मिठाई, सेवईं, ड्राई फ्रूट्स और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी में परेशानी हो रही है। यदि बारिश इसी तरह जारी रही, तो त्योहार की तैयारियों पर और अधिक असर पड़ सकता है। दुकानदार भी चिंतित हैं कि अगर मौसम नहीं सुधरा, तो उनकी बिक्री पर गहरा असर पड़ेगा।

### 1950 में श्री चैत्र रामनवमी महासमिति का गठन हुआ था : विजय केसरी

**हजारीबाग।** रामनवमी के शोधकर्ता विजय केसरी ने कहा कि हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के अध्यक्ष पद की गौरवशाली परंपरा में एक और नाम 'बसंत गोप' का अंकित हो गया है। वर्ष 2025 हेतु स्थानीय बड़ा अखाड़ा में श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के चुनाव में बसंत गोप 116 मत प्राप्त कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। 1950 में रामनवमी के जुलूस को व्यवस्थित ढंग से संचालन हेतु श्री चैत्र रामनवमी महासमिति का गठन किया गया था। 1950 में सर्वप्रथम स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर को श्री चैत्र रामनवमी महासमिति का पहला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था। इस कालखंड में श्री चैत्र रामनवमी महासमिति का नाम, श्री चैत्र रामनवमी महावीर झंडा महोत्सव और श्री महावीर मंडल, हजारीबाग के नाम से जाना जाता था। महासमिति की यह बैठक हजारीबाग नगर स्थित बड़ा अखाड़ा मंदिर में हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता बड़ा खड़ा मंदिर के तत्कालीन महंत ने किया था।

### छोटानगरी पंचायत में झामुमो की बैठक आयोजित



**कतरास।** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत छोटानगरी पंचायत में झामुमो की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड संयोजक बिरजू सोरेन एवं संचालन वरिष्ठ नेता बैजनाथ रवानी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली सदस्य सह बाघमारा प्रखंड प्रभारी मनोज रवानी एवं शिव प्रसाद महतो के देख-रेख में सदस्यता अभियान एवं पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष होरिल रावनी,उपाध्यक्ष राहुल महतो व धनराज रवानी,सचिव लखन लाल टुडू ,संगठन सचिव मनोरंजन रवानी ,कोषाध्यक्ष सितम रवानी, सोशल मीडिया प्रभारी देव महतो,कार्यकारिणी सदस्य उमेश टुडू, उदय टुडू, रामबच्चन टुडू, मंटू महतो, रामजीत रवानी, फिरोज अंसारी साजन साव, बासुदेव महतो, सूरज महतो, दुर्गा महतो, दिनेश महतो, रविन्द्र महतो, पप्पू रवानी, मानिक रवानी मनोनीत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड संयोजक बासुकीनाथ त्रिगुणायत,बैजनाथ रवानी, तुलसी महतो, मंटू रवानी, मनोज मरांडी सहित दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### आपूर्ति विभाग 21 से 27 तक चलायेगा ई-केवाइसी अभियान : एमओ प्रदीप राम



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप राम द्वारा शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर ई-केवाईसी को लेकर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आपूर्ति विभाग के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित पीला व गुलाबी कार्ड का शत प्रतिशत ई-केवाइसी किया जाना है। इसे लेकर 21 मार्च से लेकर 27 मार्च तक ई-केवाइसी सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप राम ने सभी जन वितरण प्रणाली को निर्देश दिया है कि राशन कार्डधारी के निवास स्थान पर जाकर ई-केवाईसी संपन्न करेंगे। इसके साथ डीलरों के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी कार्ड धारकों की सूची में सूचनाओं की प्रविष्टि करेंगे। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी संपन्न करने के दौरान मृत लाभुकों के नाम के समक्ष मृत लिखा जायेगा। ई-केवाईसी के दौरान कार्ड में अंकित मोबाइल नंबर को भी सत्यापित किया जायेगा। यदि मोबाइल नंबर बदल गया है। तो नया मोबाइल नंबर लिखा जायेगा। यदि आधार संख्या नहीं दिया हुआ है। तो आधार संख्या भी लिखा जायेगा। ई-केवाईसी सप्ताह के दौरान प्राप्त सूची के अनुसार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा निर्णय लेकर मृत लाभुकों व अयोग्य लाभुकों का राशन कार्ड से नाम हटा दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि गावां प्रखंड में पीला व गुलाब 23455 बने है। जिसमे 106641 सदस्य है। जो कि अब तक 66287 लोगो का ही ई-केवाईसी हुआ है। बाकी बचें सभी लोग जल्द से जल्द ई- केवाईसी करवा लें अन्यथा राशन कार्ड से नाम हट जाएगा।

### मईया सम्मान राशि नहीं मिलने से कई गांवों की महिलाएं परेशान



**गावां गिरिडीह।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, लेकिन कई महिलाओं के खाते में पैसे नही आने से विवादों में घिरती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि जिन लाभुकों के खाते में गई है, वे तो बहुत खुश हैं। वहीं, दूसरी ओर अभी तक जिनके खाते में राशि नहीं पहुंची है, वे काफी परेशान हैं। हजारों महिलाओं को जनवरी से मार्च तक की 7500 रुपये की एकमुश्त किश्त नहीं मिली है, जिससे उनके चेहरे पर निराशा छा गई है। शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में बने हेल्प डेस्क पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई, जो अपनी पासबुक और आधार कार्ड के साथ अपनी किश्त की स्थिति जानने के लिए उत्सुक थीं। कई महिलाओं ने बताया कि उन्हें पहले तो योजना का लाभ मिला, लेकिन इस बार राशि उनके खाते में नहीं आई है। निराशा से भरी आवाज में उषा देवी ने कहा 'हमने सोचा था कि इस पैसे से घर के कुछ काम हो जाएंगे, पर अब तो सब अधूरा लग रहा है,'। वहीं, प्रियंका कुमारी ने बताया कि उन्होंने इस राशि से छोटा-मोटा व्यवसाय शुरू करने की योजना बनाई थी, जो अब अधर में लटक गई है।

# मिशन ग्राउंड की भूमि पर सरकार की मंशा स्पष्ट हो : प्रदीप प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा सत्र के दौरान मिशन ग्राउंड की भूमि को लेकर सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार द्वारा दिए गए जवाब को अस्पष्ट, भटकाने वाला और बिना ठोस समाधान वाला बताते हुए कहा कि यह मैदान हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, लेकिन इसकी स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। विधायक ने सरकार से मांग की इस भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए और इसे अतिक्रमण मुक्त कर साफ-सुथरा एवं विकसित किया जाए, ताकि हजारीबाग की जनता को एक स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल मिल सके। विधानसभा अध्यक्ष महोदय को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की सरकार ने अपने जवाब में स्पष्ट किया है कि यह भूमि 'खास महाल' के अंतर्गत आती है। यदि यह खास महाल की जमीन है, तो सरकार इसे अतिक्रमण मुक्त करने में क्यों असमर्थ है? सरकार ने अब तक इस मैदान की सफाई, सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया? यह मैदान हजारीबाग के केंद्र में स्थित है और हजारों लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल हो सकता है, फिर भी इसे उपेक्षित क्यों छोड़ा गया है? विधायक ने सरकार से मांग की मिशन ग्राउंड को एक सुव्यवस्थित और अत्याधुनिक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे इसे खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोग किया जाए। प्रश्न पर संबंधित मंत्री ने उत्तर देते हुए बताया कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है और इसकी अगली सुनवाई 28 मार्च को निर्धारित है।न्यायालय का निर्णय आने के बाद ही सरकार अतिक्रमण को लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

### सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रामनवमी जुलूस में डीजे पर रोक क्यों? सदन में मुखर रूप से उठाए सवाल

**हजारीबाग।** ऐतिहासिक रामनवमी महापर्व और भव्य शोभायात्रा को लेकर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने रामनवमी जुलूस में डीजे बजाने पर लगाई जा रही प्रशासनिक पाबंदी का विरोध करते हुए इसे आस्था और परंपरा पर प्रहार बताया। विधायक ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी एक अंतरराष्ट्रीय पर्व है, जिसे देखने देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान करीब 4 लाख से अधिक राम भक्त सड़कों पर निकलते हैं, लेकिन प्रशासन हर वर्ष डीजे बजाने की अनुमति देने में आनाकानी करता है, जिससे श्रद्धालुओं में असंतोष रहता है। सरहुल, कर्मा पूजा में डीजे की अनुमति तो रामनवमी में क्यों नहीं?

#### राजकीय महोत्सव और कार्निवल के रूप में मनाने की मांग

विधायक ने सदन के माध्यम से मांग की कि हजारीबाग की रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया जाए और इसे कार्निवल के रूप में मनाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति भव्य झांकियां निकाली जाएं और डीजे बजाने की छूट मिले, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और उल्लास में कोई कमी न आए।

#### 100 वर्षों से अधिक का गौरवशाली इतिहास

सदर विधायक ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी का 100 वर्षों से भी अधिक पुराना गौरवशाली इतिहास है। इसे भव्य रूप से मनाने की परंपरा को बनाए रखना आवश्यक है, ताकि यह पर्व अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को बरकरार रख सके। उन्होंने सरकार से मांग की हजारीबाग की रामनवमी को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं साथ शोभायात्रा के दौरान डीजे बजाने की अनुमति दी जाए।

# जब्बार शाह के मजार पर चादरपोशी आज, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। गावां, गिरिडीह** गावां प्रखंड अंतर्गत मंझने में दाता अब्दुल जब्बार शाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार शरीफ में शनिवार को 107वां उर्स का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह 7 बजे से लेकर रात तक चादरपोशी होगा। वहीं देर रात कव्वाली का भी आयोजन किया जायेगा। उर्स के मौके पर भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें मिठाई, खिलौना, श्रृंगार, चाट, गुपचुप आदि की दुकानें सजती है। जहां लोग खरीदारी करते हैं। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, ब्रेक डांस आदि भी लगाया गया है। बता दें कि हरेक वर्ष मंझने में अब्दुल जब्बार शाह के मजार पर उर्स का आयोजन किया जाता है। जिसमें हिन्दू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग चादरपोशी करते हैं। यहां चादरपोशी करने के लिए झारखंड, बिहार, बंगाल समेत अन्य सीमावर्ती राज्यों से भी लोग पहुंचते हैं, जहां अपनी मन्नते मांगते हैं। मौके पर सदर मो कोशर अली, सेक्रेटरी मो रियाज उद्दीन, सदस्य मो मंसूर, मरगूब आलम, नसीम खान, मौलाना नईम, गुड्डू डाक्टर आदि आयोजन को सफल बनाने में लग हुए हैं।

# बाहा पर्व की तैयारियों में जुटा आदिवासी समाज, भव्य रूप से मनाने का निर्णय



### आदिवासी समाज कल्याण समिति और आदिवासी संथाल समाज सुंसार बैसी इस बार संयुक्त रूप से बाहा पर्व मनाएंगे साथ ही कार्यक्रम का आयोजन भी करेंगें

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी।** आगामी एक अप्रैल को सरहुल - बाहा पर्व तैयारीयो में आदिवासी समाज जुट चुका है। बाहा पर्व मिलन समारोह को लेकर तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित के पुराना ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को आदिवासी समाज कल्याण समिति और आदिवासी संथाल समाज सुंसार बैसी की संयुक्त बैठक आहूत की गई। जिसमें दोनों संगठनों के मुख्य सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता गडकुरा पंचायत के उप मुखिया हरीश हांसदा ने किया। बैठक के दौरान आगामी प्रकृति बाहा पर्व को भव्य रूप से मनाने को लेकर चर्चा की गई, जिसको लेकर उपस्थित सभी लोगों ने बारी - बारी से अपने विचार और प्रस्तावों को रखा। साथ ही तिसरी के सभी संथाल संगठनों को समन्वय बनाकर इस पर्व में हिस्सा लेने का संकल्प लिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि आदिवासी समाज कल्याण समिति और आदिवासी संथाल समाज सुंसार बैसी इस बार संयुक्त रूप से बाहा पर्व मनाएंगे साथ ही कार्यक्रम का आयोजन भी करेंगें। इस बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी कल्याण समिति के सचिव अनासियस हेंब्रम, हरीश हांसदा,तालो हांसदा , सुंसार बैसी के सचिव दीपक हेंब्रम, किशोर हांसदा, गंगाराम टुडू, संथाल युवा क्लब के अध्यक्ष अविनाश टुडू , सचिव राम किस्कू, मुनेश हांसदा व अन्य लोग शामिल थे।

### बलियापुर में 66 एकड़ वन भूमि पर अवैध ओबी डंपिंग कंपनी पर होगी कार्रवाई

**धनबाद।** धनबाद जिले के बलियापुर अंचल के सुरंगा में करीब 66 एकड़ वन भूमि पर अवैध डइ डंपिंग का मामला सामने आया है. बीसीसीएल लोदना एरिया और उसकी आउटसोर्सिंग कंपनी एट देवप्रभा ने बिना सरकार के एनओसी के उक्त वन भूमि पर ओबी डंपिंग का काम शुरू कर दिया. इसका खुलासा बलियापुर सीओ प्रवीण कुमार सिंह व रेंजर की संयुक्त जांच में हुआ. जांच में पता चला कि इन कंपनियों ने वन भूमि पर ओबी डंप कर वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन किया है. इससे जंगल का नुकसान हुआ है.

In the Court of Sri..
Excutive Magistrate, Ramgarh

AFFIDAVIT

I, REENA DEVI, W/o-Shivlal Kumar Mahto, aged about-27 years, by Occupation House wife, by faith-Hindu, Nationality-Indian, at Permanent R/o Vill.-Kankebar, P.O.-Gosa, P.S.-Ramgarh, Dist-Ramgarh (Jharkhand) at Present R/o Vill-Laiyo, Dhotha Tand, P.O.-Laiyo, P.S-Mandu, Dist-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That my actual and correct name is REENA DEVI which has been mentioned in my UID Card, bearing UID Card no. 3453 8906 6726 and PAN card bearing PAN No.-KANPD0890L.
2.That in my Bank Passbook of Bank of India, Branch-Ramgarh Cantt, bearing A/c no.-481910510000252 my name has been mentioned as REENA KUMARI
3. That REENA DEVI and REENA KUMARI both are same and single lady i.e. myself.
4. That if any type of litigation/Fraud arises due to name change the individual customer himself/herself will be solely responsible and from now onwards, I will know by modified name REENA DEVI.
5. That above statements is true and correct.

### शुभम किराना दुकान सह मकान में पिस्टल का भय दिखाकर की गई डकैती

# बिहार से 2 अपराधी गिरफ्तार, पैसा जेवरात समेत अन्य चीजें बरामद




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह के जमुआ रेलवे स्टेशन के समीप शुभम किराना दुकान सह मकान में हथियार के बल पर हुए भीषण डकैती मामले का पुलिस ने उद्वेदन कर दिया है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है। गिरिडीह के एसपी डॉ. विमल कुमार ने प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 07 मार्च की रात डेढ़ बजे जमुआ थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप शुभम किराना दुकान-सह-मकान का शटर काट कर 06 अज्ञात अपराधमकमीयों द्वारा पिस्टल का भय दिखते हुए मारपीट कर 08 लाख रूपय नकद समेत सोने - चांदी के जेवरातों की डकैती की गई थी। एसपी के निर्देश पर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम द्वारा कांड का उद्भदेन कर डकैती में संलिप्त बिहार राज्य के सिमुलतल्ला थाना अंतर्गत ग्राम लाहबन कल्याणपुर निवासी 55 वर्षीय गंगाधर पासवान पिता-भालका पासवान और बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चन्द्रमंडी थाना क्षेत्र के मानसीडीह निवासी 30 वर्षीय निक्कु कुमार पासवान उर्फ रिन्कु कुमार पासवान पिता-नागेश्वर पासवान को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि पुछ-ताछ करने पर इन लोगों द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर डकैती करने की बात स्वीकार किया गया।साथ ही उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सब्बल,03 मोटरसाईकिल, लूटा गया पैसा एवं जेवरात के साथ वादी का मोबाईल फोन बरामद किया गया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार दोनो अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी कई थानों में केस दर्ज है।

### दिव्यांग व सेविकाओं से संवाद के लिए विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** शहर के कारगिल पेट्रोल पंप के समीप स्थित रिंग रोसेस बैंकेट हॉल में ओम आरोहणम संस्थान द्वारा गुरूवार को दिव्यांग एवं सेविकाओं से संवाद हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दिव्यांग, सेविकाओं एवं दिव्यांग जनों के कार्यरत संस्थान के सदस्यों के संग मिलकर दीप प्रज्वलित कर संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की। दिव्यांग जनों को शॉल ओढाकर एवं सोहराय की आकृति भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन कर उनसे विस्तृत संवाद की। कार्यशाला के माध्यम से केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जागरूक किया। हर योजनाओं से दिव्यांगजनों को लाभ दिलाने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान हमेशा कार्य करने का भरोसा दिया। साथ ही हर दिव्यागजनो की जन जरूरतों पर हरसंभव सहयोग एवं हमेशा खड़े रहने का भरोसा दी।

### तोपचांची में ठनका गिरने से महिला घायल, एसएनएमएमसीएच में भर्ती

**धनबाद।** धनबाद के तोपचांची में वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी है. घायल महिला अनामिका कुमारी (23 साल) को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां इमरजेंसी वार्ड में उसका इलाज चल रहा है. परिजनों के अनुसार, अनामिका सुबह शौच के लिए बाहर गयी थीं, तभी अचानक तेज आवाज के साथ ठनका गिरा. जिसकी चपेट में वो आ गयी. छाती में तेज दर्द होने पर वो जोर-जोर से चिल्लाने लगी. आवाज सुनकर जब परिजन वहां पहुंचे तो अनामिका ने बताया कि ठनका गिरने से उसके बाएं कंधे में तेज झटका महसूस हुआ.

सं0 संख्या–5/प्रशि0(क्षेत्रीय क्रय)-07–2023–
झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

पत्रांक–381 **निविदा सूचना** दिनांक–21.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीनस्थ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में New Age Courses हेतु मशीन/टूल्स एवं उपकरण के क्रय से संबंधित विभाग द्वारा e-Tenders (Online Open Tenders) संख्या–Bid No.-DET/New Age Courses/11/2024-25, दिनांक–19.03.2025 को प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–24.03.2025 को संध्या–06.00 तक विस्तारित की जाती है एवं उक्त निविदा दिनांक–26.03.2025 के अपर्राह्न 12:30 बजे कमरा नंबर–307, नेपाल हाऊस, डोरण्डा, राँची के कक्ष में खोला जायेगा। निविदा हेतु विस्तृत निविदा अभिलेख https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app पर उपलब्ध है।

ह0/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड राँची

PR 348933 Labour Employment and Traning(24-25)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं सब रोगों को स्वास्थ्य नियमों के मेरे उल्लंघन का परिणाम मानूँगा और इस दोष को मैं उचित आहार, कम आहार, उपवास, अधिक व्यायाम, एवं उचित विचारों के द्वारा दूर करने का प्रयत्न करूँगा। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

## सपनों के घर के नाम पर धोखाधड़ी

मुकदमेबाजी में फंसे हजारों घरों के खरीदारों से सहानुभूति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के जज सूर्यकांत ने बैंकों और बिल्डरों के सांठगांठ की सीबीआई जांच कराने की बात कही है। सीबीआई जांच के अंजाम को समझने के लिए चीफ जस्टिस की अदालत में चल रहे दूसरे मुकदमों का हाल जानना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका के अनुसार, ढाई हजार से ज्यादा हाई प्रोफाइल मामलों की जांच पांच साल से और 3,500 मामलों की जांच करीब 10 साल से सीबीआई के पास लंबित है। छह साल पहले जारी नोटिस के बावजूद सीबीआई और सीवीसी ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दायर नहीं किया। घर खरीदारों की समस्याओं के समाधान और बिल्डरों के कामकाज में जवाबदेही बढ़ाने के लिए वर्ष 2016 में रेरा का गठन किया गया था, लेकिन अदालतों में बढ़ रहे मामलों से साफ है कि अधिकांश राज्यों में रेरा अपने मकसद को पूरा करने में विफल रही है।सिस्टम से हताश और मुकदमेबाजी से परेशान घर खरीदारों की समस्याओं का मूल कारण समझकर ही उनका निवारण हो सकता है। दो साल पहले गठित अमिताभ कांत कमेटी की रिपोर्ट में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से जुड़े सभी पक्षकारों का विवरण शामिल है। इंडियन बैंक एसोसिएशन के अनुसार, पूरे देश में फंसे हुए दो तिहाई से ज्यादा प्रोजेक्ट एनसीआर और मुंबई मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में हैं। सीएजी की पुरानी रिपोर्ट में नोएडा में बिल्डर, अफसर और नेताओं के गठजोड़ का विस्तार से खुलासा है। उसके अनुसार, वर्ष 2005 से 2018 के बीच सिर्फ तीन बिल्डरों को 80 फीसदी वाणिज्यिक प्लॉट का आवंटन हुआ था। उन कंपनियों से 14,958 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया वसूलने में नोएडा के अधिकारी विफल रहे। उनमें से एक कंपनी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जजों ने ईडी की जांच कराने की बात कही है।अफसरों और बिल्डरों के भ्रष्ट गठजोड़ के और भी कई आयाम हैं। ग्रेटर नोएडा के अधिकारियों ने कॉलोनाइजरों के साथ मिलकर तीन गांवों में 2,000 करोड़ रुपए की जमीन पर अवैध कॉलोनी और विला बनवा दिए। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े ऐसे प्रोजेक्ट्स में अफसर और बिल्डर मलाई हजम करके निरीह जनता को अदालतों के चक्कर काटने के लिए अभिशप्त कर देते हैं। घर खरीदारों की याचिका के अनुसार, डेवलपर्स की देरी के चलते उन्हें फ्लैट का कब्जा नहीं मिला, लेकिन ईएमआई के भुगतान के लिए बैंक उन्हें मजबूर कर रहे हैं। बैंकों के वकील के दावे के अनुसार, दिवालिया हो रहे बिल्डरों के लिए बैंकों की जवाबदेही नहीं है। इस पर जजों ने सवाल पूछा कि साइट पर एक ईंट भी नहीं, तो फिर बैंकों ने 60 फीसदी लोन कैसे दे दिया। इस पूरे मामले की तह में जाने पर घर खरीदारों के साथ देश के खजाने को लग रही चपत को समझा जा सकता है। वित्त मंत्री द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में 16.35 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बट्टे खाते में डाला गया है।

*सीबीआई जांच के अंजाम को समझने के लिए चीफ जस्टिस की अदालत में चल रहे दूसरे मुकदमों का हाल जानना जरूरी है।*

# स्वच्छ जल जीवन है, पर बिगड़े तो हाहाकार है

जल प्रकृति की सबसे बड़ी देन है क्योंकि संपूर्ण जीव सृष्टि का आधार पानी है, इसके बिना जीवन की कल्पना बेमानी हैं। जल समृद्धता से जंगल, पेड़-पौधे, वन्यजीव समृद्धता बढ़ती है, सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, खाद्यान की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ता है, प्रकृति के प्रत्येक घटक पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। जल शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में सबको मिले तो समृद्धि निश्चित है, परंतु यह जल अपर्याप्त और प्रदूषित है, तो फिर यह जल विनाश का कारण है। विश्व का लगभग 97 प्रतिशत जल खारा है या पीने योग्य नहीं है। भारत देश में विश्व की सबसे ज्यादा 18 प्रतिशत जनसंख्या है, परंतु इसके मुकाबले दुनिया के जल संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत भारत में है, जो इसे पानी की कमी वाले देशों में से एक बनाता है, इसका खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ता है क्योंकि हर साल लाखों भारतीय दूषित पानी से बीमार होकर मरते हैं। द लैंसेट के एक अध्ययन के अनुसार, 2019 में जल प्रदूषण के कारण भारत में 500,000 से अधिक लोगों की मौत हुई।

हर साल 22 मार्च को दुनियाभर में "विश्व जल दिवस" पानी के महत्व और वास्तविक स्थिति पर जागरूकता हेतु मनाया जाता हैं। इस साल 2025 की थीम 'ग्लेशियर संरक्षण' है, जो भविष्य के लिए जमे हुए इन ग्लेशियर के जल संसाधनों का संरक्षण करने पर केंद्रित हैं। ग्लेशियर यह पानी का विशाल भंडार है, जो उसका पिघला हुआ पानी पेयजल, कृषि, उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक है, परंतु ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है और इस कारण बड़े-बड़े ग्लेशियर पिघल रहे है एवं वह पिघला हुआ शुद्ध जल समुद्र का स्तर बढ़ा रहे हैं। तेजी से पिघलते ग्लेशियर जल प्रवाह में अनिश्चितता पैदा कर रहे हैं, जिसका लोगों और ग्रह पर गहरा प्रभाव पड़ रहा हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कमी और ग्लेशियरों के सिकुड़ने के अनुरूप स्थानीय नीतियों की आवश्यकता हैं।

विश्व आर्थिक मंच ने 15 जनवरी, 2025 को जारी वार्षिक वैश्विक जोखिम रिपोर्ट के 20वें संस्करण में चेतावनी दी है कि भारत देश के सामने एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि अगले दो वर्षों (2025-2027) में पानी की कमी देश के सामने सबसे गंभीर खतरा बनकर उभरेगी। शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसके अनुसार, सबसे बड़े वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, प्रदूषित वायु औसत जीवन प्रत्याशा को 3.6 वर्ष तक कम कर रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल 3,575,000 लोग जल-संबंधी बीमारियों से मरते हैं। यह हर 10 सेकंड में एक मौत के बराबर हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने सरकार को 2024 के एक अध्ययन की जानकारी दी है, जिसमें पाया गया है कि पंजाब में प्रदूषित नदी-नालों के पास रहने वाले लोगों में कैंसर होने की संभावना अधिक होती हैं। जल प्रदूषण में औद्योगिक कूड़ा, मल, माइक्रोबियल प्रदूषण, निलंबित पदार्थ, रासायनिक प्रदूषण, घुलनशील प्रदूषक, रेडियोधर्मी कचरे, थर्मल प्रदूषण, मानव अपशिष्ट, औद्योगिक उद्यम, ऑयल पॉल्यूशन, कृषि प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, खनन, रेडियोधर्मी प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट, अम्ल वर्षा जैसे कारण विशेष है, पानी के संपर्क में आते ही यह विशेष कारण जल को विषैला बना देते हैं।

विश्व जल दिवस विशेष 22 मार्च 2025



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2021 में 2 बिलियन से ज्यादा लोग पानी की कमी वाले देशों में रहते थे। 2022 में, वैश्विक स्तर पर कम से कम 1.7 बिलियन लोग मल से दूषित पेयजल स्त्रोतों का उपयोग करते थे। मल संदूषण के कारण पेयजल में सूक्ष्मजीवों का संदूषण, पेयजल सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। 2021 में, 251.4 मिलियन से अधिक लोगों को सिस्टोसोमियासिस के लिए निवारक उपचार की आवश्यकता थी। सूक्ष्मजीवीय रूप से दूषित पेयजल से डायरिया, हैजा, पेचिश, टाइफाइड और पोलियो जैसी बीमारियां फैल सकती है, तथा अनुमान है कि इससे हर साल डायरिया से संबंधित लगभग 505,000 मौतें होती हैं। 296 मिलियन लोग असुरक्षित कुओं और झरनों से पानी भरते है और 115 मिलियन लोग झीलों, तालाबों, नदियों और झरनों से अनुपचारित सतही जल एकत्र करते हैं।

तीव्र शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण जल संसाधनों का प्रदूषण बढ़ गया है, जिससे वे उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो गए हैं। अकुशल कृषि पद्धतियां, रसायनों का अत्यधिक उपयोग, भूजल का अत्यधिक दोहन, जलवायु परिवर्तन, खराब जल प्रबंधन और उचित बुनियादी ढांचे की कमी जैसे कई कारक जल की कमी के संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व बैंक के कुछ आंकड़े अनुसार, भारत देश में 163 मिलियन भारतीयों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, 210 मिलियन भारतीयों को बेहतर स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच नहीं हैं। 21 प्रतिशत संक्रामक रोग असुरक्षित जल से संबंधित है, भारत में प्रतिदिन पांच वर्ष से कम आयु के 500 बच्चे दस्त से मरते हैं। भारत की आधी से अधिक नदियाँ अत्यधिक प्रदूषित हैं, तथा कई अन्य नदियाँ आधुनिक मानकों के अनुसार असुरक्षित स्तर पर हैं। शहरों से बहनेवाली नदियाँ नालों का स्वरूप धर चुकी हैं। नीति आयोग की 2018 समग्र जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षित जल की अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोग मर जाते हैं। 2030 तक लगभग 600 मिलियन लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है, जो भारत देश की अनुमानित जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत होगा। वॉटर गैर-लाभकारी संगठन बताती है कि, भारत देश में 1.4 बिलियन की आबादी में से आज भी 35 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित जल तथा 678 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच नहीं है, सुरक्षित जल और स्वच्छता की कमी के कारण हर वर्ष दस लाख से अधिक लोग मरते हैं, तथा हर दो मिनट में एक बच्चा जल या स्वच्छता से संबंधित बीमारियों के कारण जान गंवाता है। विश्व के 29 प्रतिशत स्कूलों में स्वच्छ जल और शौचालय जैसी बुनियादी आवश्यकताओं का अभाव है। बुनियादी जल और स्वच्छता की कमी के कारण हर वर्ष विश्वभर में 260 बिलियन डॉलर बर्बाद हो जाते हैं। विश्व की कम से कम 50 प्रतिशत जनसंख्या वर्ष में कम से कम एक माह तक अत्यधिक जल संकट में रहते हैं। दुनियाभर में महिलाएं और लड़कियां प्रतिदिन कई किलोमीटर तक पानी के लिए भटकती है और पानी इकट्ठा करने में 200 मिलियन घंटे तक बिताती हैं। घर पर सुरक्षित जल और स्वच्छता की उपलब्धता, व्यतीत किए गए समय को बचाती है, जिससे परिवारों को शिक्षा और कार्य के अवसरों को प्राप्त करने के लिए अधिक समय मिलता है, जिससे उन्हें गरीबी के चक्र को तोड़ने में मदद मिलेगी।

जब तक किसी चीज की कमी न हो, तब तक मनुष्य को उस चीज की कीमत नहीं समझतीं, जल से जीवन है, अधिकतर लोगों को पानी प्राप्त करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती, उनके हिसाब से दुनिया में पानी सहज उपलब्ध है, शायद इसलिए पानी का मोल लोग नहीं समझते हैं। किसी कठिन परिस्थिति में अगर पानी न मिलें तो तन-मन व्याकुल हो उठता हैं, ग्रीष्म ऋतु के मौसम में शहरों में किसी कारणवश एक दिन भी जनता को पानी न मिलें तो हाहाकार मच जाता है, तब दुनिया की सबसे कीमती चीज पानी लगती हैं। आज जो पानी हमें सहज उपलब्ध हो रहा है, करोड़ों लोग उस पानी के लिए रोज दर-दर भटकते है, अपना कीमती समय पानी इकट्ठा करने में गवाते है, फिर भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में शुद्ध जल नसीब नहीं होता, मज़बूरी में अशुद्ध जल के उपभोग के कारण घातक बीमारियों का शिकार होकर असमय मौत के आगोश में चले जाते हैं। पानी की कमी के कारण पशु-पक्षियों, वन्यजीवों का तो अधिक बुरा हाल होता है। पानी का अपव्यय और योग्य प्रबंधन द्वारा संग्रहण, इसके तरीके हम सभी जानते है, लेकिन गंभीरता नहीं समझतें। अनमोल पानी का महत्व समझें, शुद्ध जल पर प्रत्येक व्यक्ति और जीवों का बराबरी का अधिकार है, सबको शुद्ध जल मिलें यह हम सबकी जिम्मेदारी हैं। जल बचाएं, अनमोल जीवन बचाएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

## प्लेसमेंट व पैकेज की समस्या से जूझते आज के युवा

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर केवल एक देश की समस्या ना होकर अब वैश्विक समस्या होती जा रही है। रोजगार को लेकर अब तो यह भी बेमानी हो गया है कि आपने कहां से अध्ययन किया है। हालात यह होते जा रहे हैं कि दुनिया के श्रेष्ठतक अध्ययन केन्द्रों के पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए दो चार हो रहे हैं। यह कल्पना या कपोल कल्पित नहीं बल्कि वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआईटी, पेन्सिलवेनिया, एमआईटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए करें युवाओं को पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा होता जा रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर अध्ययन कर रिपोर्ट में तो यही खुलासा किया है। चौकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था वह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थानों में कहीं कहीं तो छह गुणा तक की बढ़ोतरी देखी गई है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टेण्डर्ड निर्विवाद समूचे विश्व में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है उनकी ही यह हालत है तो आम संस्थानों की क्या होगी? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिशयोक्तिपूर्ण हो पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सवाल केवल प्लेसमेंट तक ही सीमित नहीं हैं अपितु पैकेज में भी लगातार कमी देखी जा रही है। कुछ चंद युवाओं को अच्छा पैकेज मिल जाना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि कंपनियों द्वारा युवाओं को अच्छा पैकेज दिया जा रहा है। दरअसल कोरोना के बाद से प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर हालात बहुत हद तक बदल गए हैं। यदि हम भारत की ही बात करें तो देश के शीर्ष प्रबध संस्थानों से पासआउट युवाओं को 2022 में औसत 29 लाख का पैकेज मिल रहा था तो वह 2024 आते आते 27 लाख पर आ गया है। यह सबतो देश दुनिया के शीर्ष अध्ययन संस्थानों से पासआउट युवाओं को लेकर है। सामान्य व मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है। दूसरी और घर बार छोड़कर 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस चल रही है। एक और पिकोक कल्चर, हाईब्रीड सिस्टम और वर्क फ्राम होम से कार्यस्थल पर युवाओं को लाने की जद्दोजहद जारी है तो दूसरी और कम होते अवसर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा**

## किसान आंदोलन : विरोध की राह से भटकाव तक का सफर

टकराव से नहीं, संवाद से निकलेगा हल: किसान आंदोलन का संदेश

लोकतंत्र का असली सौंदर्य उसकी आजादी में छिपा है-वह आजादी जो हर नागरिक को अपनी बात कहने, अपनी असहमति जताने का हक देती है। यह अधिकार ही लोकतंत्र की धड़कन है, जो सत्ता को जनता के प्रति जवाबदेह बनाए रखता है और शासन को निरंकुश होने से रोकता है। लेकिन जब यही विरोध अपनी सीमाएं लांघकर तर्क और समाधान की राह छोड़ देता है, जब वह हठधर्मिता और टकराव का रंग ले लेता है, तो वह न केवल अपने मकसद से भटक जाता है. बल्कि समाज के लिए बोझ बन जाता है। किसान आंदोलन इसका सबसे ज्वलंत और दुखद उदाहरण है। यह आंदोलन, जो कभी किसानों की आवाज बनकर उभरा था, धीरे-धीरे संवाद की संभावनाओं को कुचलता हुआ अड़ियलपन और अव्यवस्था का पर्याय बन गया। इसने न सिर्फ कृषि सुधारों के सवाल को उलझाया, बल्कि देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया और आर्थिक ढांचे को ठप कर दिया। सवाल यह है-यह आंदोलन कहां से शुरू हुआ, और कहां जाकर भटक गया? किसान आंदोलन की शुरुआत 2020 में तब हुई, जब केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानूनों को लागू किया। सरकार का दावा था कि ये कानून किसानों को बिचौलियों की जकड़न से आजादी देंगे, उन्हें खुले बाजार में अपनी उपज बेचने का मौका देंगे, और खेती को आधुनिक बनाकर उनकी आय बढ़ाएंगे। यह एक बड़ा सपना था—कृषि को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक ढालने का सपना। लेकिन किसानों के मन में शंकाएं पनपने लगीं। क्या ये कानून बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए रास्ता बनाएंगे? क्या न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था, जो दशकों से उनकी आर्थिक रीढ़ रही है, खत्म हो जाएगी? ये डर जायज थे, क्योंकि भारत जैसे देश में खेती सिर्फ आजीविका नहीं, संस्कृति और भावनाओं का हिस्सा है। किसानों ने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद की, और शुरुआत में यह विरोध एक सशक्त लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के रूप में उभरा। सरकार ने इन शंकाओं को दूर करने की कोशिश की। कई दौर की वार्ता बुलाई गई, कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया, और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कमेटी बनाकर बीच का रास्ता निकालने की पहल की। लेकिन आंदोलनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनकी जिद थी कि कानून पूरी तरह रद्द हों और एमएसपी को कानूनी गारंटी मिले। यह अड़ियल रुख धीरे-धीरे संवाद की हर गुंजाइश को निगल गया। दिल्ली की सीमाओं पर ट्रैक्टरों की कतारें लगीं, सड़कें महीनों तक जाम रहीं, ट्रकों की लंबी लाइनें ठहर गईं, व्यापार ठप हुआ, और आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। यह आंदोलन अब किसानों की लड़ाई से ज्यादा हठधर्मिता का प्रदर्शन बन चुका था। क्या यह वाकई किसानों के हित में था, या सिर्फ एक ऐसी जिद जो समाधान की बजाय समस्या को और गहरा रही थी? किसानों की सबसे बड़ी मांग थी कि एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए। पहली नजर में यह मांग भावनात्मक रूप से मजबूत और जायज लगती है। आखिर कौन किसान नहीं चाहेगा कि उसकी फसल का दाम तय हो, उसकी मेहनत की कीमत सुरक्षित रहे? लेकिन इस मांग का दूसरा पहलू उतना ही जटिल और चुनौतीपूर्ण है। अगर एमएसपी को कानून बना दिया जाए, तो सरकार को हर फसल को तय दाम पर खरीदना होगा—चाहे बाजार में उसकी मांग हो या न हो। इससे सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ेगा, गोदामों में अनाज सड़ेगा, और कृषि बाजार का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाएगा। इतना ही नहीं, इससे किसानों में नवाचार की भावना कम होगी—नई फसलें उगाने, तकनीक अपनाने या बाजार की जरूरतों के हिसाब से बदलने की प्रेरणा खत्म हो जाएगी। सरकार ने इन खतरों को बार-बार सामने रखा, इसे अव्यावहारिक बताया, लेकिन आंदोलनकारियों के कानों पर जूं तक न रेंगी। यह हठ क्या हासिल कर रहा था-किसानों का भला, या सिर्फ एक असंभव सपने की खोज?

इस पूरे प्रकरण में पंजाब सरकार की भूमिका भी कम दिलचस्प नहीं। जब किसान दिल्ली की सीमाओं पर डटे थे, तब सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने खुलकर उनका साथ दिया। उनके नेता धरना स्थलों पर पहुंचे, जोशीले भाषण दिए, और किसानों को "क्रांतिकारी" करार दिया। यह समर्थन तब तक चला, जब तक आंदोलन से अराजकता नहीं फैली।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

जग बदला ना, मैं कभी, बदले ना सरकार।
जब भी मांगी जिंदगी, मिलती रही उधार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## क्या 'प्रधान पति', 'मुखिया पति' 'सरपंच पति' की होगी छुट्टी?

आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकसित भारत का स्वप्न संभव नहीं है। महिलाएं देश की राजनीतिक व्यवस्था में भाग लें, इसके लिये त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में उनकी भागीदारी आरक्षण के द्वारा सुनिश्चित की गई। आज 33 से 50 फीसदी तक महिला आरक्षण राज्यवार दिया गया है। इसका उद्देश्य साफ था कि अंतिमजनों की आवाजों को प्रमुखता से सुनना। पर व्यवस्था की खामियों का क्या किया जाए, ये अपना रास्ता निकाल ही लेते हैं। आज इस त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की एक बड़ी समस्या 'प्रधान पति', 'मुखिया पति', 'सरपंच पति' बने हुए हैं। हालिया रिपोर्ट में भी यह समस्या उजागर की गई है कि कैसे महिला सरपंच के पुरुष प्रतिनिधि उनकी जगह पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान में प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में कहीं ज्यादा है।

पिछले दिनों पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व खान सचिव सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित समिति ने एक रिपोर्ट मंत्रालय को पेश की है। इस समिति का गठन सितंबर, 2023 में किया गया था। 'पंचायती राज प्रणालियों और संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और भूमिकाओं को बदलनाः प्रॉक्सी भागीदारी के प्रयासों को खत्म करना' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की बात जोर-शोर से उठाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गांवों में महिलाओं की पारंपरिक और सदियों पुरानी पितृसत्तात्मक मानसिकता और कठोर सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों को मनवाने से भी महिला प्रतिनिधित्व पीछे चला जाता है। इसमें एक है कई तरह की पर्दा प्रथाओं का पालन करना। रिपोर्ट में एक कारण राजनीतिक दबाव को भी बताया गया है, जिसमें राजनीतिक विरोधियों द्वारा मिलने वाली धमकी और दबाव भी है जिसे न मानने पर उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता है।

इसके अतिरिक्त महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियों के कारण उन्हें सार्वजनिक कामों से खुद को अलग करने का दबाव भी रहता है। घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों के दबाव में वे अक्सर घर की जिम्मेदारियों को चुन लेती हैं। इसके अतिरिक्त बहुत बड़ा कारण उनका अशिक्षित रह जाना भी है। बहुत-सी सामाजिक-सांस्कृतिक कारणों से महिलाओं को शिक्षा और सार्वजनिक कामों के अनुभव न हो पाने के कारण वे निर्वाचित होने के बावजूद अपनी भूमिका सीमित कर लेती हैं। सबसे ज्यादा उन्हें वित्तीय निर्णय संबंधी कामों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से वे संबंधित पुरुष साथियों की मदद लेने को मजबूर हो जाती हैं।

स्थानीय शासन में वास्तविक महिला नेतृत्व को मजबूत करने के मंत्रालय के लगातार प्रयासों के पक्ष में यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। इसकी वजह है कि इसमें न केवल वास्तविक समस्या की पहचान की गई है बल्कि समस्या का समाधान भी प्रस्तावित किया गया है। इस कड़ी में मंत्रालय द्वारा साल भर चलने वाला 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' है, जिसे देश भर में पंचायती राज संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। यह पंचायती राज पदों पर निर्वाचित महिलाओं के कौशल और आत्मविश्वास के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही हैं कि नहीं। इस रिपोर्ट में इस समस्या से निपटने के लिये कुछ सुधारात्मक दंड की सिफारिशें की गई हैं। ताकि प्रधान पति, सरपंच पति या मुखिया पति की प्रथा पर रोक लगाई जा सके।

देश की पहली एमबीए सरपंच राजस्थान के टोंक जिले से सोदा गांव की छवि राजावत थीं, जो 2010 में सरपंच बनीं और महिला सशक्तिकरण के लिये काम किया था। अपने एक लेख में कहती हैं कि मेरा केस अपवाद हो सकता है आज भी देश में बहुत-सी निर्वाचित महिला सरपंच शिक्षा और प्रशासनिक ढांचे के सामान्य ज्ञान की कमी से जूझ रही हैं। परिणामस्वरूप वे अलग-थलग पड़ जाती हैं। इस कारण उनकी छोड़ी गई जगहों को भरने के लिये संबंधी पुरुष आगे आ जाते हैं। कुछ मामलों में तो पुरुषों के सपोर्ट को निर्माण परियोजनाओं में मार्गदर्शन प्रदान करने या काम की निगरानी करने या फिर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से सही ठहराया जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रतिभा कुशवाह**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ‘जिसने ‘राम’ पर लिखा, वह महान हुआ’, राम मंदिर के लिए छोड़ भी सकते हैं सत्ता : योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब उसके लोग एकजुट हों। उन्होंने कहा कि अगर भारत एकजुट रहेगा तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। श्री अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत अयोध्या मण्डल के उद्यमियों को ऋण वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए योगी ने कहा कि जिसने ‘राम’ पर लिखा, वह महान हुआ। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में सूर्यवंश की परंपरा में एक अवतार के रूप में मानवीय मर्यादा और आदर्श के सर्वोत्तम स्वरूप प्रभु श्री राम हैं जिनकी पावन धरा पर आयोजित यह सम्मेलन अदभुत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा,“मैं अद्भुत इसलिए कहूंगा कि इतने वर्षों तक अयोध्या मौन रही, जबकि यह सत्य है कि जिसने राम पर लिखा वह महान हुआ।” उन्होंने कहा कि महर्षि नारद ने महर्षि वाल्मीकि को प्रेरणा दी कि इस धरती पर लिखने के लिए कोई महामानव है तो वह केवल राम हैं, राम पर लिखोगे तो लेखनी धन्य हो जाएगी। योगी ने साफ तौर पर कहा कि श्री राम मंदिर के लिए सत्ता भी गंवानी पड़ेगी तो कोई समस्या नहीं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता के लिए नहीं आए हैं। 3 पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन के लिए समर्पित रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावहारिक संस्कृति पर दुनिया का पहला महाकाव्य रामायण बना जो साहित्य का आधारभूमि है तथा आप वैदिक संस्कृति से व्यावहारिक संस्कृति में आ गये। उन्होंने कहा व्यावहारिक संस्कृति से कैसे अपनी लेखनी को धन्य करना है, यह सीखना है तो महर्षि वाल्मीकि के शरण में जाएं, जिन्होंने राम को आधार बनाकर महाकाव्य की रचना कर डाली।



### सीएम युवा’ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेगा : सीएम


**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्री अयोध्याधाम के श्री राम कथा पार्क में आयोजित एक भव्य समारोह में ‘मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान’ के तहत अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को 47 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमियों के स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन भी किया। अयोध्या मंडल से आए युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ‘सीएम युवा’ अयोध्या मंडल को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देगा, जो ‘आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ का आधार बनेगा। उन्होंने युवाओं से धैर्य और निष्ठा के साथ अपने उद्यम को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## एक नजर

### औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग, बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका

**महाराष्ट्र।** नागपुर हिंसा के बाद मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने का मुद्दा हर जगह चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (ओआईएल) दायर की गई है। केतन तिरोडकर नामक व्यक्ति ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर औरंगजेब के मकबरे को ध्वस्त करने तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को औरंगजेब के मकबरे को राष्ट्रीय स्मारकों की सूची से हटाने का निर्देश देने की मांग की है, क्योंकि यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अधिनियम, 1958 की धारा 3 के अनुरूप नहीं है। पुलिस ने नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान और पांच अन्य के खिलाफ देशद्रोह और सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि हिंसा के तीन दिन बाद शहर के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू हटा लिया गया या उसमें ढील दी गई। बरेलवी संप्रदाय के मौलवी मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर फिल्म ‘छावा’ पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उनका आरोप है कि यह सांप्रदायिक तनाव को भड़का रही है और नागपुर हिंसा के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच कि महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाया जाए, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 18वीं सदी की इस इमारत के दो तरफ टिन की चादरें लगा दी हैं।

### केदारनाथ यात्रा को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारियां



**गुप्तकाशी।** इस वर्ष 2 मई से शुरू होने जा रही विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केदारनाथ यात्रा में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर कहीं भी सड़कें खराब या क्षतिग्रस्त न रहें। उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ सड़कें टूटी हैं या गड्ढे बन गए हैं, उनकी तत्काल मरम्मत की जाए और अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक यह कार्य हर हाल में पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि पूरे यात्रा मार्ग, पड़ाव स्थलों, बाजारों और अन्य प्रमुख स्थानों पर सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। यात्रा के दौरान रोज़ाना सफाई अभियान चलाए जाएं।

### मनेर में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़, एक घायल बाकी फरार

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के मनेर थाना क्षेत्र के सूअरमरवा गांव में पुलिस और अपराधियों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। यह मुठभेड़ शुक्रवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच हुई। गोलीबारी उस वक्त शुरू हुई, जब दानापुर और मनेर पुलिस की संयुक्त टीम गुप्त सूचना के आधार पर एक वांछित अपराधी को पकड़ने के लिए पहुंची। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक अपराधी घायल हो गया, जबकि उसके साथी फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि सूअरमरवा गांव में कुछ अपराधी छिपे हुए हैं। इस सूचना के आधार पर दानापुर और मनेर थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू की। जैसे ही पुलिस टीम गांव में पहुंची, वहां छिपे अपराधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की। इस मुठभेड़ में सोनू नाम का अपराधी गोली लगने से घायल हो गया। उसे तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो लोगों की गोली मार कर हत्या



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में शुक्रवार को दिनदहाड़े दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना खानपुर थानाक्षेत्र के उचौरी भैरोपुर गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सिधौना गांव के रहने वाले अमन चौहान (20) और अनुराग सिंह उर्फ मोनू (27) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने बताया कि अधिकारियों को शुक्रवार दोपहर घटना की जानकारी मिली। उन्होंने बताया, “ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों की गोली मारकर हत्या की गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## बिल पास होते ही वक्फ बोर्ड की अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी : दिलीप घोष

एजेंसी



**कोलकाता।** भाजपा नेता दिलीप घोष ने वक्फ बोर्ड, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार और बंगाल में रामनवमी उत्सव के दौरान आईपीएल मैच की तारीख समेत कई मुद्दों को लेकर आईएएनएस से बातचीत की। दिलीप घोष ने वक्फ बोर्ड की कथित अनियमितताओं को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा, “देशभर में वक्फ बोर्ड के नाम पर कई संपत्तियों का अवैध कब्जा किया गया है। इससे बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन एक बिल आ रहा है जिसे पारित कर दिया जाएगा, इससे इन समस्याओं का समाधान होगा। इस कानून से वक्फ बोर्ड की अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी।” कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर आरोप लगाते हुए दिलीप घोष ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार हो रहा है और टैक्स चोरी भी खूब की जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से सिद्दारमैया पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक में पिछले तीन सालों से हेलीकॉप्टर टैक्स की चोरी हो रही है, और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा इसी तरह के भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। चुनाव आयोग को इस तरह के मामलों में कार्रवाई करनी चाहिए। घोष ने बंगाल में चुनावी धोखाधड़ी और फर्जी वोटर्स के मुद्दे पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बंगाल में लाखों फर्जी वोटर्स हैं, जिन्हें चुनाव आयोग से हटाने की मांग की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग के सामने बार-बार इस मुद्दे को उठाया गया है, और अब धीरे-धीरे इस पर कार्रवाई हो रही है, जिससे लाभ मिलेगा।

दिलीप घोष ने 6 अप्रैल को रामनवमी उत्सव के दौरान आईपीएल मैच होने को लेकर भी राय रखी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को बंगाल में रामनवमी का बड़ा उत्सव मनाया जाता है, जिसमें लाखों लोग सड़कों पर उतरते हैं और रात भर कार्यक्रम चलता है। ऐसे में पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है।

## पिछले दस साल में मजबूत हुई देश की सुरक्षा

# ‘अब आतंकवादी जहां मरते हैं वहीं दफन होते हैं’ : अमीत शाह

- पीएम मोदी के सत्ता में आने के बाद उरी और पुलवामा में हमले हुए।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यहाँ 21 सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 साल में सुरक्षा और मजबूत हुई। हमने सुरक्षाबलों का आत्मविश्वास बढ़ाया। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि अब आतंकवादी जहां मरते हैं, वहीं दफन होते हैं।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद उरी और पुलवामा में हमले हुए। हालांकि, 10 दिनों के भीतर ही भारत ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब दिया। केवल दो देश, अमेरिका और इजरायल ही अपनी सुरक्षा और सीमाओं के लिए खड़े होते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को भी इस सूची में शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि बसे पहले तो मैं देश की आजादी के बाद, देश की आंतरिक सुरक्षा को और देश की सरहदों को सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्टेट पुलिस और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के हजारों जवानों को मैं मनपूर्वक श्रद्धांजलि देना चाहता हूं।

गृह मंत्री ने कहा कि इनके बलिदान से ही देश आजादी के 76 साल पार कर विश्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मैं बलिदानियों के परिवारजनों को भी मनपूर्वक धन्यवाद करता हूं। उनके सर्वोच्च बलिदान को ये देश, ये सदन कभी भूला नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने संविधान निर्माताओं को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने अनुच्छेद 370 को अस्थायी बनाया और उसी अनुच्छेद के भीतर इसे हटाने का समाधान प्रदान किया। हालाँकि, वोट बैंक की राजनीति ने इसे सुरक्षित रखा। लेकिन 5 अगस्त 2019 को, पीएम मोदी ने इसे हटाने का ऐतिहासिक कदम उठाया, जिससे कश्मीर के शेष भारत के साथ एकीकरण के एक नए युग की शुरुआत हुई। अमित शाह ने कहा कि एक तरह से गृह मंत्रालय बहुत ही कठिन परिस्थितियों में काम करता है। संविधान ने कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों को दी है।



### ‘डबल इंजन’ वाले राज्यों में अपराधों की संख्या अधिक : संजय सिंह

राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण पर आप सांसद संजय सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में अन्य केंद्र शासित प्रदेशों की तुलना में 10 गुना अधिक अपराध हैं, यहाँ अपराध चरम पर है लेकिन आपने (गृह मंत्री अमित शाह) इसका कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आपकी पार्टी के लोग पूरे देश में नफरत फैलाने में लगे हुए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने इन सब मुद्दों पर कुछ नहीं कहा। विनाशकारी राजनीति से इस देश को क्या लाभ मिल रहा है? इन सब से देश के लोगों को कितना रोजगार मिला है?

## राष्ट्र गान का अपमान करने वाले नीतिश कुमार को मांगनी चाहिए माफी :चक्रपाणि

**भागलपुर।** बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्र गान का अपमान करने वाले मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्र गान के अपमान करने वालों को कानूनी रूप से 3 साल की सजा होती है। राष्ट्रीय जनता दल ने राष्ट्र गान के अपमान के सवाल पर संसद एवं विधानसभा में विरोध दर्ज किया, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने गंभीर विषय पर उनके समर्थित लाडले मुख्यमंत्री नीतिश कुमार पर चुप क्यों है।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

## पुलिस का बड़ा एक्शन

### तीन अवैध बांग्लादेशी और उनके भारतीय मददगार गिरफ्तार

**दिल्ली।** प्लेस इलाके से तीन अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी और उनके भारतीय मददगार को गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेश में पहले से ही शादीशुदा होने के बावजूद, मैट्रिमोनियल वेबसाइट के ज़रिए खुद को भारतीय नागरिक बताकर मध्य प्रदेश की एक महिला से धोखे से शादी कर ली।

## कर्नाटक विधानसभा से छह महीने के लिए निलंबित हुए 18 भाजपा विधायक

एजेंसी

**कर्नाटक।** कर्नाटक विधानसभा ने विधानसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 18 भाजपा विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित करने संबंधी विधेयक पारित कर दिया। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने पेश किया। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने शुक्रवार को ‘हनी-ट्रैप’ मामलों के मुद्दे पर हंगामा करने और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 18 विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया। विपक्षी भाजपा और जद (एस) ने एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित ‘हनी-ट्रैप’ प्रयास की न्यायिक जांच एक मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराने की मांग की। यह कार्रवाई सदस्यों द्वारा दिन की शुरुआत में विधानसभा की कार्यवाही में कथित बाधा डालने के जवाब में की गई थी, जब उन्होंने अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना की और खुद को अनुशासनहीन और अपमानजनक तरीके से संचालित किया।



**निलंबित विधायकों** में विपक्ष के मुख्य सचेतक डोड्डानगौड़ा एच पाटिल, अश्वथ नारायण सीएन, एसआर विश्वनाथ, बीए बसवराज, श्री एमआर पाटिल, चन्नबसप्पा (चन्नी), बी सुरेश गौड़ा, उमानाथ ए कोट्यान, शरणु सालगर, शैलेन्द्र बेलडेल, सीके राममूर्ति, यशपाल ए सुवर्णा, बीपी हरीश, भरत शेट्टी वाई, मुनिरत्ना, बसवराज मैटिमूड, धीरज मुनिराजू और चंद्रू लमानी शामिल हैं। निलंबन आदेश के अनुसार, इन सदस्यों को विधानसभा हॉल, लॉबी और गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा।

# ट्रंप का अमेरिकी शिक्षा मंत्रालय बंद करने का फ़रमान

- क्या इसमें सफल हो पाएँगे ?

ब्यूरो




**नई दिल्ली।** दुनिया में गिने चुने जिन देशों की शिक्षा प्रणाली अच्छी मानी जाती है । जहां से पढ़कर विश्व के तमाम वैज्ञानिक , आविष्कार , नोबेल पुरस्कार विजेता, अविष्कारक टेक्नोक्रेट , उद्यमी आदि हुए , उनमें अमेरिका का स्थान पहला है। उस अमेरिकी शिक्षा प्रणाली पर अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुदृष्टि पड़ गई है। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान देश के शिक्षा मंत्रालय को बंद करने का वादा किया था। बीते गुरुवार को उन्होंने इससे जुड़े एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया। इसके तहत अब संघीय स्तर पर शिक्षा मंत्रालय को खत्म किया जाना है।ट्रंप के इस फैसले से अमेरिका सहित पूरी दुनिया में चिंता व चर्चा है। क्योंकि अमेरिका में शिक्षा व्यवस्था दुनिया में सबसे बेहतरीन स्तर की मानी जाती है।सरकार के सहयोग व फंड से अमेरिका सहित तमाम देशों के प्रतिभाशाली छात्र छात्र वृति पाकर अमेरिका के नामी विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं। ऐसे में ट्रंप के इस फैसले को लेकर अब कई सवाल उठने लगे हैं। यह कि ट्रम्प द्वारा शिक्षा मंत्रालय को बंद करने के फैसले के बाद अमेरिका की शिक्षा व्यवस्था कैसे चलेगी? इस फैसले का देश में शिक्षण संस्थानों पर क्या असर होगा? उनके खर्च कैसे चलेंगे? छात्रों व उनके अभिभावकों का क्या होगा? मालूम हो कि अमेरिका में शिक्षा मंत्रालय की स्थापना 1979 में तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर की तरफ से की गई थी। इसका उद्देश्य अमेरिका में अलग-अलग राज्यों के साथ केंद्रीय स्तर पर शैक्षिक नीतियों की निगरानी व स्कूलों को वित्तीय मदद देना था। अमेरिका में शिक्षा व्यवस्था को चलाने का तरीका, भारत या अन्य देशों के मुकाबले काफी अलग है। अमेरिका में शिक्षा का अधिकतम भार केंद्र या संघ की सरकार के पास नहीं, बल्कि राज्य व जिला प्रशासन के ऊपर होता है। यानी अमेरिका में शिक्षा मंत्रालय का काम सरकारी स्कूलों को चलाना और उसका पाठ्यक्रम निर्धारित करना नहीं होता, यह जिम्मेदारी प्राथमिक तौर पर राज्यों व जिला प्रशासन की होती है। संघीय शिक्षा मंत्रालय सरकारी और कुछ निजी स्कूलों की फंडिंग से जुड़े बेहद अहम कार्यक्रमों से जुड़ा रहता है। खासकर दिव्यांग छात्र-छात्राओं व कमजोर तबके के छात्रों की शिक्षा के लिए फंड देने के मामले में।शिक्षा मंत्रालय पूरे अमेरिका में नागरिक अधिकारों को लागू कराने के लिए भी जिम्मेदार होता है। केंद्रीय सरकार इसके लिए भी फंड जारी करती है कि स्कूलों में नस्ल व लैंगिक आधार पर भेदभाव को रोका जा सके। इतना ही नहीं शिक्षा मंत्रालय अमेरिकी स्कूलों का डाटा जुटाने व शिक्षा व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को सुलझाने का भी काम करता है।अमेरिका में 2024 का शिक्षा बजट 20 लाख करोड़ रुपये था। शिक्षा मंत्रालय में 4400 कर्मचारी काम करते हैं। जो कर्मचारियों के संख्या के हिसाब से छोटा मंत्रालय है। इसमें से भी आधे कर्मचारियों को ट्रम्प ने निकाल दिया है। अब 2200 ही बचे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने का आदेश तो दे दिया है, लेकिन यह काम इतना आसान नहीं है। क्योंकि अमेरिका में मंत्रियों की नियुक्ति व इन्हें हटाने का अधिकार राष्ट्रपति के पास होता है, लेकिन मंत्रालयों को स्थापित करने, इनकी फंडिंग यादि की जिम्मेदारी अमेरिकी संसद के पास होती है। ऐसे में ट्रंप को शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के लिए संसद की मंजूरी भी चाहिए होगी। जिसके लिए अमेरिकी संसद के उच्च सदन में ट्रंप को 100 में से 60 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी। फिलहाल सीनेट में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है। रिपब्लिकन पार्टी के 53 और विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी के 47 सांसद हैं। जो कि जरूरी 60 प्रतिशत वाले बहुमत से कम है। इस आंकड़े से ट्रम्प को शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के लिए डेमोक्रेट पार्टी के 7 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी, जो कि अमेरिका के वर्तमान हालात व ट्रम्प तथा मस्क के मनमानी से बढ़ते जा रहे जन रोष में दूर की कौड़ी साबित हो सकता है। यही नहीं, अमेरिकी संसद के निचले सदन- हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में भी ट्रंप को शिक्षा मंत्रालय खत्म कराने के लिए जरूरी समर्थन जुटाने में मुश्किल आएगी। बीते वर्ष जब एक अन्य विधेयक के साथ शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के लिए एक संशोधन लाया गया था, तब रिपब्लिकन पार्टी के ही 60 सांसदों और पूरी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसके खिलाफ वोट किया था। इसके बावजूद डोनाल्ड ट्रंप शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के अपने फैसले के साथ आगे बढ़े हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री लिंडा मैकमैहन को आदेश दिया है कि वह इस एजेंसी को खत्म करने के लिए काम शुरू कर दें और संघ पर आने वाली सारी जिम्मेदारी ( फंडिंग-व्यवस्था ) को राज्यों व जिला प्रशासनों को हस्तांतरित कर दें। ट्रम्प के इस फ़रमान में साफ नहीं है कि संघीय शिक्षा मंत्रालय के खत्म होने के बाद इसके कार्यक्रमों का क्या होगा या इसके कर्मचारियों को किसी और मंत्रालय में भेजा जाएगा या नहीं। इसके अलावा यह भी साफ नहीं है कि संघीय सरकार आगे वित्तीय मदद व छात्रों की तरफ से इस्तेमाल किए गए कर्ज के मुद्दे पर क्या करेंगे। ट्रम्प के आदेश में शिक्षा मंत्रालय को पूरी तरह से खत्म करने की कोई समयावधि भी नहीं दी गई है। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति के इस फैसले को अमेरिकी अदालतों में चुनौती दी जा सकती है।शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने से सैकड़ों स्कूलों को मिलने वाली वित्तीय सहायता खत्म हो जाएगी। इससे शिक्षकों व छात्रों पर बराबर असर पड़ने की आशंका है। खासकर दिव्यांग छात्रों को बढ़ावा देने वाले और नस्लीय-लैंगिक विविधता बनाए रखने वाले स्कूलों पर इस फैसले का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। इसलिए भी ट्रम्प के इस फरमान का विरोध हो रहा है।लेकिन तानाशाह प्रवृति के ट्रम्प को इसकी परवाह कहां? देखिए आगे क्या होता है?



## ओसाका, गत विजेता कोलिन्स तीसरे दौर में पहुंचीं, गॉफ ने केनिन को हराया

**मियामी (आईएएनएस)** । नाओमी ओसाका ने मियामी ओपन में 24वीं वरीयता प्राप्त सैमसोनोवा को 6-2, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। 2022 मियामी ओपन की फाइनलिस्ट ओसाका ने अपने प्रतिद्वंद्वी द्वारा आखिरी मिनट में किए गए हमले को विफल करते हुए मैच को 1 घंटे 22 मिनट में समाप्त किया और पिछले साल इंडियन वेल्स में सैमसोनोवा पर अपनी जीत को दोहराया। ओसाका और सैमसोनोवा सनशाइन डबल के दौरान डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के दूसरे दौर में आमने-सामने हुईं और डब्ल्यूटीए के अनुसार, लगातार दूसरे साल पूर्व विश्व नंबर 1 जापानी खिलाड़ी सीधे सेटों में विजयी रहीं। इस साल के इंडियन वेल्स इवेंट में पहले दौर में हार के बाद, ओसाका मियामी में फिर से ट्रैक पर आ गई है, उसने सैमसोनोवा पर जीत के साथ यूलिया स्टारोडुबत्सेवा पर वापसी करते हुए जीत दर्ज की। ओसाका ने अब 2025 में 8-3 जीत-हार का रिकॉर्ड बनाया है। ओसाका की अगली प्रतिद्वंद्वी संयुक्त राज्य अमेरिका की वाइल्ड कार्ड हैली बैपटिस्ट होंगी। इससे पहले गुरुवार को, बैपटिस्ट ने नंबर 12 सीड डारिया कसात्किना को 3-6, 6-4, 7-5 से हराकर अपने करियर की तीसरी शीर्ष 20 जीत हासिल की। ओसाका और बैपटिस्ट इस साल के पहले सप्ताह में पहली बार ऑकलैंड क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने हुए।

## आज से आईपीएल 2025 का आगाज

# क्रिकेट के रोमांचक सफर की शुरुआत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमिय लीग 2025 का आगाज कल 22 मार्च शनिवार से हो रहा है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। विश्व प्रसिद्ध इस टी20 लीग में 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच आयोजित किए जाएंगे। कोलकाता में क्वालीफायर 2 (23 मई को) और 25 मई को खिताबी मुकाबले की मेजबानी भी की जाएगी, जबकि क्वालीफायर 1 और एलिमिनेटर की मेजबानी हैदराबाद में क्रमशः 20 और 21 मई को की जाएगी। कोलकाता ने इससे पहले आईपीएल 2013 और 2015 के फाइनल की मेजबानी की थी, जहां मुंबई इंडियंस (एमआई) विजयी हुई थी। आईपीएल 2024 में उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 2008 के चैंपियन राजस्थान रॉयल्स की मेजबानी करेगा। बाद में उस शाम चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस, आईपीएल के इतिहास की 2 सबसे सफल टीमें (पास पांच-पांच खिताब) एमए चिदंबरम स्टेडियम में आमने-सामने होंगी, जो आईपीएल 2025 का पहला डबल-हेडर भी है। सीएसके और एमआई बाद में 20 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रिवर्स क्लैश के लिए मिलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स 24 मार्च को विशाखापत्तनम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी केकेआर और डीसी ने अभी तक आईपीएल 2025 सीजन के लिए अपने नए कप्तान की घोषणा नहीं की है। इस बीच आरसीबी ने हाल ही में रजत पाटीदार को अपना नया कप्तान नियुक्त किया है, जबकि श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत को पहले क्रमशः पीबीकेएस और एलएसजी के नए कप्तान के रूप में घोषित किया गया था। आईपीएल शुरू होने से पहले एक बार फिर पूरे आईपीएल शेड्यूल पर नजर डाल लेते हैं।

## आईपीएल 2025 का पूरा शेड्यूल

22 **मार्च :** शनिवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM कोलकाता
23 **मार्च :** रविवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम राजस्थान रॉयल्स 3:30 PM हैदराबाद
23 **मार्च :** रविवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM चेन्नई
24 **मार्च :** सोमवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM विशाखापत्तनम
25 **मार्च :** मंगलवार गुजरात टाइटन्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM अहमदाबाद
26 **मार्च :** बुधवार राजस्थान रॉयल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM गुवाहाटी
27 **मार्च :** गुरुवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM हैदराबाद
28 **मार्च :** शुक्रवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM चेन्नई
29 **मार्च :** शनिवार गुजरात टाइटन्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM अहमदाबाद
30 **मार्च :** रविवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 3:30 PM विशाखापत्तनम
30 **मार्च :** रविवार राजस्थान रॉयल्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM गुवाहाटी
31 **मार्च :** सोमवार मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM मुंबई
1 **अप्रैल :** मंगलवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM लखनऊ
2 **अप्रैल :** बुधवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM बेंगलुरु
3 **अप्रैल :** गुरुवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM कोलकाता
4 **अप्रैल :** शुक्रवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM लखनऊ
5 **अप्रैल :** शनिवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स 3:30 PM चेन्नई
5 **अप्रैल :** शनिवार पंजाब किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 PM नई चंडीगढ़
6 **अप्रैल :** रविवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 3:30 PM कोलकाता
6 **अप्रैल :** रविवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM हैदराबाद
7 **अप्रैल :** सोमवार मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM मुंबई
8 **अप्रैल :** मंगलवार पंजाब किंग्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM नई चंडीगढ़
9 **अप्रैल :** बुधवार गुजरात टाइटन्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 दोपहर 12 बजे अहमदाबाद
10 **अप्रैल :** गुरुवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 बजे बेंगलुरु
11 **अप्रैल :** शुक्रवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 बजे चेन्नई
12 **अप्रैल :** शनिवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम गुजरात टाइटन्स 3:30 बजे लखनऊ
12 **अप्रैल :** शनिवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम पंजाब किंग्स 7:30 बजे हैदराबाद
13 **अप्रैल :** रविवार राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 3:30 बजे जयपुर
13 **अप्रैल :** रविवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 बजे दिल्ली
14 **अप्रैल :**सोमवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 बजे लखनऊ
15 **अप्रैल :** मंगलवार पंजाब किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 बजे नई चंडीगढ़
16 **अप्रैल :** बुधवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 बजे दिल्ली
17 **अप्रैल :** गुरुवार मुंबई इंडियंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 बजे मुंबई
18 **अप्रैल :** शुक्रवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पंजाब किंग्स 7:30 बजे बेंगलुरु
19 **अप्रैल :** शनिवार गुजरात टाइटन्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स 3:30 PM अहमदाबाद
19 **अप्रैल :** शनिवार राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM जयपु र
20 **अप्रैल :** रविवार पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 3:30 PM न्यू चंडीगढ़
20 **अप्रैल :** रविवार मुंबई इंडियंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM मुंबई
21 **अप्रैल :** सोमवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM कोलकाता
22 **अप्रैल :** मंगलवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 PM लखनऊ
23 **अप्रैल :** बुधवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM हैदराबाद
24 **अप्रैल :** गुरुवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 PM बेंगलुरु
25 **अप्रैल :** शुक्रवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM चेन्नई
26 **अप्रैल :** शनिवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM कोलकाता
27 **अप्रैल :** रविवार मुंबई इंडियंस बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 3:30 PM मुंबई
27 **अप्रैल :** रविवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM दिल्ली
28 **अप्रैल :** सोमवार राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM जयपुर
29 **अप्रैल :** मंगलवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM दिल्ली
30 **अप्रैल :** बुधवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM चेन्नई
1 **मई :** गुरुवार राजस्थान रॉयल्स बनाम मुंबई इंडियंस 7:30 PM जयपुर
2 **मई :** शुक्रवार गुजरात टाइटन्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM अहमदाबाद
3 **मई :** शनिवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM बेंगलुरु
4 **मई :** रविवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 3:30 PM कोलकाता
4 **मई :** रविवार पंजाब किंग्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM धर्मशाला
5 **मई :** सोमवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 PM हैदराबाद
6 **मई :** मंगलवार मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM मुंबई
7 **मई :** बुधवार कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 7:30 PM कोलकाता
8 **मई :** गुरुवार पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 PM धर्मशाला
9 **मई :** शुक्रवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7:30 PM लखनऊ
10 **मई :** शनिवार सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM हैदराबाद
11 **मई :** रविवार पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस 3:30 PM धर्मशाला
11 **मई :** रविवार दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटन्स 7:30 PM दिल्ली
12 **मई :** सोमवार चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स 7:30 PM चेन्नई
13 **मई :** मंगलवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM बेंगलुरु
14 **मई :** बुधवार गुजरात टाइटन्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स 7:30 PM अहमदाबाद
15 **मई :** गुरुवार मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स 7:30 PM मुंबई
16 **मई :** शुक्रवार राजस्थान रॉयल्स बनाम पंजाब किंग्स 7:30 PM जयपुर
17 **मई :** शनिवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स 7:30 PM बेंगलुरु
18 **मई :** रविवार गुजरात टाइटन्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स 3:30 PM अहमदाबाद
18 **मई :** रविवार लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 7:30 PM लखनऊ
20 **मई :** मंगलवार क्वालीफायर 1 7:30 PM हैदराबाद
21 **मई :** बुधवार एलिमिनेटर 7:30 PM हैदराबाद
23 **मई :** शुक्रवार क्वालीफायर 2 7:30 PM कोलकाता
25 **मई :** रविवार फाइनल 7:30 PM कोलकाता




## एमसीए ने दिलीप वेंगसरकर, डायना एडुल्जी को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया

**मुंबई (आईएएनएस)**

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने गुरुवार को दिग्गज क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी को खेल में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। वेंगसरकर और एडुल्जी ने न केवल खिलाड़ियों के रूप में बल्कि प्रशासकों के रूप में भी मुंबई और भारतीय क्रिकेट में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें मुंबई के बीकेसी में शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी और मनोरंजन केंद्र में आयोजित एक शानदार वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया, जहां एमसीए ने शहर की क्रिकेट एक्सीलेंस का जश्न मनाया और 2022-23 और 2023-24 सत्रों के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन और महाराष्ट्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार के साथ-साथ एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक



और शीर्ष परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए। 1983 विश्व कप विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य, वेंगसरकर ने 10 टेस्ट और 18 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की और बाद में एमसीए के उपाध्यक्ष और बीसीसीआई की चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एडुल्जी, जिनका अंतरराष्ट्रीय करियर 17 साल से अधिक समय तक चला, ने भारत में महिला क्रिकेट की स्थापना और प्रचार में अग्रणी भूमिका निभाई।

## भारतीय क्वालीफायर शंकर ने स्विस ओपन में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स को चौंकाया

**बासेल (आईएएनएस)।** भारतीय क्वालीफायर एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन को हराकर स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जो कि बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 टूर्नामेंट है। विश्व में 64वें स्थान पर काबिज सुब्रमण्यन ने सेंट जैकबशेल में अपने



करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की, उन्होंने तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता एंटनसन को एक घंटे छह मिनट में 18-21, 21-12, 21-5 से हराया। सुब्रमण्यन अब अगले दौर में फ्रांस के विश्व नंबर 31 क्रिस्टो पोपोव से खेलेंगे, जिन्होंने पिछले साल जर्मन ओपन और हाइलो ओपन जीता था।

## जापान बहरीन पर जीत के बाद 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बनी

**सैतामा/जापान (आईएएनएस)**

जापान ने गुरुवार को बहरीन को 2-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाला पहला देश बनकर इतिहास रच दिया है। दूसरे हाफ में दाइची कामदा और टेकफुसा कुबो के गोल ने जापान की जीत सुनिश्चित की, जिससे पुरुषों के विश्व कप में उनकी लगातार आठवीं उपस्थिति दर्ज हुई। जापान ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, पिछले दो विश्व कप में राउंड ऑफ 16 तक पहुंचा है। उनका पहला क्वालीफिकेशन 1998 में हुआ था, कोरिया गणराज्य के साथ टूर्नामेंट की सह-मेजबानी करने से ठीक चार साल पहले। अभी तीन मैच खेले जाने हैं, जापान ने अपनी जगह पक्की कर ली है। गुरुवार की जीत ने जापान को एशियाई क्वालीफायर के ग्रुप सी में दो स्वचालित स्थानों में से एक की गारंटी दी है, जिससे तीन मैच शेष रहते हुए उनकी जगह पक्की हो गई है। इससे जापान 2026 टूर्नामेंट में आधिकारिक रूप से स्थान सुरक्षित करने वाला पहला गैर-मेजबान



देश बन गया है, जो सह-मेजबान कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ शामिल हो गया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) में अगले साल के विस्तारित 48-टीम विश्व कप में कम से कम आठ टीमें होंगी। जापान पहले स्थान पर है और वर्तमान योग्यता चरण के माध्यम से पांच और देशों के पास उनके साथ जुड़ने का मौका है, जिसे छह टीमों के तीन समूहों में विभाजित किया गया है। ऑस्ट्रेलिया भी ग्रुप सी में आगे बढ़ने के लिए मजबूत स्थिति में है।

## युवराज सिंह डब्ल्यूसीएल सीजन 2 में भारत की कप्तानी करेंगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह ने जुलाई में यूनाइटेड किंगडम में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दूसरे सीजन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इस प्रतिष्ठित ऑलराउंडर ने पहले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में भारत को अपनी कप्तानी में खिताबी जीत दिलाकर असाधारण



नेतृत्व का प्रदर्शन किया था। युवराज के साथ अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी होंगे, जो पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद इस टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा समर्थित टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में फिर से भारत की कप्तानी करने के बारे में बात करते हुए, युवराज ने कहा, "मैं फिर से वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## 2020 से अब तक 96000 से ज्यादा 'अडॉप्टेड व्हीकल' का पंजीकरण : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सरकार ने शुक्रवार को संसद में जानकारी देते हुए कहा कि 2020 से अब तक 96000 से अधिक वाहनों को 'अडॉप्टेड व्हीकल' के रूप में रजिस्टर किया गया है,



जो खासकर दिव्यांगों के लिए डिजाइन किए गए हैं। अडॉप्टेड व्हीकल ऐसे मोटर वाहन को कहा जाता है, जिसे शारीरिक रूप से अपंग (आंशिक दिव्यांग), दिव्यांग के इस्तेमाल के लिए डिजाइन और बनाया जाता है। इसके अलावा किसी वाहन में दिव्यांग व्यक्ति के इस्तेमाल के लिए इस तरह की सुविधा का मौजूद होना भी वाहन को 'अडॉप्टेड व्हीकल' की कैटेगरी में लाता है। इस्पात और भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा, "1 जनवरी, 2020 से 19 मार्च, 2025 की अवधि के दौरान कुल 96,265 वाहन 'अडॉप्टेड व्हीकल' के रूप में पंजीकृत किए गए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के सेक्शन 52, 1989 नियम 47ए, नियम 47बी और केंद्रीय मोटर वाहन नियम के नियम 112 में वाहन में ऑल्टरेशन या रेट्रो फिटमेंट और परिवर्तन के अनुमोदन से जुड़े प्रावधान हैं।

# ग्रीन स्टील के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कदम उठा रही केंद्र सरकार : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश में ग्रीन स्टील मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए स्टील मंत्रालय ने दो पायलट प्रोजेक्ट प्रदान किए हैं, जिसमें वर्टिकल शाफ्ट में 100 प्रतिशत हाइड्रोजन का उपयोग करके डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) का उत्पादन किया जाएगा और एक पायलट प्रोजेक्ट में कोयले की खपत और कार्बन फुटप्रिंट में कटौती करने के लिए मौजूदा ब्लास्ट फर्नेस में हाइड्रोजन का उपयोग किया जाएगा। यह जानकारी सरकार द्वारा शुक्रवार को दी गई। स्टील राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि न्यू एवं रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत स्टील इंडस्ट्री में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग के लिए पायलट प्रोजेक्ट्स के कार्यान्वयन के लिए स्टील मंत्रालय को वित्त वर्ष 2029-30 तक 455 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि स्टील मंत्रालय



के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम भी लो कार्बन स्टील उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलिया से बीएचपी, जर्मनी से एसएमएस, यूनाइटेड किंगडम से प्राइमेटल टेक्नोलॉजीज, बेल्जियम से जॉन कॉकरिल इंडिया लिमिटेड, चेन्नई की राम चरण कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, आईआईटी, बॉम्बे के कार्बन कैप्चर और उपयोग में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र और ग्रेट ईस्टर्न एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड जैसे प्रतिष्ठित टेक्नोलॉजी प्रदाताओं के साथ साझेदारी कर रहे हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा कि भारत और जापान ने स्टील क्षेत्र में सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की, जिसमें आर्थिक रुझानों, उद्योग के विकास और दोनों देशों को प्रभावित करने वाली वैश्विक चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बातचीत में भारत और जापान में स्टील उद्योग की वर्तमान स्थिति, भारत के गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों, कुछ देशों द्वारा किए जा रहे अधिक उत्पादन के प्रभाव और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर सहयोग को लेकर भी चर्चा की गई।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच स्टील उद्योग में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय स्टील मंत्रालय और जापान की इकोनॉमी, ट्रेड और इंडस्ट्री मंत्रालय (एमईटीआई) के बीच पहले से ही एक सहयोग ज्ञापन मौजूद है। हालांकि, स्टील क्षेत्र के विनियमन मुक्त होने के कारण, स्टील कंपनियां सरकार की भागीदारी के बिना वाणिज्यिक हित के आधार पर निवेश के फैसले लेती हैं।

## चोरी हुई 297 प्राचीन वस्तुओं को 2024 में अमेरिका से वापस लाया गया : सरकार

**नई दिल्ली** । केंद्र सरकार ने संसद को बताया कि अब तक देश से तस्करी कर बाहर भेजी गई 588 भारतीय प्राचीन वस्तुएं अमेरिका से वापस लाई गई, इनमें से 297 को 2024 में वापस लाया गया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी। वह प्राचीन वस्तुओं के अवैध व्यापार को रोकने के लिए अमेरिका-भारत सांस्कृतिक संपत्ति समझौते के तहत वापस लौटाए गई 'लूटे या चुराए गए कलाकृतियों' की संख्या से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। मंत्री ने बताया कि यह समझौता रोकथाम के लिए है, इसलिए इसमें कोई निश्चित समय सीमा या लक्ष्य संख्या नहीं है। मंत्री से यह भी पूछा गया कि क्या सरकार चोरी हुई प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों या अन्य देशों के साथ सहयोग करने की योजना बना रही है। शेखावत ने कहा, "भारत जरूरत पड़ने पर यूनेस्को और इंटरपोल सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करता है।

## उत्तर प्रदेश रेरा ने 18 नई परियोजनाओं को दी मंजूरी, 8 का पंजीकरण बढ़ाया

**ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)**

यूपी रेरा (उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) की 166वीं बैठक में 18 नई परियोजनाओं को पंजीकृत किया गया, जिनमें से 10 परियोजनाएं एनसीआर क्षेत्र में हैं। सबसे अधिक 6 परियोजनाएं गौतम बुद्ध नगर में स्वीकृत की गईं। इसके अलावा, 8 परियोजनाओं का पंजीकरण विस्तार किया गया, जिससे निर्माण कार्य पूरा करने का रास्ता साफ हुआ। नई पंजीकृत परियोजनाओं में कुल 3,110 करोड़ रुपए का निवेश होगा और 4,774 आवासीय एवं व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। इनमें से अकेले गौतम बुद्ध नगर में 2,355 करोड़ रुपए का निवेश होगा, जो कुल निवेश का 76 प्रतिशत है तथा 3,722 नई यूनिट्स बनेंगी। इसके अलावा, लखनऊ, गाजियाबाद, अयोध्या, मथुरा, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, हापुड़ और झांसी में भी परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। रेरा द्वारा पंजीकरण विस्तार




के सभी 8 मामलों को भी मंजूरी दी गई, सभी गौतम बुद्ध नगर के हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से 4,946 आवंटियों को उनके आवास मिलेंगे। इनमें से 3 परियोजनाएं अमिताभ कांत कमेटी की संस्तुतियों के तहत हैं, जिसमें 2,478 यूनिट्स का निर्माण पूरा किया जाएगा। बैठक में यह पाया गया कि कई प्रमोटर्स अपने पंजीकरण आवेदन को सही तरीके से नहीं भरते, जिससे प्रक्रिया में देरी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए, उत्तर प्रदेश रेरा ने निर्णय लिया है कि प्रमोटर्स और उनके कर्मचारियों को लखनऊ मुख्यालय में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## एक नजर

### डीडीसी ने मुखिया को सम्मानित किया




**सतबरवा।** जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली सतबरवा प्रखंड बारी मुखिया निरोत्तमा देवी को डीडीसी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुखिया निरोत्तमा देवी ने कई बार डीसी को पत्र के माध्यम से बारी के मध्य विद्यालय के पास बने न्यू बिल्डिंग में हाई स्कूल की पढ़ाई चालू कराने की मांग की थी। पलामू उपायुक्त ने महिला मुखिया की जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के रूचि को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

# एसडीएम ने बीडीओ व प्रखंड कर्मियों के साथ की समीक्षा

### पंचायत में चल रही विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एसडीएम गौरांग महतो ने प्रखंड कार्यालय पंहुच कर बीडीओ व अन्य कर्मियों के साथ पंचायत में चल रही सभी विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीडीओ, बीपीओ, आंगनबाड़ी, अबुआ आवास, पीएम आवास, मनरेगा 15 वें वित्त आदि योजनाओं से संबंधित सभी संचिकाओं व विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी योजना की स्वीकृति प्रदान की गई हैं, उसका पूर्ण अभिलेख कार्यालय में रहना चाहिए उसकी भौतिक प्रगति रिपोर्ट भी होनी चाहिए। उन्होंने 15 वें वित्त व मनरेगा कार्यो समेत अबुआ आवास व पीएम आवास की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही सभी कर्मियों को इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक पंचायत में हम भूमिगत जांच करेंगे। जिसमें बीडीओ, बीपीओ, जेई, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक सभी लोग उपस्थित रहेंगे। जिन पंचायतों में सबसे खराब प्रदर्शन हैं, उसी से शुरूआत करेंगे। उन्होंने अबुआ आवास व ग्रामीण पीएम आवास में जनता द्वारा लगातार पैसा उगाही की शिकायत पर पंचायत कर्मियों की संलिप्तता में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा गरीब जनता की शोषण किसी भी सुरत में हम बर्दाश्त नहीं करेंगे । इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ,बीपीओ, चंद्रशेखर दूबे, पंचाय सेवक अखिलेश शर्मा समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि के लिए बैंकों में उमड़ी महिलाओं की भीड़




**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के एसबीआई बैंक,पंजाब नेशनल बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के साथ सभी प्रज्ञा केंद्रों के खुलते ही रोजाना महिलाओं की भारी भीड़ लग रही है। भीड़ का आलम इस कदर है कि दिन भर कड़ी मशक्कत के बाद भी कई महिलाएं बैरंग घर लौट रही हैं। बताते चले कि होली के पूर्व से ही राज्य सरकार ने लाभुक महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजना शुरू कर दिया है, लेकिन बहुत सारी महिलाओं के खाते में अभी तक राशि का हस्तांतरण नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि जिन महिलाओं के खाते में डीबीटी चालू नहीं है या केवाईसी लगा है, उनको अभी तक राशि नहीं मिल पाई है। खाते में सुधार को लेकर महिलाएं बैंकों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। महिलाओं ने बताया कि कई दिनों से बैंक में भीड़ होने के कारण अभी तक उनका काम नहीं हो पाया है। काम छोड़कर रोजाना बैंकों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है।

## घर-घर जाकर दुकानदार करेंगे ई-केवाईसीः एमओ

**समय पर काम पूरा करने का निर्देश**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों के लिए 21 मार्च से एक सप्ताह के लिये ई केवाईसी सप्ताह मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रभारी एमओ मनोज कुमार ने बताया कि राशन कार्डधारी (पीला कार्ड एवं गुलाबी कार्ड) का शत प्रतिशत ई केवाईसी ससमय पूर्ण करने को लेकर 21 से 27 मार्च तक ई केवाईसी सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान पीडीएस दुकानदार अपने अपने कार्डधारक के घर-घर जाकर लाभुकों का ई केवाईसी का कार्य करेंगे। साथ ही जिस कार्डधारक का ई- केवाईसी किसी कारणवश नहीं हो पा रहा है। उसकी सूची भी बनाकर कार्यालय में जमा करेंगे। ससमय कार्य नही करने वाले पीडीएस दुकानदार पर सख्त कारवाई की जाएगी।

## शहरी क्षेत्र में सुबह 10 बजे तक बारिश, दिनभर बादलों की आवाजाही



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में शुक्रवार को सुबह से लेकर 10 बजे तक लगातार बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। इसके बाद बारिश तो थम गई, लेकिन दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही। इस बदलाव से अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बारिश के कारण सुबह की आर्द्रता 87% तक पहुंच गई, जबकि शाम तक यह घटकर 74% रह गई। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह 10 बजे तक 7.00 मिमी वर्षा दर्ज की गई। ठंडी हवाओं के कारण दिनभर मौसम सुहावना बना रहा, जिससे लोगों को उमस से राहत मिली।

### सुबह की बारिश से सड़कें भीगीं, दिनभर रही ठंडी हवाएं

सुबह की बारिश के कारण शहर की कई सड़कें गीली रहीं और कुछ जगहों पर हल्का जलजमाव भी देखने को मिला। हालांकि, बारिश रुकने के बाद धूप नहीं निकली और ठंडी हवाओं के चलते मौसम खुशनुमा बना रहा।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बारिश रबी फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। खेतों में नमी बढ़ने से गेहूं और सरसों की फसलों को लाभ मिलेगा।

### आने वाले 24 घंटे में क्या रहेगा मौसम का मिजाज?

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 24 घंटों तक बादल छाए रहने की संभावना है, हालांकि बारिश की संभावना कम है। ठंडी हवाओं के कारण तापमान में हल्की गिरावट रह सकती है, जिससे मौसम खुशनुमा बना रहेगा।

### दो दिवसीय बस्ता रहित कार्यशाला का समापन

## सीखे गए ज्ञान को विद्यार्थियों तक प्रभावी रूप से लागू करें : प्राचार्या




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) द्वारा दो दिवसीय बस्तारहित कार्यशाला का आयोजन सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, केजी गर्ल्स स्कूल, मेदिनीनगर में गुरुवार और शुक्रवार को किया गया। कार्यशाला का समापन डायट प्राचार्या अमृता सिंह और प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह के उद्बोधन से हुआ।

डायट प्राचार्या ने बस्तारहित शिक्षा कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि इस कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान को विद्यार्थियों तक प्रभावी रूप से लागू किया जाए, जिससे अधिक से अधिक छात्रों को लाभ मिल सके। वहीं, प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत वर्णित मॉड्यूल पर चर्चा की। उन्होंने विद्यालयों में पूर्व-व्यावसायिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन और उनकी सार्थक परिणीति पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला के दौरान श्यामलाल उरांव ने कार्यक्रम का संचालन किया। संकाय सदस्यों मो. हसन रजा, नूतन कुमारी, मृत्युंजय कुमार, मो. शाहिद अनवर, जितेंद्र कुमार तिवारी और मास्टर ट्रेनरों के मार्गदर्शन में सत्र संपन्न हुए। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में 240 विद्यालयों के 430 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों ने बस्तारहित दिवस की अवधारणा और इसके महत्व पर अपने विचार साझा किए। अंत में, प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यशाला के समापन की घोषणा की।

## पेज एक के शेष

### आईपीएल 2025 का...

खास बात यह है कि कोलकाता का ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स आईपीएल 2025 के ओपनिंग मैच की मेजबानी करेगा और यहीं पर सीजन का अंतिम मैच यानी फाइनल भी खेला जाएगा। आईपीएल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी ईडन गार्डन्स में 22 मार्च यानी शनिवार को शाम 6 बजे होगी, जिसमें श्रेया घोषाल, दिशा पाटनी जैसी मशहूर बॉलीवुड हस्तियां अपनी प्रस्तुति देंगी। ओपनिंग सेरेमनी का प्रसारण भी टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकता है। आईपीएल में हर सीजन में कोई न कोई बड़ा रिकॉर्ड टूटता है और नए कीर्तिमान बनते हैं। इस सीजन में भी बड़े रिकॉर्ड्स पर नजर रहेगी। अभी तक इस लीग के इतिहास के टॉप सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर में क्रिस गेल द्वारा 2013 सीजन में खेली गई नाबाद 175 रनों की पारी अभी भी टॉप पर है। गेल ने यह पारी मात्र 66 गेंदों पर खेली थी।

### राज्य की स्वास्थ्य...

जन्म के साथ होने वाली बीमारियों की जांच के साथ इलाज की व्यवस्था होनी चाहिए : मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बच्चों में जन्म के साथ कई बीमारियां हो जाती है। बीमारियों का अगर समय पर इलाज नहीं हुआ तो बच्चे की स्थिति काफी खराब हो सकती है । ऐसे में जरूरी है कि नवजात में होने वाली बीमारियों की प्रॉपर जांच के साथ उसका तुरंत समुचित इलाज होना चाहिये। इस दिशा में भी हमारी सरकार ने कई ठोस कदम उठाया हैं, ताकि बच्चों को रोग मुक्त रख सकें।

**यूनिसेफ जैसे संस्थाओं की भागीदारी काफी सराहनीय :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के दूर- दराज के इलाकों में रहने वाले गरीब ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भागीदारी रही है। आज राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है। हमारा प्रयास है कि जंगल, पहाड़ों, तलहटी और सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी इलाज की अच्छी सुविधा उपलब्ध करा सकें और इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कई रोगों के उन्मूलन की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र महतो, मंत्री सुदिव्य कुमार , विधायक कल्पना सोरेन समेत कई और विधायक, यूनिसेफ की आस्था अलंग एवं डॉ कनीनिका मित्रा तथा अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

### चतरा में जुड़वा...

प्रतापपुर पुलिस ने करिहारा गांव पहुंचकर शव का पंचनामा किया और कब्जा में ले लिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि शिवि देवी अपने दो बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। जब उसके ससुर घर पर आए तो उन्होंने देखा कि बहू और जुड़वा बच्चों का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीण जमा हो गए। इसके बाद हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। मृतका का पति दिलीप यादव दिल्ली में मजदूरी करता है। चार साल पहले उसकी शादी हुई थी। कुछ महीने पहले उसे जुड़वा बच्चे हुए थे।

### झारखंड विधानसभा में...

लेकिन सोनू जी बहुत जानकार हैं, हर चीज में फुदकते रहते हैं। हालांकि कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने भी समर्थन किया और कहा कि वे संसदीय कार्य की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। दरअसल प्रदीप यादव ने गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज का मुद्दा उठाया था। इसका जवाब इरफान अंसारी ने दिया और कहा कि पांच बार विधायक बनने के बाद भी नर्सिंग कॉलेज नहीं बनवा सके। जवाब में प्रदीप यादव ने कहा कि सवाल ठीक से पढ़िए। गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज बनकर तैयार है। सवाल पूछा है कि वहां पढ़ाई कब से शुरू होगी। यादव के सवाल का जवाब इरफान अंसारी तो नहीं दे सके, उल्टे उन्हीं से सवाल कर दिया कि आप ही बता दें कि कॉलेज कब बना था। इसी बीच प्रभारी संसदीय कार्यमंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि विषयों पर कटाक्ष करना ठीक नहीं है। सदन की मयार्दा का ध्यान रखा जाए। उनकी इस बात का कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने भी समर्थन किया और कहा कि वे संसदीय कार्यमंत्री की जिम्मेवारी निभा रहे हैं। सुदिव्य की बात सुनकर मंत्री इरफान उनसे भिड़ गए। कहा कि यह मामला मेरे और प्रदीप यादव के बीच का है। लगता है कि मंत्री जी बहुत जानकार हो गए हैं। इसी बात पर मंत्री सुदिव्य ने कहा कि यह सदन किसी की व्यक्तिगत सम्पत्ति नहीं है। यह लोकाचार है और लोकाचार में माननीय मंत्रीजी अगर उचित नहीं कर रहे हैं तो रोका जाना चाहिए।

### मंत्री राधाकृष्ण किशोर...

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का स्वास्थ्य पिछले कुछ दिनों से खराब था। उन्हें खांसी की शिकायत थी। बुधवार की रात सांस लेने में उन्हें काफी तकलीफ होने लगी। खांसी की समस्या काफी बढ़ जाने के बाद मंत्री राधाकृष्ण किशोर को रांची के ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। इससे लोगों को रहने के लिए भी मुश्किल खड़ी हो गई है। लोहरदगा में इतनी भारी मात्रा में ओलावृष्टि हुई कि लोगों के एस्बेस्टस के घर तक क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग ने झारखंड में बारिश और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया था। प्रशासन ने तैयारियां भी की हुई थीं, लेकिन इस तरह की ओलावृष्टि और बारिश का अंदाजा किसी को नहीं था। दो दिन तक लगातार बारिश और ओलावृष्टि से कई इलाकों में फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में झारखंड के किसानों को राहत मिलने के आसार कम ही दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि मौसम विभाग ने 22 मार्च तक ओलावृष्टि और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। झारखंड के मौसम को लेकर अपडेट देते हुए मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश का मौसम दो दिन और खराब रहेगा। आईएमडी ने बताया कि 22 मार्च तक बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहेगा। ऐसे में फसलों को और नुकसान होने की संभावना है।

## तीसरे जुमा की नमाज अदा, अमन-चैन की दुआएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रमजान माह के तीसरे जुमा पर पलामू जिले की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरी अकीदत के साथ जुमा की विशेष नमाज अदा की और अमन-चैन के लिए दुआ मांगी। शहर की प्रमुख मस्जिदों–छह मुहान स्थित जामा मस्जिद, चौक बाजार मस्जिद, पहाड़ी मुहल्ला स्थित नूरी मस्जिद, कुंड मुहल्ला की मिल्लत मस्जिद, मुस्लिम नगर की मदीना मस्जिद, नावाटोली की मस्जिद-ए-हेरा सहित जिले की सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। मुफ्ती मुजीबुल्लाह ने तकरीर में रोजे की अहमियत और उसकी फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजा मुसलमानों पर फर्ज है और इसे ईमान व सवाब की नीयत से रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि रमजान माह में कुरान मजीद का अवतरण हुआ, इसलिए इसकी विशेष महत्ता है। रोजेदारों को अपने रोजे की हिफाजत के लिए परहेजगारी अपनानी चाहिए और अधिक से अधिक इबादत व कुरान की तिलावत करनी चाहिए।

**ईद की तैयारियों में जुटेंगे लोग :** तीसरे जुमा के बाद अब लोग ईद की तैयारियों में भी जुट जाएंगे।

### मनरेगा योजना में जेसीबी से काम, जांच की मांग

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत निवासी रामाशीष यादव ने बीपीओ नीरज कुमार पाल को आवेदन देकर मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन से काम कराने की शिकायत किया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि परती कुशवानी पंचायत के मध्य विद्यालय आमवाडीह के प्रांगण में मनरेगा योजना से खेल मैदान का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें मजदूरों से काम कराने के बजाय जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर से काम कराया जा रहा है। इससे पंचायत के मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। इस योजना में मजदूरी मद का 75 हजार 616 रू का निकासी भी कर लिया गया है। ग्रामीण ने इसकी जांच कर संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### उन्नति के पहिया कार्यक्रम के तहत 105 विद्यार्थियों को मिली साइकिल

**रमना।** उन्नति के पहिया कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2024-25 के वर्ग आठवीं में अध्ययनरत्त छात्रों के बीच शुक्रवा को साइकिल वितरण किया गया। सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय द्वारा राज्यकीय मध्य विद्यालय सिरियाटोंगर के 76 और राज्यकीय मध्य विद्यालय बुल्का के 29 बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया। मौके पर विकास पांडेय ने कहा कि बच्चों को विद्यालय आने-जाने में होने वाले समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा इस योजना को चलाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी गांव में हाई स्कूल नहीं है और आठवीं के बाद दूरदराज के बच्चों को पैदल विद्यालय जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राहुल प्रकाश एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### झामुमो ने एसपी का आभार व्यक्त किया

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चिनियां में योगेंद्र साव गोलीकांड उद्भेदन पर गढ़वा पुलिस प्रशासन और पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया है। झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि राज्य सरकार अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अमन साहू का एनकाउंटर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने होली के दौरान ही वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण को लेकर कड़े निर्देश दिए थे।

## बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे एंबुलेंस, प्रशासन बेखबर



### स्वास्थ्य और परिवहन विभाग पर उठ रहे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक ओर प्रशासन जिले में रोजाना वाहन चेकिंग अभियान चला रहा है, वहीं शहर से लेकर प्रखंड स्तर तक कई एंबुलेंस बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे हैं, लेकिन इस पर किसी की नजर नहीं जा रही। अगर इन एंबुलेंस से कोई दुर्घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? पलामू जिले में सिविल सर्जन आवास पर कई ऐसे एंबुलेंस खड़े हैं, जिनमें नंबर प्लेट नहीं लगी है। कुछ एंबुलेंस में सिर्फ आगे नंबर प्लेट है, लेकिन पीछे नहीं। इससे स्वास्थ्य विभाग और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि सरकारी वाहनों पर नियम-कानून लागू ही नहीं होते।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय में दो एंबुलेंस ऐसे भी मिले, जो दवा लेने आए थे–एक पांकी और दूसरा छतरपुर उप-स्वास्थ्य केंद्र के लिए, लेकिन इनमें आगे और पीछे कहीं भी नंबर प्लेट नहीं लगी थी। प्रशासन को इस लापरवाही पर जल्द कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित, किसान चिंतित

# मौसम में बढ़ी ठंडक, सड़कों पर फैला कीचड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछले दो दिनों से जिले में रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। तेज हवाओं और मेघ गर्जन के साथ हुई 7 मिमी वर्षा से तापमान में गिरावट आई, जिससे ठंडक बढ़ गई। अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बारिश के कारण घड़ा पट्टी, कन्नीराम चौक, मुख्य सब्जी बाजार, गणपति धर्मशाला रोड समेत कई इलाकों में कीचड़ फैल गया, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हुई। सब्जी विक्रेताओं और ग्राहकों को खासतौर पर परेशानी का सामना करना पड़ा।



### किसानों की चिंता बढ़ी

बारिश से ठंड बढ़ने के साथ ही किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। वे गेहूं, चना, मटर, सरसों, आलू और प्याज जैसी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जता रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा, तो फसलों को भारी क्षति हो सकती है। कृषि विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 23 मार्च तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। हल्की बारिश जहां रबी फसलों के लिए फायदेमंद मानी जाती है, वहीं अधिक बारिश नुकसानदायक साबित हो सकती है।

### बीमारियों का खतरा बढ़ा

मौसम में आए बदलाव से सर्दी, खांसी और जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ गई है। अगर मौसम का यही रुख जारी रहा, तो जल्द ही स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की भीड़ उमड़ सकती है।

### शहर की सड़कों पर फैला कीचड़, वाहन चालकों को परेशानी

नगर निगम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजना के तहत खोदी गई सड़कों पर बारिश के बाद कीचड़ फैल गया है। हमीदगंज, बीएन कॉलेज रोड, बैरिया और बारालोटा जैसे इलाकों में राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाइक चालकों के फिसलने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

## शहर से होकर गुजरी संविधान सम्मान रक्षा यात्रा

मेदिनीनगर। रांची के पुराने विधानसभा से 8 मार्च को निकली संविधान सम्मान रक्षा यात्रा शुक्रवार को मेदिनीनगर पहुंची। यह यात्रा रेडमा ओवरब्रिज, कचहरी चौक और छहमुहान समेत शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरी। यात्रा के आगे-आगे बैंड पार्टी चल रही थी, जो लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। इस यात्रा में आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग के विभिन्न दलों के लोग शामिल हुए। वे संविधान की रक्षा और जागरूकता बढ़ाने से जुड़े नारे लगाते हुए चल रहे थे। इसके साथ ही, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लगा वाहन भी यात्रा में शामिल था, जो प्रतिभागियों के पीछे-पीछे चल रहा था। यात्रा के उद्देश्य पर जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि यह यात्रा राज्य के प्रत्येक जिले में चलाई जा रही है।

# लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट बंद, 1300 फ्लाइट कैंसिल

**हीथ्रो** ब्रिटेन का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है

**1300** प्लेन यहां पर हर दिन लगभग टेकऑफ और लैंड करते हैं



## 3 लाख पैसेंजर प्रभावित, पावर स्टेशन में आग लगने से सभी ऑपरेशन रोके गए

**एजेंसी । लंदन**

ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हीथ्रो एयरपोर्ट को आज यानी शुक्रवार को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन में गुरुवार रात आग लगने की वजह से एयरपोर्ट की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इसके चलते 1300 फ्लाइट्स सस्पेंड हुई हैं, जिनसे 2 लाख 91 हजार पैसेंजर्स प्रभावित हुए हैं। आग वेस्ट लंदन के हेस में लगी थी। इस वजह से 5 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल हुई। करीब 150 लोगों को यहां से सुरक्षित निकाला गया है। लंदन फायर ब्रिगेड ने 70 फायर फाइटर्स के साथ शुक्रवार सुबह तक ज्यादातर आग पर काबू पा लिया। हालांकि अभी तक पूरी तरह आग बुझी नहीं है। ब्रिटेन की काउंटर टेररिज्म पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सबस्टेशन पर लगी आग के पीछे किसी का कोई गलत इरादा तो नहीं था।



लंदन जाने वाली फ्लाइट कैंसिल होने के बाद रोम के फ्यूमिसीनो एयरपोर्ट पर इंतजार करता एक व्यक्ति

### 10 दिन पहले जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स में फ्लाइट्स ठप हुई थीं

9 मार्च को जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल बुलाई थी। इसकी वजह से सोमवार (भारतीय समयानुसार) को पूरे देश की हवाई यात्रा ठप हो गई। हड़ताल से पूरे देश में 13 प्रमुख एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स भी शामिल हैं। इसके चलते 5 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए। देश की 25 लाख सरकारी कर्मचारियों वाली वेरडी यूनियन ने सैलरी बढ़ाने की मांग लेकर इस हड़ताल का ऐलान किया था। जर्मनी के समय के मुताबिक ये हड़ताल 10 मार्च से शुरू होनी थी, लेकिन इसे तय समय से एक दिन पहले ही शुरू कर दिया गया।

# अमेरिका डाल-डाल तो चीन पात-पात

**ब्यूरो**

- **ट्रम्प के यार मस्क की टेस्ला की गीगाफैक्ट्री मात्र 4.5 वर्ग मील में फैली है**
- **चीन की बीवाईडी का झेंग्झू प्लांट 32,000 एकड़ ( 50 वर्ग मील) में**
- **जो अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर (46.9 वर्ग मील ) से भी बड़ा है**
- **टेस्ला मॉडल 3 की कीमत 30 लाख से शुरू, बीवाईडी की सॉन्ग प्रो डीएम-आई की कीमत 19 लाख से**
- **भारत को भी है बड़ी चुनौती**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व उनके उद्योगपति यार एलन मस्क की हर चाल की काट के लिए चीन उन दोनों से भी तेज़ी से दाव चल रहा है। ट्रम्प ने मस्क की कंपनी के कार टेस्ला को आगे बढ़ाने के लिए टेस्ला कार खरीद कर उसका प्रचार किया। ट्रम्प सरकार मस्क के हर धंधे को बढ़ाने में लगी है। लेकिन उसकी काट में चीन क्या कर रहा है यह जानकर बहुतों को अचरज हो रहा है। चीन की इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली बड़ी कंपनी बीवाईडी झेंग्झू में अपनी फैक्ट्री को बहुत तेजी से बढ़ा रहा है। पूरी बनने के बाद यह फैक्ट्री इतनी बड़ी हो जाएगी कि अमेरिका के एक बड़े शहर सैन फ्रांसिस्को से भी बड़ी होगी। रेडिट पर एक वीडियो में इस विशाल फैक्ट्री को दिखाया गया है। इसमें उत्पादन के लिए इमारतें, ऊंचे हॉस्टल, फुटबॉल का मैदान, टेनिस कोर्ट और सड़कों का जाल है। निर्माण कार्य भी चल रहा है। इससे पता चलता है कि यह फैक्ट्री और भी बड़ी होने वाली है। अख़बार द सन के अनुसार, बीवाईडी का झेंग्झू प्लांट टेस्ला की नेवादा गीगाफैक्ट्री से भी बड़ा होगा। टेस्ला की गीगाफैक्ट्री 4.5 वर्ग मील में फैली है। पूरी तरह से बनने के बाद बीवाईडी की फैक्ट्री लगभग 32,000 एकड़ यानी 50 वर्ग मील में फैली होगी। यह सैन फ्रांसिस्को शहर से भी बड़ी होगी, जो 46.9 वर्ग मील में फैला है। इस प्रोजेक्ट को आठ चरणों में बनाया जा रहा है। अभी आखिरी चार चरणों का काम चल रहा है। इससे यह फैक्ट्री दुनिया की सबसे बड़ी उत्पादन साइटों में से एक बन जाएगी फैक्ट्री में 60,000 कर्मचारी ड्रोन से लिए गए वीडियो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दीं। एक रेडिट यूजर ने कहा, 'वीडियो के नीचे जो 10 मंजिला इमारतें हैं, वे छात्रावास हैं। यह बहुत बड़ा है।' एक लिंक्डइन यूजर ने कमेंट किया, 'एशियाई फैक्ट्रियां छोटे यूरोपीय शहरों की तरह होती हैं। इनमें बस लाइनें, हॉस्टल, मनोरंजन क्षेत्र आदि होते हैं।' एक व्यक्ति ने मजाक में पूछा, 'मैं अपना रिज्यूमे कहां भेज सकता हूं?' जबकि दूसरे ने कहा, 'यह एक अच्छा वीडियो गेम मैप बन सकता है।'

द सन के अनुसार, पिछले महीने तक झेंग्झू फैक्ट्री में लगभग 60,000 कर्मचारी थे। बीवाईडी (BYD) में कुल मिलाकर 9,00,000 से अधिक लोग काम करते हैं। कंपनी अब अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ा रही है। चाइना डेली के मुताबिक, झेंग्झू ब्रांच इस साल की पहली तिमाही में 20,000 नए कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। नौकरी ढूंढने वालों के लिए एक भर्ती साइट बनाई गई है। यहां सामान रखने की जगह भी है। जो लोग इंटरव्यू और मेडिकल चेक पास कर लेते हैं, वे तुरंत अनुबंध पर हस्ताक्षर करके कंपनी में शामिल हो सकते हैं। हॉस्टल में उनके रुकने की व्यवस्था है। मालूम हो कि झेंग्झू फैक्ट्री ने बीते वर्ष अप्रैल में अपनी पहली गाड़ी सॉन्ग प्रो डीएम-आई बनाई थी। इस मॉडल की कीमत 17,600 पाउंड (लगभग 19.7 लाख रुपये) से ज्यादा थी( जबकि टेस्ला की सबसे सस्ती कार, मॉडल 3, की अमेरिका में अनुमानित कीमत 31 लाख रुपये के लगभग है)। यह इस साइट पर बड़े पैमाने पर उत्पादन की शुरुआत थी। उसके बाद से बीवाईडी ने उत्पादन में काफी बढ़ोतरी की है। कंपनी ने शुरू में 2024 में 36 लाख नए एनर्जी व्हीकल बेचने का टारगेट रखा था। मजबूत मांग और उत्पादन क्षमता बढ़ने से कंपनी ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। साल के अंत तक बीवाईडी ने 42.5 लाख गाड़ियां बेचीं। इस सफलता से उत्साहित होकर कंपनी अब और भी बड़ा लक्ष्य रख रही है। 2025 के लिए कंपनी ने 52.5 लाख कारें बेचने का टारगेट रखा है।यह फैक्ट्री दिखाती है कि चीन कितनी तेजी से विकास कर रहा है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन बाजार है। बीवाईडी चीन की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी है। बीवाईडी दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहन बेचती है।इससे भारत को भी बहुत बड़ी चुनौती है। क्योंकि भारत को विनिर्माण क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर उत्पादन को प्रोत्साहित करना बड़ी चुनौती है। उसे ईवी उद्योग में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए इनोवेशन व टेक्नोलॉजी में निवेश करना होगा। अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही भारत को ईवी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी सरकारी नीतियां व प्रोत्साहन लागू करने की आवश्यकता है। उसे बुनियादी ढांचे के विकास और कुशल श्रम शक्ति पर ध्यान देना होगा। सुनिश्चित करना होगा कि उसके ईवी उद्योग में विदेशी निवेश के साथ घरेलू कंपनियों को भी समान अवसर मिलें। भारत को ईवी बैटरी और अन्य महत्वपूर्ण कम्पोनेंट के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की जरूरत है।

## पाकिस्तान : अस्पताल में घुसे प्रदर्शनकारी, ट्रेन हाइजैक करने वाले आतंकियों के शव लेकर भागे

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा के सिविल अस्पताल में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी घुस गए और कई शवों को अपने साथ लेकर भाग गए। माना जा रहा है कि ये शव बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादियों के हैं, जिन्होंने हाल ही में बोलन में जाफर एक्सप्रेस यात्री ट्रेन पर हमला किया था। सिविल अस्पताल के बाहर यह प्रदर्शन विवादास्पद बलूच अधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच के नेतृत्व वाले संगठन बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) ने किया था। प्रदर्शन में लापता व्यक्तियों के परिवार के सदस्य अधिकारियों से शवों की पहचान करने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारी जबरन मुर्दाघर में घुसने में सफल रहे और कम से कम पांच शवों को अपने साथ ले गए।

## अमेरिकी सरकार के शिक्षा विभाग पर लगा ताला, ट्रंप ने जारी किया कार्यकारी आदेश



**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शिक्षा विभाग को औपचारिक रूप से समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन शिक्षा को राज्यों को वापस लौटा रहा है। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में दिए भाषण में कहा, "मूलभूत जरुरतों से परे, मेरा प्रशासन विभाग को बंद करने के लिए सभी वैध कदम उठाएगा। राष्ट्रपति ने कहा, "हम इसे बंद करने जा रहे हैं और जितनी जल्दी हो सके बंद कर देंगे। ट्रंप ने अमेरिकी प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालयों में छात्रों के बीच पढ़ने और गणित में कम दक्षता का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग 'हमारे लिए कोई अच्छा काम नहीं कर रहा है।' उन्होंने कहा कि हमारा प्रशासन शिक्षा को राज्यों में वापस दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि विभाग के कार्य जैसे पेल ग्रांट, टाइटल I, विकलांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए वित्तपोषण संसाधन, 'पूरी तरह संरक्षित' रहेंगे और 'विभिन्न अन्य एजेंसियों और विभागों में पुनर्वितरित' किए जाएंगे। पेल ग्रांट संघीय वित्तीय सहायता का एक रूप है जो कम आय वाले स्नातक छात्रों को कॉलेज की फीस भरने में मदद करता है।

## अफगान नागरिकों को 31 मार्च तक छोड़ना होगा देश नहीं बढ़ेगी समय सीमा : पाक

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद ने पाकिस्तान में रह रहे अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों के लिए निर्वासन की समय सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया और कहा कि सभी बिना दस्तावेज वाले विदेशियों को 31 मार्च तक देश छोड़ना होगा। पाकिस्तान ने प्रत्यावर्तन की समग्र प्रक्रिया को लेकर संयुक्त राष्ट्र, कई मानवाधिकार समूहों और प्रासंगिक एजेंसियों की ओर से उठाई गई चिंताओं, आपत्तियों को भी दरकिनार कर दिया। शफकत अली खान ने कहा कि अवैध विदेशियों और एसीसी धारकों के लिए स्वेच्छा से पाकिस्तान छोड़ने की समय सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया।




### माउंट लेवोटोबी में विस्फोट

## 8,000 मीटर ऊंचाई तक फैली राख

**जकार्ता (आईएएनएस)।** इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में स्थित माउंट लेवोटोबी में विस्फोट हुआ। इसके बाद ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने अलर्ट की स्थिति को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया। गुरुवार को आधी रात से पहले हुए विस्फोट से 8,000 मीटर तक की ऊंचाई तक राख फैल गई। काले बादल क्रेटर (ज्वालामुखी के शीर्ष पर एक गड्ढा) के दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम में फैल गए।

## सूडान गृहयुद्ध में बड़ा मोड़, सेना का राष्ट्रपति भवन पर फिर से कब्जा



**दुबई/काहिरा (आईएएनएस)।** सूडानी सेना ने शुक्रवार को खार्तूम के डाउनटाउन में राष्ट्रपति भवन पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। हाल के हफ्तों में सेना ने शहर में प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। खार्तूम पर फिर से कब्जा करना सेना के लिए एक बड़ी प्रतीकात्मक जीत है और संघर्ष में एक निर्णायक मोड़। राष्ट्रपति महल का ऐतिहासिक और राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है। राष्ट्रपति का महल खार्तूम के मध्य में है। यह वह क्षेत्र है जिसमें अधिकांश सरकारी मंत्रालय और वित्तीय संस्थान शामिल हैं।

## जयशंकर ने बोलीविया की विदेश मंत्री से की मुलाकात, द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया की विदेश मंत्री सेलिंडा सोसा लुंडा से गुरुवार को मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "आज (गुरुवार) दोपहर बोलीविया की विदेश मंत्री सेलिंडा सोसा लुंडा के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर व्यापक चर्चा हुई। हाल ही में ला पाज में हमारे नए दूतावास का उद्घाटन आईएनबीओ साझेदारी को और गहरा करने के हमारे संकल्प को दर्शाता है। आज त्वरित प्रभाव परियोजनाओं पर समझौते पर हस्ताक्षर उस दिशा में एक और कदम है। उल्लेखनीय है कि बोलीविया की विदेश मंत्री सेलिंडा सोसा लुंडा, हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जार्टो, नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी मंगलवार को रायसीना डायलॉग के 10वें संस्करण में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। रायसीना डायलॉग 2025, जो विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा 17-19 मार्च तक दिल्ली में आयोजित हुआ। यह सम्मेलन देश का प्रमुख मंच है, जो भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर केंद्रित है और वैश्विक समुदाय के सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए समर्पित है।

**कहानी फिल्म जगत की**

# कियारा आडवाणी ने टॉक्सिक में काम करने के लिए 15 करोड़

अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने कन्नड़ सुपरस्टार यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' में काम करने के लिए मोटी रकम ली है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, कियारा आडवाणी ने फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए 15 करोड़ रुपये लिए हैं। अभिनेत्री की हालिया फिल्मों की सफलता और अपनी लोकप्रियता बढ़ने के बाद उन्होंने अपनी फीस भी बढ़ा दी।

### प्रियंका और दीपिका भी लिस्ट में शामिल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण ने फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए 23 करोड़ रुपये चार्ज किए थे। अन्य कुछ रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस एसएस राजामौली की अगली फिल्म SSMB29 के लिए 35 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं।

### डीवा साउथ इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो गई है कियारा

अभिनेत्री कियारा आडवाणी, जो जल्द ही मां बनने वाली हैं, एक बार फिर चर्चा में हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक कियारा ने कन्नड़ सुपरस्टार यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' में काम करने के लिए मोटी रकम ली है। इस फीस के साथ ही बॉलीवुड की यह डीवा साउथ इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, कियारा आडवाणी ने फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए 15 करोड़ रुपए लिए हैं। आडवाणी को आखिरी बार फिल्म गेम चेंजर में देखा गया था। अभिनेत्री की हालिया फिल्मों की सफलता और अपनी लोकप्रियता बढ़ने के बाद उन्होंने अपनी फीस भी बढ़ा दी।

### 'टॉक्सिक' के बारे में

'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' नाम की यह फिल्म कन्नड़ और इंग्लिश दोनों में एक साथ में बनाई जा रही है। फिल्म में कियारा और यश के अलावा डैरेल डी' सिल्वा और अक्षय ओबेरॉय भी मेन रोल में नजर आएंगे। पहले फिल्म अप्रैल में रिलीज होने वाली थी, लेकिन प्रोडक्शन में हुई देरी के कारण इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। कियारा आडवाणी के वर्कफ्रंट की बात करें तो, वह जल्द ही ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ 'वॉर 2' में नजर आएंगी। यह फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा होगी।



